चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 13 अप्रैल 2024
वर्ष 34, अंक 76, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सैनिक के कटे हाथ को जोड़ने में मिली सफलता 14

भोजपुरी फिल्म 'डंस' की शूटिंग मुम्बई में जारी 2

## कुत्तों ने बच्ची को नोचकर मार डाला

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

- गांव बहलोलपुर में ईंट भट्ठे के पास हुई घटना, घायल बच्ची ने जिला अस्पताल में तोड़ा दम



**अमृत विचार :** गांव बहलोलपुर स्थित ईंट भट्ठे के मजदूर की चार साल की बेटी को कुत्तों ने नोचकर घायल कर दिया। बच्ची को परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया वहां उसकी मौत हो गई।

परिजनों ने बताया कि हसनपुर क्षेत्र के गांव गंगेश्वरी के टिंकू बहलोलपुर के ईंट भट्ठे पर काम करता है और वहीं परिवार के साथ रहता है। शुक्रवार सुबह टिंकू की पत्नी कमलेश चार वर्षीय बेटी दिव्यांशी को खेत ले गई। वह उसे खेत में बैठाकर पानी लेने के लिए भट्ठे पर आ गई। इस बीच भट्ठा ठेकेदार टीटू ईंट बनाने वाले स्थान की ओर गया तो वहां सात-आठ कुत्ते बच्ची को नोच रहे थे। कुत्तों ने उसके सारे शरीर पर जख्म कर दिए। खून से लथपथ बच्ची को परिजन सीएचसी ले गए। जहां से चिकित्सक ने उसको जिला अस्पताल भेज दिया जहां देर शाम बच्ची की मौत हो गई।

### बच्ची के गाल का मांस नोच ले गया गीदड़ हालत गंभीर

**चन्दौसी।** बिलारी क्षेत्र के गांव जरगांव में अवधेश की तीन वर्षीय बच्ची आरूषी पर गीदड़ ने हमला कर गाल का मांस नोच लिया। हादसे के वक्त परिजन गेहूं की कटाई कर रहे थे, बच्ची पेड़ के नीचे बैठी थी। घायल बच्ची को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से डाक्टरों ने हायर सेंटर भेज दिया। बच्ची की दादी वीरवती ने बताया कि शुक्रवार सुबह घरवाले गेहूं की कटाई कर रहे थे। बच्ची पेड़ के नीचे बैठी थी। गीदड़ वहां आया और आरूषी पर हमला कर दिया।

## अब के कविता 15 तक सीबीआई की हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

आबकारी घोटाला



दिल्ली की एक अदालत ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शुक्रवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मामले में 15 अप्रैल तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया।

विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और कविता के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश जारी किया। सीबीआई ने कविता (46) को तिहाड़ जेल में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया था, जहां उन्हें कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद रखा गया है। सीबीआई ने कविता को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) के साथ धारा 477-ए (खातों में हेराफेरी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 (लोक सेवक को रिश्वत देने के आरोप में संबंधित अपराध) के तहत गिरफ्तार किया।

### 'आप' को डर, दिल्ली में लग सकता है राष्ट्रपति शासन

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने जताई आशंका, भाजपा पर लगाया साजिश का आरोप



नई दिल्ली। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए एक बड़ी राजनीतिक साजिश रच रही है। आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी उनकी सरकार को गिराने के लिए एक राजनीतिक साजिश है। हमें विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि आने वाले दिनों में दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाएगा। लेकिन दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना गैरकानूनी और जनादेश के खिलाफ होगा। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि राष्ट्रपति शासन का डर आम आदमी पार्टी को सता रहा है, जिसके पास विधानसभा में 62 विधायक हैं। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि पिछले कुछ महीनों में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जो इस आशंका की ओर इशारा करती हैं। मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के किसी वरिष्ठ अधिकारी को दिल्ली में तैनात नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, ''विभागों में पद खाली पड़े हैं लेकिन कोई तैनाती नहीं हुई है।

### कोर्ट का ईडी, सीबीआई को नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आम चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते आबकारी मामलों में अंतरिम जमानत देने का अनुरोध करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तथा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों को 20 अप्रैल तक अपना जवाब देने का निर्देश दिया।

### एक नजर

#### नामांकन को मनमाने तरीके से रद करने पर रोक के लिए याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों को रद करने में निर्वाचन अधिकारियों (आरओ) द्वारा विवेकाधिकार के मनमाने प्रयोग पर रोक लगाने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 36 में चुनाव के दौरान आरओ द्वारा नामांकन पत्रों की जांच किए जाने का प्रावधान है और इस अधिनियम की उपधारा चार में कहा गया है कि आरओ किसी नामांकन पत्र को किसी ऐसी त्रुटि के आधार पर रद नहीं करेगा जो गंभीर प्रकृति का नहीं हो। बिहार की बांका सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र आरओ द्वारा खारिज किये जाने के बाद जवाहर कुमार झा ने शीर्ष अदालत का रुख किया और नामांकन पत्र को खारिज किये जाने को चुनौती दी।

#### शिक्षक भर्ती घोटालों में 365 की संपत्ति कुर्क : ईडी

**नई दिल्ली।** ईडी ने कहा कि उसने पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़ी दो अलग-अलग धनशोधन जांच के तहत अब तक 365 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क कर ली है। ईडी ने कहा कि उसने राज्य में सहायक शिक्षक भर्ती 'घोटाले' के सिलसिले में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) के एक पूर्व सलाहकार और एक कथित बिचौलिए की 230 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त करने के लिए धन शोधन रोधी कानून के तहत एक नवीनतम आदेश जारी किया है।

#### 15 को जेल में केजरीवाल से मिलेंगे मुख्यमंत्री मान

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान 15 अप्रैल को तिहाड़ जेल में आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल से मिलेंगे। जेल अधिकारियों ने बताया कि दोपहर बाद कड़ी सुरक्षा में 'मुलाकात जंगला' में यह मुलाकात होगी, क्योंकि मान को जेड प्लस सुरक्षा मिली है। गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल से सुनीता और उनके पूर्व निजी सचिव बिभव कुमार ने तीन बार मुलाकात की है। तिहाड़ में केजरीवाल के साथ मान की संभावित मुलाकात के दौरान सुरक्षा को लेकर जेल, दिल्ली एवं पंजाब पुलिस के अधिकारियों ने शुक्रवार को चर्चा की।

## मोदी बोले- आंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते

### भाजपा पर संविधान को नष्ट करने के विपक्ष के आरोपों पर किया पलटवार

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के संविधान को केंद्र सरकार के लिए गीता, रामायण, महाभारत एवं कुरान करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि बाबा साहब आंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते। मोदी ने भाजपा पर संविधान को नष्ट करने के विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा, सब कुछ हमारे लिए हमारा संविधान ही है। वह सीमावर्ती बाड़मेर में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश-विरोधी ताकतों के साथ खड़ी है। उन्होंने देश को कमजोर करने की कोशिश के लिए विपक्षी ''इंडिया'' गठबंधन पर हमला बोला। रैली का आयोजन बाड़मेर लोकसभा सीट पर पार्टी के उम्मीदवार और केंद्रीय राज्य मंत्री कैलाश चौधरी के समर्थन में किया गया था। मोदी ने कहा, एससी, एसटी, ओबीसी भाइयों के साथ दशकों तक भेदभाव करने वाली कांग्रेस आजकल एक पुरानी रेकार्ड बजा रही है। जब भी चुनाव आता है संविधान के नाम पर झूठ बोलना ''इंडी एलायंस'' के सभी साथियों का फैशन बन गया है। उन्होंने कहा, जिस कांग्रेस ने बाबा साहब के जीते जी उन्हें चुनाव हरवाया, जिसने बाबासाहेब को भारत रत्न नहीं मिलने दिया... जिस कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान को खत्म करने की कोशिश की, आज वही कांग्रेस मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठ की आड़ ले रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह मोदी है जिसने देश में पहली बार संविधान दिवस मनाना शुरू किया है। इन कांग्रेस वालों ने संविधान दिवस मनाने का विरोध किया था। संसद में उनका भाषण है। क्या यह बाबा साहब और संविधान का अपमान है या नहीं? इतना ही नहीं यह मोदी ही है जिसने बाबा साहब से जुड़े पंच तीर्थों का विकास किया। उन्होंने कहा,'' इसलिए बाबा साहब और संविधान का अपमान करने वाले कांग्रेस एवं इंडी अलायंस के झूठों से, उनकी गप्पबाजी से सावधान रहने की जरूरत है। ...और कांग्रेस वाले सुन लें कि ये 400 सीट की बात जनता ने इसलिए की है क्योंकि आपने दस साल संसद में मुझे अच्छे काम करने से रोकने की लगातार कोशिश की। इसलिए देश आपको सजा देना चाहता है। और उसने साफ कर देने का मन बना लिया है।



- बाड़मेर की चुनावी रैली में कहा- देश को कमजोर कर रही है कांग्रेस

### राम मंदिर कभी चुनावी मुद्दा न था और न कभी होगा :मोदी

**उधमपुर (जम्मू एवं कश्मीर)।** अयोध्या में राम मंदिर को भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा बताने को लेकर विपक्षी खेमे पर तीखा हमला करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह देश के लोगों के लिए आस्था का विषय है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों की मानसिकता की तुलना मुगलों से की और कहा कि उन्हें मंदिरों में तोड़फोड़ करके मजा आता था। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अपने वोट बैंकों को मजबूत करने के लिए सावन के महीने के दौरान मांस पकाने के वीडियो दिखाकर विपक्षी नेता बहुसंख्यक समुदाय को चिढ़ाने का काम करते हैं। उनका कहना है कि राम मंदिर भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा है। यह कभी चुनावी मुद्दा न था और न कभी चुनावी मुद्दा होगा। मोदी ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन तब शुरू हुआ था जब भाजपा का जन्म ही नहीं हुआ था। उन्होंने कहा, ''यह उस समय का मुद्दा था जब अंग्रेज आने वाले थे। यह 500 साल पुराना मामला है जब चुनाव के बारे में कोई विचार ही नहीं था। प्रधानमंत्री ने कहा कि मंदिर सहिष्णुता की जीत है। उन्होंने कहा, ''यह 500 साल के लंबे इंतजार के बाद मिली जीत है।

### रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामला

## एनआईए ने कोलकाता से दो आरोपियों को दबोचा

नई दिल्ली, एजेंसी



एनआईए की गिरफ्त में आरोपी।

- पहचान बदल कर कोलकाता में रह रहे थे दोनों आरोपी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में मुख्य साजिशकर्ता समेत दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि मुसव्विर हुसैन शाजिब और ए मथीन अहमद ताहा के कोलकाता स्थित एक ठिकाने पर होने की जानकारी के बाद टीम ने उन्हें दबोचा। शाजिब ने कैफे में विस्फोटक रखा था और ताहा विस्फोट की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का मुख्य साजिशकर्ता है।

अधिकारी ने बताया कि 12 अप्रैल की सुबह एनआईए ने कोलकाता के पास आरोपियों के होने का पता लगाने में सफलता हासिल की। आरोपी वहां पहचान बदल कर रह रहे थे। एनआईए, केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक तथा केरल की राज्य पुलिस एजेंसियों के बीच समन्वित कार्रवाई और सहयोग से इस काम को अंजाम दिया गया। एनआईए ने पिछले महीने इन दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। बेंगलुरु में ब्रुकफील्ड के आईटीपीएल रोड पर स्थित कैफे में एक मार्च को विस्फोट हुआ था और तीन मार्च को एनआईए ने इस मामले की जांच का जिम्मा संभाल लिया था।

### कोर्ट ने आरोपियों को 3 दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेजा

**कोलकाता।** शहर की अदालत ने बेंगलुरू कैफे विस्फोट मामले के दोनों आरोपियों को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया और एनआईए को उन्हें पूछताछ के लिए कर्नाटक ले जाने की अनुमति दे दी। सत्र अदालत के मुख्य न्यायाधीश ने एनआईए के अनुरोध पर उसे ट्रांजिट रिमांड की अनुमति दे दी। एनआईए ने कहा कि आरोपियों को कोलकाता से 190 किमी दूर पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा कस्बे में होटल से पकड़ा गया था।

## थाने में दरोगा ने गोली मारकर की आत्महत्या

संवाददाता, सीतापुर

- सुसाइड नोट में थानाध्यक्ष पर विवेचनाओं पर रुपये मांगने के लगाए आरोप

**अमृत विचार :** मछरेहटा थाने में तैनात दरोगा ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। दरोगा ने आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट लिखकर थानाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मछरेहटा थाने पर छह महीनों से तैनात दरोगा मनोज कुमार (54) निवासी ग्राम जलाला थाना कल्याणपुर जनपद फतेहपुर ने शुक्रवार सुबह 10:30 बजे सरकारी आवास से निकलकर थाना परिसर में सर्विस रिवाल्वर से गोली मार ली। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने दरोगा को मृत घोषित कर दिया। दरोगा की मौत के कुछ घंटे बाद सोशल मीडिया पर एक सुसाइड नोट वायरल हो रहा है, जिसमें दरोगा ने आरोप लगाया था कि सभी विवेचनाओं में थानाध्यक्ष रुपये की मांग करते हैं। मांग पूरी नहीं होने पर अभद्र टिप्पणी और अपमानित करते हैं। सीओ मिश्रिख राजेश यादव ने बताया की सुसाइड नोट की जांच कराई जा रही है। सुसाइड नोट में वर्कलोड सहित अन्य चीजों का जिक्र किया गया है।

## 14 में आए थे 24 में चले जाएंगे

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

### अखिलेश ने किया भाजपा पर सियासी हमला



- पूरनपुर की जनसभा में कहा- यूपी के लोग स्वागत अच्छा करते हैं तो विदाई भी धूमधाम से करेंगे
- किसान और नौजवान की आवाज उठाने वाले कर दिए पीछे, थार से रौंदने वालों का सम्मान

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग किसानों के पक्ष में थे, नौजवानों की बात उठा रहे थे और किसान की आवाज में अपनी आवाज को जोड़ रहे थे, उन्हें तो भाजपा ने पीछे कर दिया। सुनने में आया है कि उन्हें तो मंच पर भी जगह नहीं मिल रही। जो किसानों पर थार चला रहे थे उन्हें सम्मान दे दिया गया। भाजपा को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि जो 14 में आए थे, अब 24 में चले जाएंगे। उत्तर प्रदेश के लोग अगर स्वागत अच्छा करते हैं तो विदाई भी धूमधाम से करेंगे।

पूरनपुर में शुक्रवार को हुई चुनावी जनसभा में अखिलेश यादव ने सियासी वार किए। कहा कि पीलीभीत सीट पर गठबंधन प्रत्याशी भगवतसरन गंगवार से भाजपा के नेता घबराए हुए हैं। बड़े नेताओं से लेकर लखनऊ तक के नेता पीलीभीत के चक्कर काट रहे हैं। पीलीभीत का नाम सुनते ही उनके चेहरे पीले पड़ जाते हैं। उन्होंने रोजगार, स्वास्थ्य और किसानों की समस्याओं को भी उठाया। भाजपा को अपनी हार नजर आने लगी है। भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद को लेकर कहा कि कोई नया आया है प्रत्याशी, जो कह रहा है कि हमें अगर पहले पता होता कि चुनाव लड़ना है तो हम मुंबई बना देते पीलीभीत को। ये कौन सी बात है भाई? हम उनसे कहते हैं कि इसको मुंबई मत बनाओ। मुंबई का जो काम होता है थोड़ा वही करके दिखा दो यहां पर।

## खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स का संचालक दिल्ली से गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- हाईप्रोफाइल लक्ष्यों को निशाना बनाने की थी योजना

पंजाब पुलिस के राज्य विशेष ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने जर्मनी स्थित खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के संचालक प्रभप्रीत सिंह जर्मनी को दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर आतंकवादी भर्ती, धन उपलब्ध कराने और सहायता मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।

पंजाब के डीजीपी ने कहा कि केजेडएफ आतंकवादी जगदीश सिंह भूरा पंजाब में हाई-प्रोफाइल लक्ष्यों को निशाना बनाने की योजना बना रहा है और अपने सहयोगियों को हथियार और वित्तीय सहायता प्रदान की है।

प्रभप्रीत सिंह जर्मनी में रहता था इसलिए उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करवाया। बुधवार को, दिल्ली आईजीआई हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने प्रभप्रीत सिंह को हिरासत में लेने की सूचना दी, जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। अतिरिक्त महानिरीक्षक एसएसओसी, अमृतसर सुखमिंदर सिंह मान ने बताया कि आरोपी प्रभप्रीत 2017 में वैध वीजा पर पोलैंड गया था, और 2020 में सड़क मार्ग से जर्मनी चला गया।

## सुबह पांच से रात 12 बजे तक होंगे रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

- रामनवमी पर रामलला धारण करेंगे पीले वस्त्र, धनिया की पंजीरी व मीठे पान का लगेगा भोग

**अमृत विचार :** रामनवमी पर श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन कराने के लिए सुबह पांच से रात्रि 12 तक का समय तय किया गया है। साथ ही रामनवमी के दिन रामलला को पीले वस्त्र पहनाए जाएंगे।

सिंघाड़े का आटा, धनिया की पंजीरी, मौसमी फल, मिठाई, मीठा पान का विशेष भोग अर्पित होगा। पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का कहना है कि इस बार के जन्मोत्सव में त्रेता युग की झलक दिखाई देगी। उन्होंने बताया कि जन्मोत्सव के दौरान रामलला को सुबह 3.30 मिनट मंगला आरती से जगाया जाएगा। उनके अभिषेक के बाद सुबह 4:45 पर श्रृंगार आरती होगी। सुबह पांच बजे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर को खोल दिया जाएगा। दोपहर 12 बजे रामलला का जन्मोत्सव मनाया जाना है, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 11:45 से 12:05 के बीच भगवान के भोग और आरती को संपन्न कराया जाएगा। ट्रस्ट के द्वारा मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई है।

## सपा ने दो तो बसपा ने नौ और प्रत्याशी उतारे

**लखनऊ।** सपा प्रमुख ने शुक्रवार को उप्र. की दो जबकि बसपा ने 9 और सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। कौशांबी से पुष्पेंद्र सरोज को और कुशीनगर से अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार को प्रत्याशी बनाया गया है। पुष्पेंद्र इंद्रजीत सरोज के पुत्र हैं। वहीं, बसपा ने आजमगढ़ से भीम राजभर, घोसी से बालकृष्ण चौहान, एटा से मो. इरफान, धौरहरा से श्याम किशोर अवस्थी, फैजाबाद (अयोध्या) से सच्चिदानंद पांडे, बस्ती से दयाशंकर मिश्र, गोरखपुर से जावेद सिमनानी, चंदौली से सत्येंद्र मौर्य, रॉबर्ट्सगंज से धनेश्वर गौतम को उतारा है।

### विज्ञान

डब्लूएएसपी -76बी नामक यह बाहरी ग्रह पृथ्वी से 637 प्रकाशवर्ष दूर है

## कामयाबी : पहली बार देखा गया बाहरी ग्रह पर इंद्रधनुष

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** किसी बाहरी ग्रह (एक्सोप्लैनेट) में इंद्रधनुष की पहली बार खोज हुई है। वैज्ञानिक इसे बड़ी कामयाबी मान रहे हैं। इससे साबित होता है कि बाहरी ग्रहों में भी पृथ्वी के समान जलवायु संभव है।

यह एक विशाल आकार का बाहरी ग्रह है, जिसका नाम एक्सोप्लैनेट डब्लूएएसपी -76बी है। यह ग्रह पृथ्वी से लगभग 637 प्रकाशवर्ष दूर है। यह अत्यधिक गर्म गैस वाला विशाल ग्रह है। वैज्ञानिकों ने दो अलग-अलग अंतरिक्ष वेधशालाओं से डेटा का उपयोग करके इसे खोजा है। एक्सोप्लैनेट सैटेलाइट (चेप्स) और नासा का ट्रांजिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट (टीईएसएस) को इस खोज में शामिल किया गया था। एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स जर्नल में इस खोज को प्रकाशित किया गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इंद्रधनुष के निर्माण की पूरी तरह से पुष्टि अभी होनी बाकी है।

इंद्रधनुष पृथ्वी की तरह बनते हैं, या फिर किसी दूसरी वजह से बनते हैं, इसका भी जल्द पता चल जाएगा। यह हमारे सौर मंडल के बाहर देखा जाने वाला पहला इंद्रधनुष है। ओलिवियर डेमनजोन पुर्तगाल के इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस साइंसेज के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

वैज्ञानिकों के अनुसार इंद्रधनुष बनने के लिए वायुमंडलीय कणों की आवश्यकता है जो बिल्कुल गोलाकार हों और पूरी तरह से समान हों । साथ ही इतने स्थिर हों कि लंबे समय तक देखे जा सकें। हमारे सूर्य की तरह तारे की किरणें उस ग्रह पर पड़नी चाहिए।

### शुक्र में भी देखने को मिलती हैं इंद्रधनुष की छटा

**नैनीताल :** हमारे अपने सौर मंडल में पृथ्वी के अलावा शुक्र ग्रह पर इंद्रधनुष के रंग बिखरते नजर आते हैं। शुक्र ग्रह भी कभी पृथ्वी के समान हुआ करता था। विशाल समुद्र हुआ करते थे। मगर आज यह ग्रह सौर मंडल का सबसे अधिक तापमान वाला ग्रह बन गया है, जो 4 सौ डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान खुद में समेटे रहता है। अत्यधिक गर्म होने के बावजूद ये इंद्रधनुष बनाने की काबिलियत रखता है।

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 319 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 05 | 261 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 06 | 255 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 05 | 10 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 05 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 04 | 09 |

# राजस्थान को पंजाब के खिलाफ रणनीति पर बेहतर अमल करना होगा

मुल्लांपुर, एजेंसी

पिछले मैच में जीत की दहलीज पर पहुंचकर हारी राजस्थान रॉयल्स को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ रणनीति पर बेहतर अमल करना होगा क्योंकि मेजबान टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद बेहद सक्षम है। रॉयल्स के पास लगातार पांचवीं जीत दर्ज करने का सुनहरा मौका था लेकिन राशिद खान की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने बुधवार को आखिरी गेंद पर जीत दर्ज की।

रॉयल्स के लिये अपने गढ जयपुर में हारना किसी झटके से कम नहीं था। वे इसे भुलाकर अब जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेंगे। संजू सैमसन की कप्तानी वाली रॉयल्स के गेंदबाज कुलदीप सेन (19वां ओवर) और आवेश खान (20वां ओवर) ने 12 गेंदों के भीतर 35 रन दे डाले। सैमसन ने ट्रेंट बोल्ट से चार ओवर का कोटा पूरा नहीं कराके बड़ी चूक की जबकि बोल्ट ने दो ओवर में सिर्फ आठ रन दिये थे। दबाव के क्षणों में उनका अनुभव काफी काम आता। दूसरी ओर शिखर धवन की कप्तानी वाली पंजाब टीम ने पांच में से दो मैच जीते और तीन गंवाये हैं। उसके धाकड़ बल्लेबाज चल नहीं पा रहे और शशांक सिंह तथा अभिषेक शर्मा जैसे गुमनाम बल्लेबाजों पर रन बनाने की सारी जिम्मेदारी आ गई है।

सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो (पांच मैचों में 81 रन) और मध्यक्रम के बल्लेबाज जितेश शर्मा (पांच मैचों में 77 रन) अपेक्षा के अनुरूप नहीं खेल पाये हैं जिससे टीम को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी। सैम कुरेन गेंदबाजी में औसत रहे हैं और बल्ले से भी अपनी क्षमता के साथ न्याय नहीं कर पाये हैं। मध्यक्रम में टीम को चोटिल लियाम लिविंगस्टोन की कमी खल रही है। पंजाब के गेंदबाजों का प्रदर्शन बेहतर रहा है लेकिन पहले गेंदबाजी करने पर उन्होंने काफी रन लुटाये हैं। पिछले तीन मैचों में पंजाब के खिलाफ विरोधी टीम ने 199, 199 और 182 रन बनाये हैं जबकि कैगिसो रबाडा और अर्शदीप सिंह जैसे गेंदबाज टीम में हैं। रॉयल्स के सामने चुनौती अच्छी लय बनाये रखने की भी है क्योंकि टूर्नामेंट में आम तौर पर अच्छी शुरूआत के बाद वे लड़खड़ा जाते हैं। यही वजह है कि पिछले छह सत्र में सिर्फ दो बार प्लेआफ में पहुंच सके।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कैगिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा

## साथियान और मनिका को नहीं मिला ओलंपिक कोटा

**चेकिया।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान गणानाशेखरन और मनिका बत्रा को विश्व मिश्रित युगल के क्वार्टरफाइनल में मलेशियाई जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा और वह ओलंपिक का कोटा हासिल करने में विफल रहे। मुकाबले में भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान और मनिका की जोड़ी को मलेशिया के जेवन चूंग और केरेन लिन के खिलाफ 4-1 (11-9, 11-9, 11-9, 7-11,11-8) से हार मिली।

## खेल डायरी

### भारतीय हॉकी टीम टेस्ट श्रृंखला में चौथी बार हारी

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के अहम दौरे पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी है जहां पांच मैचों की शृंखला के चौथे टेस्ट मैच में उसे 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ ही शृंखला में अपनी बढ़त को 4-0 कर लिया। मैच का परिणाम भारतीयों के पक्ष में नहीं रहा लेकिन टीम के प्रदर्शन के स्तर में काफी सुधार दिखा। मेजबान टीम हालांकि हर मामले में भारत से बेहतर साबित हुई। आकाशीय बिजली के कारण 40 मिनट देर से शुरू हुए मैच में सभी चार गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए।

### आकांक्षा अमेरिका में स्क्वाश टूर्नामेंट में हारीं

**नयी दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत की आकांक्षा सालुंके अमेरिका के सेंट लुईस में चल रहे आरसी प्रो सीरिज स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में मिस्र की जाना साफी से 2-3 से हार गईं। राष्ट्रीय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता आकांक्षा को 11-8, 3-11, 11-9, 5-11, 3-11 से पराजय झेलनी पड़ी। एक घंटे से अधिक चला मुकाबला पीएसए चैलेंजर टूर का हिस्सा था और ईनामी राशि 15000 डॉलर है।

### भारत ने बिली जीन किंग कप में द. कोरिया को हराया

**चांग्शा।** भारतीय महिला टेनिस टीम ने शुक्रवार को बिली जीन किंग कप 2024 एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हरा दिया है। शुक्रवार को चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में रुतुजा भोसले ने एकल मुकाबला जीता। वहीं अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बरे की जोड़ी ने युगल मुकाबले में जीत हासिल की। भोसले ने एक घंटे और पांच मिनट में 6-2, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। भोसले ने पहले सेट में लगातार पांच गेम जीतकर शुरुआत में ही मैच में अपना दबदबा कायम रखा। अंकिता रैना ने प्रार्थना थोम्बारे के साथ मिलकर डेबिन किम और सोह्युन पार्क के खिलाफ युगल मैच एक घंटे और 33 मिनट में 6-4, 6-4 से जीत लिया। दक्षिण कोरिया पर 2-1 की जीत एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में भारत की तीसरी जीत है।

### कैंडिडेट्स शतरंज: गुकेश हारे, प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश फ्रांस के फिरोजा अलीरजा के हाथों पहली हार के बाद कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद शीर्ष स्थान से खिसक गए लेकिन आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला। इस हार के बाद 17 वर्ष के गुकेश अब कारूआना और प्रज्ञानानंदा के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं । रूस के इयान नेपोम्नियाशिच के 4 .5 अंक हैं और उन्होंने अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेलकर आधा अंक से बढ़त बना ली है। निजात अबासोव के साथ ड्रॉ के बाद विदित गुजराती संयुक्त पांचवें स्थान पर नकामूरा के साथ है जबकि अलीरजा सातवें स्थान पर हैं।

### आकाश दहिया कांस्य पदक दौर में पहुंचे

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारतीय पहलवान आकाश दहिया और अनिरुद्ध कुमार ने एशियाई चैंपियनशिप में खुद को कांस्य पदक की दौड़ में बनाए रखा है, लेकिन उनके तीन अन्य साथी शुक्रवार को यहां अपने-अपने भार वर्गों के अलग-अलग चरणों में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। गैर-ओलंपिक 61 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे आकाश ने उज्बेकिस्तान के सरदार रुजिमोव पर 10-8 की करीबी जीत के साथ शुरुआत की और इसके बाद क्वार्टर फाइनल में कोरिया के सांघयोन सोन को 7-3 से आसानी से हराया। वह सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के असिल एतकिन की चुनौती से पार नहीं पा सके और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अपना मुकाबला हार गए।

### मोंटे कार्लो मास्टर्स सेमीफाइनल में पहुंचे सिटसिपास

**मोनाको।** दो बार के चैंपियन स्टेफानोस सिटसिपास ने रूस के कारेन खाचानोव को 6-4, 6-2 से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना यानिक सिनेर या होल्गर रूने से होगा। वहीं दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की भिड़ंत एलेक्स डि मिनौर से होगी जबकि उगो हुम्बर्ट का सामना कैस्पर रूड से होगा। जोकोविच ने लोरेंजो मुसेत्ती से मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए उन्हें हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार के चैंपियन जोकोविच को पिछले साल तीसरे दौर में मुसेत्ती ने हराया था। उन्होंने छह में से पांच ब्रेक प्वाइंट तब्दील करके 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने यहां 2013 और 2015 में खिताब जीता है लेकिन उसके बाद से क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं जा सके। दूसरी रैंकिंग वाले यानिक सिनेर ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

# लखनऊ सुपर जायंट्स की 6 विकेट से हार

## दिल्ली कैपिटल्स के लिए कुलदीप यादव ने लिए तीन विकेट, जैक फ्रेजर ने 55 और कप्तान ऋषभ पंत ने 41 रनों की पारी खेली



कुलदीप यादव

लखनऊ, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शुक्रवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स को छह विकेट से हराया। लखनऊ को सात विकेट पर 167 रन पर रोकने के बाद दिल्ली ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए जैक फ्रेजर मैकगुर्क ने 55 जबकि कप्तान ऋषभ पंत ने 41 रन का योगदान दिया। लखनऊ के लिए रवि बिश्नोई ने दो विकेट चटकाये।

इकाना स्टेडियम पर एक समय 28 रन पर पांच विकेट गंवाकर लखनऊ की टीम संघर्ष की स्थिति में आ गयी थी और 13वे ओवर में स्कोरबोर्ड पर लखनऊ का स्कोर सात विकेट पर 94 रन हो गया था मगर बडोनी ने अरशद खान ( 20 नाबाद) के साथ 73 रनों की पार्टनरशिप कर न सिर्फ पारी को संवारा बल्कि आखिरी ओवरों में बाउंड्री की मदद से दिल्ली के लिये 168 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तैयार कर दिया। बडोनी ने अपनी अर्धशतकीय पारी में महज 35 गेंद खेल कर पांच चौके और एक छक्का लगाया जबकि दूसरे छोर पर उनके जोड़ीदार अरशद ने 16 गेंद खेल कर दो बार गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाया। इससे पहले डिकॉक और राहुल की तेज पारियों की बदौलत एलएसजी पहले पांच ओवर के खेल में आठ रन प्रति ओवर की गति से रन बटोरने में सफल रही थी और सातवें ओवर में एलएसजी के स्कोरबोर्ड पर दो विकेट 66 रन टंग चुके थे लेकिन पारी के आठवें ओवर में कुलदीप यादव ने लगातार दो गेंदों में मार्कस स्टॅायनिस (8) और निकोलस पूरन (0) को चलता कर एलएसजी को बैकफुट में ढकेल दिया। इस बीच केएल राहुल को कुलदीप ने विकेट के पीछे आउट कराकर अपना तीसरा शिकार बनाया। हालांकि मैदानी अंपायर ने उन्हे नाट आउट करार दिया था मगर दिल्ली के कप्तान रिषभ पंत ने डीआरएस लिया और टीवी अंपायर ने मैदानी अंपायर को अपना फैसला पलटने को कहा। राहुल ने पांच चौंके और एक छक्के की मदद से 39 रनों का योगदान दिया। दीपक हुड्डा (10) अनुभवी तेज गेंदबाज इंशात शर्मा के शिकार बने जबकि कृणाल पांड्या (3) को मुकेश कुमार ने अपना शिकार बनाया। इससे पहले खलील अहमद ने क्विंटन डिकॉक और देवीदत्त पड्डिक्कल (3) का विकेट झटका था।



जैक फ्रेजर मैकगुर्क

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | +0.871 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.528 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.666 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.436 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.344 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| मुंबई | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.073 |
| पंजाब | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.196 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.124 |

**लखनऊ 167/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक पगबाधा खलील | 19 | 13 | 4/0 |
| लोकेश राहुल का पंत बो कुलदीप | 39 | 22 | 5/1 |
| देवदत्त पडिक्कल पगबाधा खलील | 03 | 06 | 0/0 |
| मार्कस स्टोइनिस का इशांत बो कुलदीप | 08 | 10 | 1/0 |
| निकोल्स पूरन बो कुलदीप | 00 | 01 | 0/0 |
| दीपक हुड्डा का वार्नर बो ईशांत | 10 | 13 | 0/0 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 55 | 35 | 5/1 |
| कृणाल पंड्या का पंत बो मुकेश | 03 | 04 | 0/0 |
| अरशद खान नाबाद | 20 | 16 | 2/0 |

**गेंदबाजी :** खलील अहमद 4-0-41-2, ईशांत शर्मा 4-0-36-1, मुकेश कुमार 4-0-41-1, अक्षर पटेल 4-0-26-0, कुलदीप यादव 4-0-20-3

**दिल्ली 170/4** — 18 .1 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी शॉ का पूरन बो बिश्नोई | 32 | 22 | 6/0 |
| डेविड वार्नर बो यश | 08 | 09 | 1/0 |
| जैक का अरशद बो नवीन-उल-हक | 55 | 35 | 2/5 |
| ऋषभ पंत स्टंप राहुल बो बिश्नोई | 41 | 24 | 4/2 |
| स्टब्स नाबाद | 15 | 09 | 0/1 |
| होप नाबाद | 11 | 10 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** अरशद 3 .1-0-34-0, नवीन उल हक 3-0-24-1, यश 4-0-31-1, क्रुणाल 3-0-45-0, बिश्नोई 4-0-25-2, स्टोइनिस 1-0-10-0

# निजी कारणों से पेरिस ओलंपिक में अभियान प्रमुख पद से हटीं मैरीकॉम

- **आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा को पत्र लिखकर बताया**

नयी दिल्ली, एजेंसी

छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम शुक्रवार को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिये भारत के अभियान प्रमुख के पद से हट गई हैं। उन्होंने कहा कि निजी कारणों से उनके पास अब कोई विकल्प नहीं है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि मैरीकॉम ने पत्र लिखकर जिम्मेदारी से फारिग करने के लिये कहा है।

मैरीकॉम ने उषा को लिखे पत्र में कहा ,''देश की किसी भी रूप में सेवा करना फख्र की बात है और मैं इसके लिये मानसिक रूप से तैयार थी। लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नहीं उठा सकूंगी। मैं निजी कारणों से पीछे हट रही हूं।'' उन्होंने कहा,''इस तरह से पीछे हटने से शर्मिंदा हूं क्योंकि मैं ऐसा करती नहीं हूं लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं है। मैं ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे अपने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिये हमेशा रहूंगी।'' आईओए ने 21 मार्च को उनकी नियुक्ति का ऐलान किया था। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों में भारतीय दल की अभियान प्रमुख होतीं। उषा ने एक बयान में कहा ,'' हमें दुख है कि ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज और आईओए एथलीट आयोग की प्रमुख मैरीकॉम निजी कारणों से पद से हट गई हैं। हम उनके फैसले और निजता का सम्मान करते हैं। उनके विकल्प के बारे में घोषणा जल्दी ही की जायेगी।'' उन्होंने कहा ,'' मैं उनके अनुरोध को समझती हूं और उनके फैसले का सम्मान करती हूं। मैंने उनसे कहा है कि आईओए और मेरा सहयोग हमेशा उनके साथ है। मैं सभी से उनकी निजता का सम्मान करने का अनुरोध करती हूं।''

## चोटिल फिन और एडम पाकिस्तान दौरे से हुए बाहर

**वेलिंग्टन।** चोटिल फिन एलन और एडम मिल्ने को न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज से बाहर कर दिया गया है। एलन को पीठ में चोट लगी तथा मिल्ने को प्रशिक्षण के दौरान टखने में चोट लगी है। चयनकर्ताओं ने उनके प्रतिस्थापन के रूप में टॉम ब्लंडेल और अनकैप्ड ऑलराउंडर जैक फॉल्क्स को टीम में बुलाया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा, एलन और फिन की चोटों के कारण रावलपिंडी में अगले सप्ताह शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में भाग नहीं ले पाएंगे।

# लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन प्रतिबंधित

- **स्थान संबंधी नियमों के उल्लंघन को लेकर की गई कार्रवाई**

नयी दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन पर 12 महीने की अवधि में तीन बार स्थान संबंधी नियमों के उल्लंघन के साथ एक बार जांच के लिए उपलब्ध नहीं होने पर दो साल का प्रतिबंध लगाया है। लक्ष्मणन ने 2017 एशियाई चैंपियनशिप में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में तीसरी (जुलाई से सितंबर) और चौथी (अक्टूबर से दिसंबर) तिमाही के दौरान अपने मौजूदा स्थान की जानकारी देने में विफल रहे और 26 मार्च 2023 को जांच करने के लिए उपलब्ध नहीं हुए। लक्ष्मणन को 2022 में नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया था। नाडा की 19 मार्च, 2024 को पारित एक आदेश के मुताबिक नाडा की डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीआरवी ) ने उन्हें 10 अगस्त, 2023 से दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। नाडा के आरटीपी में शामिल एथलीटों को हर तीन महीने में अपने मौजूदा स्थान की जानकारी देनी होती है।

# बॉलीवुड हलचल

## फिल्म सास ससुर बिना अंगना ना सोहे में काम करेंगे अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत फिल्म 'सास ससुर बिना अंगना ना सोहे' में काम करते नजर आयेंगे। फिल्म "सास ससुर बिना अंगना ना सोहे" का भव्य मुहूर्त आज बाराबंकी में संपन्न हुआ। इसके साथ ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई। यह फिल्म पारिवारिक कहानी पर आधारित है, जिसमें विक्रांत सिंह राजपूत मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ इस फिल्म में रिचा दिक्षित फीमेल लीड में नजर आने वाली है। इस फिल्म का निर्देशन कन्हैया एस विश्वकर्मा कर रहे हैं। फिल्म सास ससुर बिना अंगना ना सोहे को लेकर विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि यह उनकी शानदार फिल्मों की श्रेणी में एक और नई फिल्म है जो यकीनन रिलीज के बाद दर्शकों को पसंद आएगी। उन्होंने कहा कि एक बेहतरीन टीम के साथ मजेदार फिल्म करना किसे पसंद नहीं है। मेरी भूमिका बेहद खास है और इस फिल्म के संवाद गाने भी दर्शकों को दिलों को छू लेने वाले हैं तो मुझे लगता है कि यह फिल्म जब भी रिलीज होगी, बवाल करेगी। बड़े पर्दे के साथ-साथ टीवी पर भी इस फिल्म को लोग पसंद करेंगे। फिलहाल इस फिल्म की कहानी के बारे में डिस्कस नहीं कर सकता लेकिन मेरी गारंटी है कि यह फिल्म जब भी रिलीज होगी, दर्शकों को बेशुमार मनोरंजन देगी। फिल्म "सास ससुर बिना अंगना ना सोहे के निर्माता विजय सिंह अनंत सिंघल और मोनिका सिंह है, जबकि कॉन्सेप्ट और प्रोजेक्ट डिजाइनर देव पांडे हैं। फिल्म की कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। डी ओ पी आर आर प्रिंस हैं। म्यूजिक साजन मिश्रा का है। क्रिएटिव डायरेक्टर मुकेश तिवारी हैं।इस फिल्म में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ रिचा दिक्षित, विनोद मिश्रा, रीना रानी, प्रीति मौर्या, प्रेम सिंह, रितु पांडे और समर्थ चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं।

## 'डंस' के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग मुम्बई में जारी



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म 'डंस' के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग मुम्बई में जारी है। पिछले एक महीने तक फ़िल्म डंस की शूटिंग उत्तरप्रदेश के चंदौली और आसपास में हो रही थी जहां के जंगलों और गांव देहात में फ़िल्म का एक बड़ा भाग शूट किया गया है। अब फ़िल्म के बचे हुए शेष भाग की शूटिंग मुम्बई में हो रही है। फ़िल्म निर्माता सुधीर सिंह की स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म डंस के मुख्य कलाकार खेसारी लाल यादव, स्वेता, शाहवर अली, समर्थ चतुर्वेदी,पप्पू यादव, देव सिंह, महेश आचार्य, विजया लक्ष्मी, स्वेता नवल, जे नीलम, जे पी सिंह, गौरी शंकर, आर्यन बाबू, माही खान हैं। वहीं फ़िल्म डंस का निर्देशन धीरज ठाकुर कर रहे हैं।

## अक्षय कुमार और टाइगर की बड़े मियां छोटे मियां ने वर्ल्डवाइड कमाए 36 करोड़



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां ने वर्ल्डवाइड 36 करोड़ की कमाई कर ली है। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' ईद के अवसर पर 11 अप्रैल को रिलीज हुयी है। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 36 .33 करोड़ की कमाई कर ली है। अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा, अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 11 अप्रैल को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।


The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919

पंचम स्कंदमाता

पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्र में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है।
बीज मंत्र-ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा


एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

# ईद मनाने मायके जा रही महिला और बेटी की दुर्घटना में हुई मौत

## देवा-बाराबंकी मार्ग पर मिक्सर वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, युवक गंभीर

**हादसा**

- ईद की खुशियों की जगह परिवार में पसरा मातम
- घायल को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

देवा, बाराबंकी


हादसे के बाद जिला अस्पताल में बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ईद के दिन अपने मायके जा रही मां और बेटी को एक मिक्सर वाहन ने कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे से परिवार में मातम पसर गया।

देवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला शेख के नूरीनगर निवासी तारिक की पत्नी शबनम (25) व उसकी तीन साल की पुत्री रमजा ईद के दिन मायके जा रही थी। शबनम का भाई सुल्तान दोनों को बाइक से लेकर जहांगीराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत मंझलेपुर बनवा जा रहा था। इस दौरान देवा-बाराबंकी मार्ग पर रिलायंस कंपनी के सामने पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार मिक्सर वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।


हादसे में शबनम व पुत्री रमजा उछलकर सड़क पर गिर गईं और सुल्तान सड़क की बाई ओर पटरी पर गिरा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि शबनम और उसकी बेटी की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि घायल सुल्तान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उपजिलाधिकारी नवाबगंज विजय कुमार त्रिवेदी, सीओ सिटी जगत कनौजिया, देवा कोतवाली प्रभारी अनिल पांडे की मौजूदगी में शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

**अभियान**

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अमृत विचार ने शुरू की मुहिम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



मतदाता के सवाल का चित्र के माध्यम से दिया गया जवाब। अमृत विचार

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो, इसे लेकर अमृत विचार ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर शुक्रवार से से एक जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसका मकसद जनपद में अधिक से अधिक मतदाताओं को बूथ तक लेकर आना है। इससे मत प्रतिशत को लेकर पुराने सभी रिकॉर्ड टूटें और जनपद इस चुनाव में एक नया कीर्तिमान हासिल कर सके।

इस अभियान में युवक, महिलाएं या बुजुर्ग समेत कोई भी वोटर बनने से मतदान करने तक की अपनी सभी जिज्ञासाओं का समाधान कर सकता है। इसी क्रम में शुक्रवार को नेशनल इंटर कॉलेज फतेहपुर के प्रवक्ता ने एक मतदाता के सवाल का अपनी कलाकृति के माध्यम से जवाब दिया है। ऐसे में अगर आपके मन में भी मतदान से जुड़ा कोई सवाल हो तो आप हमें amritvicharbarabanki@gmail.com व sveepbarabanki2024@gmail.com पर लिखकर भेज सकते हैं। अलग-अलग सवालों का जवाब अमृत विचार अपने अंक में प्रतिदिन प्रकाशित करेगा। मुहिम खत्म होने पर इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगियों को अमृत विचार व जिला प्रशासन की तरफ से सम्मानित किया जाएगा। आइये लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने में भूमिका निभाएं।

# एसपी ने किया सम्मानित



आरक्षी प्रतिमा द्विवेदी को सम्मानित करते एसपी दिनेश कुमार सिंह।

**बाराबंकी, अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने शांति व्यवस्था और महिला सशक्तिकरण को लेकर सराहनीय काम करने वाली मॉनिटरिंग सेल की आरक्षी प्रतिमा द्विवेदी, महिला थाना की आरक्षी वत्सला सिंह व उपनिरीक्षक कोतवाली अमरनाथ सिंह को समृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

# दूर होंगी दिक्कतें, यात्रियों को मिलेंगी सुविधाएं

**खबर का असर**

- उत्तर रेलवे के डीआरएम ने लिया खबर का संज्ञान
- यात्रियों की असुविधाएं दूर करने के दिये निर्देश


दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाएं नहीं
9 अप्रैल के अंक में प्रकाशित खबर।

**दरियाबाद, बाराबंकीः अमृत विचारः** नवीनीकरण हुए दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को हो रही असुविधाओं को लेकर अमृत विचार ने बीते 9 अप्रैल को 'दरियाबाद स्टेशन पर मूलभूत सुविधाएं नहीं' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसका संज्ञान उत्तर रेलवे के डीआरएम ने लेकर जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर नवीनीकरण के दौरान यात्रियों को पीने के पानी, बैठाने को लेकर बेंच, शौचालय आदि की असुविधा का सामना करना पड़ता है। बढ़ती गर्मी और चिलचिलाती धूप में यात्री उपगारीम पुल की छाव में बैठा कर आने जाने वाली ट्रेनों की प्रतीक्षा करते हैं। डीआरएम नार्थ रेलवे ने यात्रियों को हो रही असुविधाओं को तत्काल प्रभाव से दूर करने के निर्देश दिए है।

# सिलेंडर में गैस रिसाव से लगी आग

दरियाबाद, बाराबंकी

- तेरहवीं संस्कार में भोजन बनाते समय हुई घटना


आग से जलकर राख हुआ सामान।

**अमृत विचारः** एक तेरहवीं संस्कार में भोजन बनाने के दौरान सिलेंडर से गैस रिसाव होन से आग लग गई। आग लगने से खाना बनाने में प्रयोग होने वाले सामान सहित अन्य कई समान भी जलकर राख हो गया। ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते तब तक हजारों को सामान जलकर खाक हो चुका था।

शुक्रवार को दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के मक्का पुरवा मजरे तारापुर निवासी वासुदेव की माता विद्या देवी की तेरहवीं संस्कार में शांति भोज घर के बाहर छप्पर के नीचे बन रहा था। खाना बनाने के दौरान गैस के पाइप से गैस रिसाव होने से आग लग गई। गैस से लगी आग से गांव में अफरा तफरी मच गई। छप्पर के नीचे बन रहे भोजन बनाने के दौरान लगी आग ने पूरे छप्पर को अपनी आगोश में ले लिया। ग्रामीणों ने गांव में लगे समरसेबल पंप की मदद से आग पर काबू पाया। पीड़ित पंकज ने बताया कि खाना बनाने का सारा समान तख्त, सायकिल, सोलर पैनल, बर्तन व एक गैस सिलेंडर भी जलकर राख हो गया। हल्का लेखपाल शिव शंकर गुप्ता ने मौके पर पहुंच कर नुकसान का आंकलन किया है। लेखपाल ने बताया कि रिपोर्ट तैयार कर उपजिलाधिकारी रामसनेहीघाट को सौप दी जायेगी।

# आलमारी से लाखों की नकदी व जेवरात चोरी

**वारदात**

- पीड़ित ने टाइल्स मिस्त्री पर लगाया आरोप

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के कोरियानी मजरे रामनगर गांव स्थित एक मकान में बीती रात चोर धावा बोल कर दो लाख रुपए से अधिक के जेवरों और नकदी पर हाथ साफ कर दिया और चंपत हो गए।

गांव निवासी सुरजीत सिंह व उनका परिवार शुक्रवार की रात भी खाना खाने के बाद छत पर सो गया था। भोर में जब आंख खुली तो आंगन में रखी अलमारी का ताला टूटा मिला। सारा सामान जमीन पर बिखरा पड़ा हुआ था। अलमारी में रखे दो लाख रुपए से अधिक के सोने चांदी के जेवरात एवं पांच हजार रुपए गायब मिले। पीड़ित सुरजीत ने बताया कि कमरे में टाइल्स लगाने के लिए आलमारी को आंगन में लाकर रख दिया गया था।

उन्होंने टाइल्स लगाने वाले मिस्त्री पड़ोसी गांव तिवारी पुरवा निवासी चरन पाल व उसके अज्ञात सहयोगी पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## तीन ब्लॉकों में होगा 24 कुंडीय यज्ञ

**रामसनेहीघाट, बाराबंकीः अमृत विचारः** गायत्री शक्तिपीठ रामसनेहीघाट में बैठक गुरुवार को हुई। इसमें शक्तिपीठ ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. शिवा कांत त्रिपाठी ने बताया कि तहसील रामसनेही घाट के तीन ब्लॉक बनीकोडर, दरियाबाद, पूरेडलई में पांच कुंडीय यज्ञ और 24 कुंडीय यज्ञ सपन्न होगा। 13 अप्रैल को 5 कुंडीय यज्ञ रायपुर साहब, 14 अप्रैल सुखीपुर, 17 अप्रैल गायत्री शक्ति पीठ रामसनेही घाट में 9 कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ ,21 अप्रैल को दरियाबाद कस्बा में 5 कुंडीय यज्ञ सम्पन्न होगा । इसी के साथ राम नवमी में शक्ति पीठ पर राम जी का जन्मदिवस मनाया जाएगा।

# आंगनबाड़ी केंद्र में ताला कैसे मिले योजना का लाभ

हरख, बाराबंकी



आंगनबाड़ी केंद्र में लटक रहा ताला।

**अमृत विचार :** क्षेत्र स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में ताला लटक रहा है। जिससे नौनिहालों को सरकारी योजनाओं से वंचित होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की है।

हरख ब्लॉक क्षेत्र के हरख द्वितीय आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार को ताला लटक रहा था। जबकि प्रथम केन्द्र खुला हुआ था, द्वितीय केंद्र की कार्यकत्री माया देवी व सहायिका पुष्पा देवी दोनों नदारद रहीं। जिसके कारण नौनिहालों को दिया जाने वाला पोषाहार भी समय से नहीं मिलता है। गांव निवासी अजय, पुष्पेंद्र, विजय आदि लोगों ने बताया कि उसकी शिकायत बाल पुष्टाहार विभाग को की जाएगी। इस संबंध में सीडीपीओ इंदु लता ने बताया कि केंद्र बंद होने की जानकारी नहीं है जांच कराई जाएगी।

## तीन सगे भाइयों पर ठगी का मुकदमा

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचारः** नौकरी देने के नाम पर ठगी करने वाले तीन सगे भाइयों के खिलाफ भुक्त भोगी ने थाने पर प्राथमिक दर्ज कराई है। अंबेडकर नगर अंतर्गत थाना संम्मनपुर निवासी विपिन कुमार ने थाना लोनी कटरा अंतर्गत ग्राम मदनापुर निवासी आकाश, पप्पू सिंह, व वासुदेव सिंह के विरुद्ध थाने पर दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया की 4 वर्ष पूर्व उक्त लोगों ने प्रॉपर्टी दिलाने के लिए दो लाख रुपये नगद एडवांस के तौर पर लिए थे। उसके बाद काफी समय बीत जाने के बाद जब प्रॉपर्टी नहीं दिला सके तो रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 13 लाख रुपए और ले लिए।

**सार-संक्षेप**

## परिषदीय विद्यालयों का बदला समय

**बाराबंकी, अमृत विचार :** हीटवेव को देखते हुए डीएम सत्येंद्र कुमार के आदेश पर परिषदीय विद्यालयों का समय परिवर्तित किया गया है। अब 30 सितम्बर तक परिषदीय विद्यालय सुबह आठ बजे से दो बजे तक खुलेंगे। जबकि सीबीएसई और आईसीएसई में नर्सरी से कक्षा आठ तक 19 मई तक विद्यालय सात बजे से एक बजे तक ही संचालित किए जायेगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

## डीएम की उपस्थिति में हुई गेहूं की क्रॉप कटिंग


क्रॉप कटिंग का आंकलन करते डीएम सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले में रबी की फसल उत्पादकता का आंकलन करने को लेकर गुरुवार को जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार की निगरानी में तहसील नवाबगंज के ग्राम तलहा के संयुक्त खातेदार अनिल जायसवाल आदि की भूमि गाटा का रेंडम चयन कर क्रॉप कटिंग कराई गई। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी, तहसीलदार नवाबगंज, सहायक सांख्यकीय अधिकारी सहित अन्य राजस्व स्टाफ उपस्थित रहा।

## गेहूं क्रय केंद्र पर किसानों को न हो कोई असुविधा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने शुक्रवार को एसडीएम नवाबगंज और डिप्टी आरएमओ के साथ तहसील नवाबगंज क्षेत्र के अंतर्गत सफदरगंज मंडी स्थित गेहू क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। यहां पर कुछ किसान अपना गेहूं लेकर तौल कराने आये थे। उनसे बातचीत की एवं क्रय केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद सफदरगंज पल्हरी क्रय केंद्र का भी निरीक्षण किया। उपस्थित गांव के किसानों से बातचीत की, गेहू लेकर आने वाले किसानों को कोई असुविधा न हो इसके संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा रामनगर तिराहा बाईपास स्थित राजकीय गेहूं क्रय केंद्र पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला मजिस्ट्रेट ने सम्बंधित अधिकारियों को रबी विपणन वर्ष, 2024-25 में प्राथमिकता के आधार पर जनपद को मिले लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत गेहूं क्रय किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही क्रय केंद्र परिसर की साफ सफाई सहित सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए।

## छोटेलाल यादव ने दी थी जिले को विकास की गति



श्रृद्धांजलि सभा में मंत्री गिरीश चंद्र यादव, सतीश चंद्र शर्मा व अन्य। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा मेला के आडिटोरियम में शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमे पूर्व मंत्री छोटेलाल यादव को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा सहित अन्य नेता शामिल हुए। श्री यादव ने कहा कि छोटेलाल यादव ने जिले को जो विकास की गति प्रदान की थी हमें उसे और आगे लेकर जाना है। हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि छोटेलाल यादव के सपनों को साकार करें। खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि छोटे लाल यादव एक कुशल राजनीतिक योद्धा रहे हैं, इन्होंने दलीय राजनीति से हटकर सभी वर्गों के लोगों के लिए कार्य किया है। उनके योगदान को क्षेत्र की जनता कभी भुला नहीं सकती है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य ,रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, ब्लॉक प्रमुख देवा धर्मेंद्र सिंह यादव, डीडीसी नेहा आनंद, पूजा सिंह, दिलीप यादव, आकाश, सपा नेता व पूर्व विधायक व सांसद रामसागर रावत सहित कई नेता मौजूद रहे।

## साईं पालकी यात्रा का आयोजन 16 को

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री शिरडी साईं बाबा मंदिर अमदहा में श्रीरामचरितमानस पाठ, साईं पालकी सहित भंडारे एवं भजन संध्या का आयोजन होगा। समिति के अध्यक्ष गुड्डू मौर्य ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री शिरडी साईं बाबा मंदिर के स्थापना दिवस पर 15 अप्रैल को श्रीरामचरितमानसपाठ शुरू होगा। 16 अप्रैल को मानस पाठ के समापन के साथ हवन-पूजन होगा। इसके बाद झांकियों के साथ साईं पालकी यात्रा हनुमान मंदिर मसौली से साईं मंदिर तक जाएगी। कार्यक्रम के अंतिम दिन राम नवमी पर सुबह 10 बजे से साईं बाबा का अभिषेक, श्रृंगार एवं आरती के बाद भजन गायिका ज्योति सिंह व पीलीभीत के कलाकारों द्वारा मनोरम झांकियों की प्रस्तुति दी जाएगी।

**रहा उल्लास** ईदगाह में हजारों की संख्या में मुस्लिम भाइयों ने अदा की नमाज, देर शाम तक चला घरों में ईद मिलन का दौर

# अमन व तरक्की की मांगी दुआ, गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी


ईद की नमाज अदा करते रोजेदार। अमृत विचार


ईद पर गले मिलते बच्चे।

**अमृत विचार :** जिले भर में गुरुवार को ईद उल फितर का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। ईद पर मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाह में नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी। लोग नए परिधानों को पहन कर ईदगाह एवं मस्जिदों में नमाज अदा करने पहुंचे। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर अमन एवं चैन की दुआ की। ईद के मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नेताओं एवं शहरवासियों ने समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी।

ईद पर्व को लेकर इस बार भी जिले में खास इंतजाम किए गए थे। शहर के पीरबटावन स्थित ईदगाह मस्जिद में ईद-उल-फितर का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम बंधु सुबह से ही मस्जिद में इकट्ठा होना शुरू हो गए थे और साढ़े आठ बजे के करीब नमाज अदा की। नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। सेवइयां खिलाकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। रमजान महीने के खत्म होने के बाद गुरुवार को पूरे शहर में ईद मनाई गई। शहर की विभिन्न मस्जिदों में सुबह साढे 9 बजे नमाज अदा की गई और अमन-शांति की कामना के साथ गले मिलकर एक-दूसरे को ईद मुबारक का दौर शुरू हुआ। इस मौके पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, सीडीओ अ.सुदन, एडीएम अरुण कुमार, एसडीएम सदर समेत पुलिस के कई अधिकारी विशेष रूप से शामिल हुए। ईद की नमाज के बाद ईदगाह के इमाम, ईदगाह कमेटी के सदर उमेर किदवई समेत अन्य मुस्लिम भाइयों से गले मिल कर उन्हें मुबारकबाद दी।

### कस्बों व ग्रामीण अंचलों में भी दिखा पर्व का उत्साह

मसौली स्थित ईदगाह पर मुस्लिम बंधुओं ने ईद की नमाज अदा कर देश में अमन और चैन की दुआ मांगी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मसौली ईदगाह पर प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह अपने मातहतों के साथ मौजूद रहे। सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में भी ईदगाह समेत क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाज अदा की गई। कस्बा बदोसरांय की ईदगाह में हाफिज मोहम्मद दानिश ने ईद की नमाज पढ़ाई। उन्होंने कहा कि ईद रोजेदारों को अल्लाह का तोहफा है। प्रधान मेला रायगंज शीबा किदवई एवं माजिद हाशमी द्वारा ईद एवं होली मिलन समारोह आयोजित किया गया।

## एक नजर

### आग में झुलसीं 25 बकरियां, जली बाइक

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** घुंघटेर क्षेत्र के मीननगर गांव में गुरुवार की रात एक घर में आग लग गयी। इस घटना में करीब 25 बकरियां झुलस गयीं। खाद्यान्न व बाइक जल गयी। सूचना पर दमकल गाड़ी पहुंचती तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। मीननगर निवासी सुरेश के मकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने दो घरों को अपने कब्जे में लिया। गांव के लोग आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक मकान में रखा लाखों का सामान जल गया।

### 23 के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के अलग- अलग थाना क्षेत्रों से 23 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका के तहत कार्रवाई की गई। तीन वांछितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर किया।

### स्मैक के साथ लखनऊ के युवक समेत दो गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर कोतवाली पुलिस ने लखनऊ निवासी अंकित यादव व शहर कोतवाली के मोहल्ला कटरा निवासी मो. अयूब को पुलिस ने 120 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गए आरोपियों खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

### बीडीओ ने विद्यालय का किया निरीक्षण

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बीडीओ प्रीति वर्मा ने शुक्रवार को कस्तूरबा विद्यालय गणेशपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान चौकीदार एवं सुरक्षा गार्ड मौजूद मिले छुट्टी होने के कारण स्टाफ एवं छात्राएं मौजूद नहीं थी। शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंची बीडीओ प्रीति वर्मा ने विद्यालय परिसर एवं कक्षाओं का स्थल निरीक्षण किया।

# प्रधानाध्यापक, 5 अध्यापक व 10 शिक्षामित्र मिले नदारद

## बीएसए व सभी बीईओ ने 67 विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बीएसए संतोष देव पाण्डेय और सभी बीईओ ने शुक्रवार को 67 विद्यालयों का निरीक्षण किया। बीएसए ने शुक्रवार को परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। कहीं विद्यालयों में नामांकित बच्चों के सापेक्ष छात्र संख्या कम दिखी तो कहीं घास-पूस व गन्दगी मिली।

निरीक्षण के दौरान एक प्रधानाध्यापक और पांच सहायक अध्यापक सहित दस शिक्षामित्र अनुपस्थिति पाये गये। बीएसए संतोष देव पाण्डेय ने बंकी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय मंजीठा के साथ आंगनबाड़ी केन्द्र की स्थिति का भी जायजा लिया। बंकी के ही प्राथमिक विद्यालय बरहाहार का



एक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान बच्चों से बात करते बीएसए। अमृत विचार

निरीक्षण किया। यहां की शिक्षिका प्रतिमा मिश्रा छुट्टी पर मिलीं। प्रधानाध्यापिका शिक्षिका की छुट्टी के संबंध में स्वीकृत आदेश उपलब्ध नहीं करा पाईं। तो बीएसए ने सहायक अध्यापिका का वेतन रोकने का आदेश दिया।

हरख के प्राथमिक विद्यालय नानमऊ में दो शिक्षामित्रों के फरवरी से लगातार अनुपस्थित होने पर बीईओ को कार्रवाई के निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय मेंहदीपुर में विद्यालय अवधि में शिक्षिका के बाहर होने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा। प्राथमिक विद्यालय न्योता के निरीक्षण के दौरान बीएसए ने छात्र संख्या बढ़ाने की बात कही। बिना बताये विद्यालय से अनुपस्थिति रहने वाले शिक्षकों व शिक्षा मित्रों से खंड शिक्षाधिकारियों के माध्यम से स्पष्टीकरण मांगा।

### केजीबीवी में छुट्टी के दिन निरीक्षण करने पहुंचे बीडीओ

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** बीएसए द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में ईद को लेकर दो दिन के दिए गए अवकाश के बाद भी बीडीओ शुक्रवार को निरीक्षण करने पहुंच गए। यही नहीं उन्होंने विद्यालय बंद होने के साथ शिक्षक, वार्डेन समेत एक भी छात्रा न होने की बात कहकर रिपोर्ट सीडीओ समेत कई अन्य अधिकारियों को भेज दी। ईद पर्व को लेकर बीएसए संतोष देव पांडेय ने क्षेत्र के केजीबीवी महमूदाबाद में दो दिनों का अवकाश घोषित किया था। गुरुवार को भी छुट्टी होने के बावजूद बीडीओ अमित त्रिपाठी ने स्कूल का निरीक्षण किया। वहां उन्हें केवल होमगार्ड और अनुचर मिले। उन्होंने रिपोर्ट में लिखा कि निरीक्षण में छात्राएं अनुपस्थित मिलीं। वार्डेन व शिक्षक भी गायब मिले।

### पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार:** सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने शुक्रवार को क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया तथा पोलिंग बूथों पर आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। एडीओ पंचायत जानकीराम बांसा, बड़ागांव, धरौली के करीब 15 पोलिंग बूथों पर रैम्प, दिव्यांग शौचालय आदि का जायजा लिया तथा बूथों पर मौजूद बीएलओ से आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। एडीओ ने बताया कि बूथों को निरीक्षण किया गया है। स्कूलों में रैंप, शौचालय की सुविधा, पेयजल, कर्मचारियों के ठहरने की सुविधा, पेयजल, विद्युत व वाहन पहुंचने के रास्ते आदि को देखा जा रहा है। जो कमी होगी, उसे सही कराने का निर्देश दिया जा रहा है। स्कूल के प्रधानाध्यापक एव ग्राम प्रधानों के सहयोग से सुविधाओं को दुरुस्त किया जाएगा। बूथों पर कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

## सरकारी भूमि पर उग रही माफिया की फसल

**नजरअंदाजी**

- दो वर्ष से तहसील प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई
- तहसीलदार बोलीं- मुझे नहीं है इस बारे में जानकारी

विवेक शुक्ला, रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के सरयू नदी की तलहटी में पड़ी राजस्व की हजारों एकड़ सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर भूमाफिया फसलें लगाकर मोटी कमाई कर रहे हैं। हालांकि विगत दो वर्ष पूर्व तहसील प्रशासन द्वारा फसल की नीलामी की गई थी। जिससे राजस्व का लाखों का फायदा हुआ था। बीते वर्ष प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर भूमाफिया पूरी फसल काट ले गए थे। जिससे राजस्व को लाखों का चूना भी लग चुका है।

इस वर्ष भी भूमाफिया द्वारा राजस्व की भूमि पर गेहूं की फसल उपजाकर कंबाइन मशीन से कटाई



सरकारी भूमि पर फसल की कटाई करती कंबाइन मशीन। अमृत विचार

की जा रही है। तहसील प्रशासन की नजरें वहां तक नही पहुंच पा रही है। ज्ञात हो कि तहसील क्षेत्र के सरयू नदी की तलहटी में बसे ग्राम गणेशपुर, बड़नपुर, करमुल्लापुर, भिटौली सहित दर्जनों गांवों की हजारों एकड़ सरकारी भूमि पर भूमाफिया द्वारा गेहूं व लौकी, परवल तथा खरबूजा, तरबूज सहित विभिन्न फसलें उगाकर कमाई कर रहे हैं। कुछ वर्षों पूर्व तहसील प्रशासन द्वारा इन फसलों की नीलामी भी कर दी जाती थी लेकिन दो वर्षों से तहसील प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। तहसीलदार महिमा मिश्रा बताती हैं कि इसकी जानकारी नहीं है। शीघ्र ही जानकारी कर कार्रवाई की जाएगी।

### विद्यालय पहुंचा प्रतिनिधिमंडल

**सूरतगंज, बाराबंकी: अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय हरक्का पहुंचकर अध्यापकों से मुलाकात की। उन्होंने शिक्षकों से दुर्घटना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। दुर्घटना में घायल बच्चों के घर जाकर उनके परिवार व बच्चों से हाल-चाल भी पूछा और उनकी समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन भी दिया।

प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व अशोक कुमार सिंह जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ बाराबंकी ने किया। उनके साथ मोहम्मद इखलाख जिला महामंत्री, अनिल कुमार ब्लॉक अध्यक्ष फतेहपुर, सल्पूराम जिला संयुक्त मंत्री, विनीत राय जिला आय व्यय निरीक्षक आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### संजय सिंह ने हाजी वारिस अली की मजार पर टेका माथा



**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के नेता व राज्यसभा के सदस्य संजय सिंह ने पत्नी के साथ सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की मजार पर माथा टेका और अमन चैन की दुआ मांगी। गुरुवार की शाम आप सांसद संजय सिंह पत्नी अनीता सिंह के साथ कस्बा देवा पहुंचे। जहां कांग्रेस नेता शहजादे आलम वारसी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह कस्बा स्थित सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की दरगाह पहुंचे और चादर चढ़ाकर अमन-चैन की दुआ मांगी। संजय सिंह ने आस्ताना मैनेजर से मुलाकात कर हाजी वारिस अली शाह के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर आफताब अनवर अल्वी, जीशान अली दानिशी, फैज अली, अरस्लान और वीरेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

### जैदपुर में भाजपा चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन



कार्यकर्ताओं को संबोधित करतीं राजरानी रावत। अमृत विचार

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर जैदपुर में बेलहा बाबा मंदिर के पास शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी राजरानी रावत के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। चुनाव कार्यालय के उद्घाटन से पहले मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन हुआ। ढसके बाद भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने फीता काटकर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। राजरानी रावत ने कार्यकर्ताओं से जीतोड़ मेहनत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह चुनाव हम सबका चुनाव है। इस मौके पर जैदपुर विधानसभा से पूर्व भाजपा प्रत्याशी अमरीश रावत समेत कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा सरकार में अराजकता का बोलबाला : गौरव रावत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बाराबंकी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया ने शुक्रवार को सपा विधायक गौरव रावत के साथ विधानसभा जैदपुर के नवाबपुर कोड़री, कन्हवापुर, न्योछना तथा सिद्धौर में जनसम्पर्क किया। इस दौरान विधायक गौरव रावत ने कहा कि भाजपा सरकार जबसे सत्ता में आई है, चारों तरफ अराजकता और अव्यवस्था का बोलबाला है। कानून व्यवस्था की स्थिति गंभीर है। महंगाई से जनता पीड़ित है। जनता भाजपा के असली चेहरे को पहचान गयी है। वहीं तनुज पुनिया ने कहा कि कांग्रेस जुमलों में नहीं बल्कि विकास में विश्वास करती है। पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में देश के अन्नदाता को जो गारंटी देने का वादा किया है। उससे खुशहाली आएगी और देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मजबूत होगी।



लोगों से मुलाकात करते तनुज पुनिया व गौरव रावत।

# पोलिंग बूथों पर जल्द दुरुस्त कराएं व्यवस्थाएं

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान के दिन मतदाताओं को कोई असुविधा न हो इसे लेकर उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह द्वारा लगातार पोलिंग स्टेशनों का निरीक्षण किया जा रहा है और कमियां पाए जाने पर लगातार सुधार के निर्देश दिए जा रहे हैं।

एसडीएम अनुराग सिंह ने हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मंझार, मौलाबाद, करमेंमऊ, दौलतपुर, मकनपुर, जौरस एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय जौरास सहित एक दर्जन मत देय स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय जौरास व दौलतपुर में शौचालय की स्थिति खराब होने



बूथ का निरीक्षण करते एसडीएम व सीओ

भवनों का रंग रोगन न होने और मेंटेनेंस के अभाव को ध्यान में रखते हुए बीईओ त्रिवेदीगंज को निर्देश दिए गए हैं। अब तक उनके द्वारा 125 से अधिक बूथों का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण कर उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया जा चुका है। और जहां कहीं थोड़ी बहुत कमी रह भी गई है उसको तत्काल पूरा करने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए जा चुके हैं।

### वॉटर कूलर की टोंटी तो कहीं टूटी है खिड़की

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। लेकिन कई मतदान केंद्रों की स्थिति ठीक नहीं है। बिजली, पानी व शौचालय की समस्या आम है। क्षेत्रीय अधिकारी भी इन समस्याओं से भलीभांति परिचित हैं। इसके बाद भी इन्हें दूर कराने का प्रयास नहीं हो रहा है।

शुक्रवार को ब्लॉक बनीकोडर के बूथ संख्या 315 प्राथमिक विद्यालय धरौली, मतदान केंद्र की पड़ताल की तो यह हकीकत सामने आई। यहां के शौचालय काफी बदहाल हैं। विद्यालय में लगे वॉटर फ्रीजर की टोंटी गायब है। ऐसे में मतदाताओं के साथ चुनाव कार्मिकों को पानी पीने में दिक्कतें आएंगी। वहीं यहां की खिड़की टूटी है, बिजली व्यवस्था नाम मात्र है। ऐसे में पोलिंग पार्टियों के



प्राथमिक विद्यालय धरौली।

रात में रुकने के साथ मतदान के दिन भी अव्यवस्थाएं हावी रहेंगी। इसी प्रकार बनीकोडर ब्लॉक के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय सूपामऊ, पूरे शुक्लन में पोलिंग बूथ तक पहुंचने का रास्ता खराब है। यह हाल तब है जब जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार लगातार बूथों का निरीक्षण कर वहां की सुविधाओं को परख रहे हैं। बावजूद जिम्मेदार गंभीर नहीं दिख रहे हैं। ऐसे में चुनाव के समय मतदान कार्मिकों और मतदाताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।



वॉटर फ्रीजर की टूटी हुई टोंटी।


**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**

एच0सी0जे0 नं0 33 भाग 7
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय स्थान जिला बाराबंकी
ता0पेशी-24.04.2024
वाद संख्या- सन् 2024 ई0
लक्ष्मी जायसवाल- वादी
बनाम
ग्राम सभा -प्रतिवादी

बृजलाल पुत्र राम खेलावन नि0-बाल बिहार कालोनी जिला व शहर लखनऊ
चूंकि उपरिनामांकित वादी मुकदमा ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि कागज दुरस्तीवाद है अतएव आपका एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 200 के दिवस को पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हैं और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आप 2024 के 04 के 10 दिवस को निकासी गयी।

**न्यायालय की मोहर**


### कूड़े के ढेर में आग लगने से तीन वाहन जले

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक ढाबे के पीछे कूड़े के ढेर से लगी आग में तीन वाहन जल गए। आग की लपटों को देख हाइवे के किनारे के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से आग को काबू किया गया। शुक्रवार की दोपहर हाईवे पर स्थित ग्राम रसौली के निकट एक ढाबे के पीछे से अचानक आग की लपटें देख लोग सहम गये। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग के विकराल रूप को देखकर हाईवे किनारे के दुकानदारों मे हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। इस दौरान ढाबे के पीछे कबाड़ में खड़ी एक नैनो कार, हाफ डाला और एक वैन जल गई।



आग बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

**उपेक्षा** नहीं शुरू हो सकी रामनगर की बुढ़वल चीनी मिल

# जिले में बंद पड़ी हैं दो दर्जन फैक्ट्रियां

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सियासी गढ़ कहे जाने वाले बाराबंकी में सियासत तो परवान चढ़ती रही, लेकिन औद्योगिक विकास की ओर ध्यान नहीं दिया गया। यही वजह रही कि बड़ी से लेकर छोटी तक दो दो दर्जन फैक्ट्रियां बंद हो चुकी हैं। इनमें दो शुगर मिल, एक कताई मिल, सोमैया आर्गेनिक, जीआर एग्रो कम्पनियां शामिल है। मौजूदा सरकार ने बेरोजगारी का दंश झेल रहे इस जिले मे औद्योगिक विकास को लेकर काफी प्रयास किये और रोजगार को बढ़ावा देने



बंद पड़ी रामनगर की बुढ़वल चीनी मिल। अमृत विचार

के लिए एक इंडस्ट्रियल एरिया विकसित किया जहां सैकड़ों युवाओं को रोजगार मिला। कुर्सी व रामसनेही घाट में भी उद्योग स्थापित करने के लिए इंडस्ट्रियल एरिया विकसित किया गया। रामनगर की बुढ़वल चीनी मिल को चालू करने के लिए विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वादा किया था मगर सात साल बीत जाने के बाद भी चीनी मिल शुरू नहीं हो सकी। मछपुरवा शुगर मिल की जमीन तो बसपा सरकार में नीलाम कर दी गई थी।

### एकमात्र कताई मिल हुई बंद

जिले में दो औद्योगिक क्षेत्र और चार मिनी औद्योगिक क्षेत्र स्थित हैं। सरकारी क्षेत्र की एकमात्र कताई मिल अब दम तोड़ चुकी है। हजारों मजदूर और कर्मचारी बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। सोमैया आर्गेनिक्स जैसे उद्योग बंद हो चुके हैं। देवा रोड के औद्योगिक आस्थान में स्थित अधिकांश उद्योगों में ताले लग चुके हैं।

### बंद चीनी मिलों के कारण गन्ने की फसल की नहीं मिल रही कीमत

गन्ना उत्पादन में भी इस जिले ने कीर्तिमान कायम किया लेकिन यहां की दो चीनी मिलें बंद हो चुकी हैं। एकमात्र बलरामपुर चीनी मिल ही चल रही है। यही कारण है यहां के किसान अब अयोध्या की चीनी मिलों पर निर्भर होते जा रहे हैं। जिसका परिणाम है कि गन्ने का क्षेत्रफल अब मात्र 3.5 प्रतिशत रह गया है।


प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्री का नाम गुनगुन उर्फ अक्षिता सिंह है अत: इसे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। इसका सही जन्मतिथि 01/04/2009 है। **- सत्येन्द्र सिंह, निवासी- सोनपुर, तुलसीपुर जि.बलरामपुर।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम वास्तव में **सावित्री पत्नी रामकुमार, निवासी- ग्राम जाजनपुर, पोस्ट बेहटा, थाना व तहसील बीघापुर, जनपद उन्नाव** निवासी हूं। लेकिन त्रुटिवश मेरा नाम सरोजनी अंकित हो गया है। मुझे सावित्री पत्नी रामकुमार पता उपरोक्त के नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे ड्राईविंग लाइसेंस संख्या यूपी 76201700075852 में पिता का नाम त्रुटिवस राकेश अंकित है। आधार कार्ड के अनुसार मेरे पिता का नाम मास्टर है इसे ही सही माना जाए। **- देवेंद्र सिंह पुत्र मास्टर, निवासी- बरई सराय ,फर्रूखाबाद**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **लाल मोहम्मद पुत्र जुम्मन निवासी ग्राम बिकई थाना व तहसील ऊंचाहार जनपद रायबरेली** का निवासी हूं। मैंने अपने पुत्र मोहम्मद जावेद पुत्र लाल मोहम्मद व बहू सना बानो पत्नी मोहम्मद जावेद को उसके ग़लत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। वह अपने समस्त प्रकार के कार्यो व कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Subham Modi (शुभम मोदी) से बदलकर Shubham Modi (शुभम मोदी) रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **- शुभम मोदी पुत्र परमानंद मोदी ग्राम मेन रोड गांधीनगर, पोस्ट गांधीनगर, थाना कोतवाली, जिला बस्ती।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा आईसीएसई बोर्ड 2019 का हाईस्कूल का अंक पत्र जिसकी यूनिक आईडी 6907573 तथा इंडेक्स नंबर 1196301/064 है, तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2021 का पास प्रमाण पत्र जिसकी यूनिक आईडी 6907573 तथा इंडेक्स नंबर 2213941/051 है, कहीं खो गया है।- **अभिराज सचान पुत्र राकेश कुमार सचान, निवासी- बी.08 स्वप्निल संगम सोसाइटी थाना बिजनौर लखनऊ**

**सूचना**
सर्वधारण को सूचित किया जाता है मेरे आधार पर मेरा नाम प्रेम लिखा है। जबकि मेरा पूरा नाम प्रेम नारायन साहू पुत्र बंशी लाल साहू है। लोग मुझे दोनों नाम से जानते व पहचानते हैं। मेरे एलआईसी बांड में भी मेरा नाम प्रेम नारायन साहू दर्ज है। **- प्रेम नारायन साहू पुत्र बंशी लाल साहू , ग्राम पंचायत सिंगाही, पोस्ट-रैपुरा, थाना- फखरपुर बहराइच**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं मक्खन लाल सिंह पुत्र हीरा सिंह अपने छोटे बेटे अरविंद सिंह से काफी परेशान रहता हूं। उसके चाल-चलन से परिवार के लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मैं अपने छोटे बेटे अरविंद सिंह को अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार के लोगों से उसका कोई लेना देना नहीं है। **-मक्खन लाल सिंह पुत्र हीरा सिंह, निवासी-मो0 चिक्कीपुरा, निकट-काली मंदिर, थाना- कोतवाली नगर बहराइच**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **दिलीप कुमार पुत्र स्व0 छोटे लाल, निवासी- ग्राम राजापुर इन्दौरा, परगना महोना, थाना व तहसील बक्शी का तालाब जिला लखनऊ,** मेरा छोटा पुत्र है जिसकी आयु लगभग 24 वर्ष गलत संगत का शिकार हो गया है तथा कई लोगों को गुमराह करके मेरे नाम से कर्ज ले चुका है।
वह घर परिवार में गाली- गलौज तथा मारपीट करता है इसलिए अपने पुत्र अरूण कुमार के कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ यदि वह कोई अनुचित कार्य करता है। तो मुझसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि प्लाट नं0 26 जिसका बही सं0 1 जिल्द सं0 7350 पृष्ठ सं- 181 से 126 पर क्रमांक 12315 में उपनिबन्धक कार्यालय में रजिस्टर्ड है। इसका मूल सेल डीड (Sale Deed) का आखिरी पन्ना कहीं खो गया है। इसका प्रयोग अवैध होगा। **शाखा इंडियन बैंक डी जी मेडिकल सर्विसेज कैसरबाग लखनऊ**

**सूचना**
कुछ कागजातों में मेरा नाम अमित कुमार वर्मा दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। जबकि मेरा वास्तविक नाम अभिसेक वर्मा है। अत: मेरा यही नाम नाम लिखा व पढ़ा जाये। **निवासी- गौरिया, लश्करपुर, बिसवा जिला- सीतापुर**

# मतदाताओं को जागरूक करने को निकली 500 बाइकों की रैली

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक शुक्रवार को राजकीय इण्टर कॉलेज, सीतापुर के प्रांगण से बाइक रैली निकाली का आयोजन किया गया। बाइक रैली राजकीय इण्टर कॉलेज के प्रांगण से प्रारम्भ होकर तरणताल से बायें मुड़कर, आंख अस्पताल होते हुए, बहुगुणा चौराहा पार कर, वैदेही वाटिका से बायें घूम कर स्टेशन के सामने से होते हुए, बस स्टैण्ड चैराहा से अटल चौराहा होते हुए, जीआईसी चौराहे से बायें घूम कर राजकीय इण्टर कॉलेज के प्रांगण में समाप्त हु। जहां उन्हें मतदाता शपथ ग्रहण कराई गई।

**मुहिम**

**डीएम ने सभी मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान हेतु की अपील**

लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित इस विशाल बाइक रैली का आरंभ डीएम-एसपी व नोडल अधिकारी स्वीप निधि बंसल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। मतदाता जागरूकता बाइक रैली में जनपद के लगभग 500 बाइकध्स्कूटी सवार पुरुषध्महिलाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें मुख्य प्रतिभागिता शिक्षा विभाग के अध्यापक, अध्यापिकाओं की रही। इस अवसर पर जिला



जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम-एसपी व नोडल अधिकारी निधि बंसल। अमृत विचार

निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत होगा। इसलिए सभी मतदाता लोक सभा सामान्य निर्वाचन में मतदान अवश्य करें। इसके साथ ही आसपास के लोगों को भी शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं की जागरूकता संबंधी गतिविधियां सम्पूर्ण जनपद में निरन्तर चलाई जा रही है, इसी के क्रम में जनपद के सभी विकास खंडों एवं नगरीय निकायों में भी बाइक रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि मतदान तिथि तक स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियां निरंतर संचालित की जाती रहेगी।

पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि सभी मतदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए मतदान अवश्य करें।

### बाइक रैली निकाल कर किया जागरूक

**हरगांव।** विकास खंड हरगांव मुख्यालय से शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी आत्म प्रकाश रस्तोगी ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरुकता रैली को रवाना किया। जागरुकता रैली मुख्यालय से चलकर कल्यानपुर व कस्बे की मुख्य मार्गो पर निकाली गई। इसके साथ ही विकास खंड के सभी ग्राम पंचायतों में भी मतदाता जागरुकता रैली ग्राम पंचायतों के सचिवों के नेतृत्व में निकाली गई। इस अवसर पर रैली में सहायक विकास अधिकारी पंचायत वीरसेन,धर्मेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### ब्लॉक से निकली मतदाता जागरूकता बाइक रैली

**इमलिया सुल्तानपुर/सीतापुर, अमृत विचार।** शुक्रवार को विकासखंड ऐलिया से काजी कमालपुर चैराहे तक लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। रैली में विकासखंड के ग्रामीण, सफाई कर्मचारी, ग्राम पंचायत अधिकारी व अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। रैली को खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर व एडीओ एग्रीकल्चर प्रमोद शुक्ला, एडीओ पंचायत दयाराम भारती, सहायक लेखाकार अतुल सिंह, एनआरपी मनोज श्रीवास्तव, ब्लॉक समन्वयक पवन सिंह गौर, लेखाकार संदीप कुमार पाल, कंप्यूटर ऑपरेटर सुखेंद्र सिंह, बड़े बाबू तेज कुमार,अश्वनी सिंह, अरविंद सिंह, विपिन वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### पेड़ गिरने से आवागमन रहा बाधित

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** लहरपुर बिसवां मार्ग मुख्य मार्ग पर अचानक एक विशालकाय अर्जुन का पेड़ ट्रैक्टर ट्राली पर टूट कर गिरने से आवागमन बाधित हो गया। पेड़ के ट्रॉली पर गिरने से उस पर सवार लोग बाल बाल बच गये। जानकारी के अनुसार लहरपुर से बिसवां जाने वाले मार्ग पर सूर्यकुंड मंदिर के निकट बेहड पुरवा गांव के सामने मुख्य मार्ग पर लगे सरकारी पेड़ों में से एक विशालकाय हरा भरा अर्जुन का पेड़ अचानक भरभराकर टूट कर गिर गया। जिससे लोग बाल बाल बच गए और आवागमन बधित हो गया। पैदल व बाइक सवार अगल-बगल के रास्तों से होकर अपने गंतव्य स्थान को जाते रहे। जबकि भारी वाहन मार्ग अवरुद्ध होने से नहीं निकल पा रहे हैं। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी बृजेश पांडे ने बताया कि सूचना मिली है कि पेड़ को हटाकर आवागमन सुलभ कराया गया है।

### 48 लोगों ने कार्यशाला में प्रतिभाग कर ली जानकारी

**पहला।** पेस संस्था एवं अजीम प्रेम फाउंडेशन के तत्वावधान में आज ग्राम पंचायत मलेथू में सोसल ऑडिट कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 48 लोगों ने प्रतिभाग किया। जिसमें मलेथू प्रधान हरि मोहनी मौजूद रही। प्रधान ने सभी का स्वागत परिचय करके कार्यशाला का प्रारंभ किया। उसके बाद परियोजना कार्यकर्ता शैलजाकान्त मिश्रा ने सभी को संस्था व परियोजना के बारे में जानकारी दी और रितिक ने सामाजिक अंकेक्षण के उद्देश्य के बारे में सभी सदस्यों को विस्तार पूर्वक बताया। बैठक में विधवा, वृद्धा व विकलांग पेंशन लाभार्थियों की सूची पढ़कर सुनाई गई। जिसमें उपस्थित सदस्यों ने मृतक लाभार्थियों के बारे में जानकारी दी।कार्यशाला में 14 पात्र लोगो को पेंशन योजना से जोड़ने हेतु दस्तावेज तैयार करने व आवेदन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत की पेंशन सूची पढ़कर उसका ऑडिट किया गया। जिसमे गांव के लोगो को पेंशन पा रहे लाभार्थियों के बारे में बताया गया। जिन्हे पेंशन का लाभ मिल रहा है।

### एसडीएम ने अफसरों के साथ किया बूथों का निरीक्षण

**इमलिया सुल्तानपुर/सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव करीब आने के बाद सरकारी मशीन पूरी तरह से एक्टिव मोड़ पर है। इसी को लेकर ब्रहस्पतिवार को एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र द्विवेदी व सीओ सदर सतीश कुमार ने प्राथमिक विद्यालय कचनार,कम्पोजिट विद्यालय पीतपुर पहुंचकर बूथों को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिलने वाली खामियों को लेकर सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए मौजूद ग्रामीणों से भी वार्ता की। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि यदि कहीं कोई समस्या आ रही है तो प्रशासन से जरूर साझा करें। इस दौरान कोतवाल कोतवाली देहात विमल गौतम, कचनार चौकी प्रभारी अतुल शुक्ला सहित तमाम पुलिसकर्मी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# मोदी की गारंटी नहीं, कोरोना की घंटी है सिर्फ : अखिलेश यादव

## समाजवादी पार्टी के मुखिया ने भाजपा को बताया किसान और गरीब विरोधी

**सीतापुर, अमृत विचार।** मोदी की गारंटी नहीं सिर्फ गारंटी के नाम पर जनता के सामने भाजपा घंटी बजा रही है। कोरोना में जैसे भाजपा थाली-ताली बजवा रही थी, उसी प्रकार लोकसभा चुनाव में मोदी गारंटी की घण्टी बजा रही है। भाजपा की जहां-जहां सरकार रही वहां भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ है। उत्तर प्रदेश अब भर्ती लीक प्रदेश बन गया है। भाजपा सरकार अभी तक कोई भी परीक्षा नकलविहीन सम्पन्न नहीं करा सकी हैं। उक्त बातें सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सपा विधायक के आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान कहीं।


सपा विधायक अनिल वर्मा के आवास पर परिजनों से भेंट करते सपा मुखिया अखिलेश यादव। अमृत विचार

पीलीभीत में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने के बाद हेलीकॉप्टर से सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सपा विधायक अनिल वर्मा के शहर स्थित आवास पहुंचे। अखिलेश यादव ने यहां विधायक के बेटे और पुत्र वधु को आशीर्वाद देकर आगामी जीवन की शुभकामनायें दी। विधायक आवास सपा नेताओं और गठबंधन प्रत्याशी राकेश राठौर से मुलाकात कर अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत कर भाजपा पर निशाना साधा। सवालों के जवाब देते हुये अखिलेश यादव ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड से बीजेपी डरी हुई है और जनता को इंडिया गठबंधन का साथ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव पर चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि जो सरकार गरीबों को दुख दे वो निकम्मी है और जो सरकार हमारे किसानों से लूट करे वो निकम्मी है। अखिलेश यादव ने मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड से भाजपा की पोल खुल गई है क्योंकि उसमें 10 सालों की जनता से लूट का हिसाब है। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करके गरीबों के साथ सिर्फ अत्याचार किया है।

### सरकार जहां पेपर लीक वहां

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि जहां भी भाजपा की सरकार है वहां पेपर लीक हुआ है। हरियाणा से लेकर यूपी तक एक ही भर्ती परीक्षा सरकार नहीं करवा सकी है। अखिलेश यादव ने ओमप्रकाश राजभर की मां की निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने कहा क्षत्रिय समाज भाजपा से नाराज है, क्योंकि भाजपा ने गुजरात में जिनका मान सम्मान था उस क्षत्रिय समाज की पगड़ी उछाल कर रख दी है। भाजपा की सरकार ऐसी ही है जहां किसी का मान सम्मान नहीं है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन को जनता का लगाव मिल रहा है इसी के चलते भाजपा घबराई हुई है।

### इलेक्टोरल बांड पर भाजपा का कोई जवाब नहीं

अखिलेश यादव ने इलेक्टोरल बांड के सहारे भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के पास बांड को लेकर कोई जवाब नहीं है। भाजपा सरकार अग्निवीर जैसी योजना ला सकती है अगर कहीं पुलिस में भी ऐसी योजना ले आये तो बताओं युवाओं का क्या होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नौकरी और आरक्षण न देने के चक्कर में युवाओं का भविष्य अंधकार में डाल रही है। उन्होंने कहा कि जनता को भाजपा से सावधान रहने की जरूरत है और हम मतदान के साथ सावधान रहने की भी अपील कर रहे है।

### मतदाता जागरूकता के लिए पहल



**लहरपुर, अमृत विचार।** नायब तहसीलदार अशोक कुमार यादव एवं खण्ड विकास अधिकारी प्रीति तिवारी ने ब्लाक कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते हुए रैली में प्रतिभाग किया। रैली में शामिल विभिन्न विभागों के कर्मचारी और आमजन बैनर और स्लोगन लिखी तख्तियां हाथों में ले कर नारे लगाते हुए विकास क्षेत्र के एक दर्जन से भी अधिक गांवों का भ्रमण कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शिक्षक अनवर अली, संदीप कुमार वर्मा, जुबेर वारिस, रामचन्द्र वर्मा, रईस अहमद अंसारी, अधिवक्ता जेड आर रहमानी , शिक्षक तथा समाज सेवी सम्मिलित हुए। अमृत विचार

### मेडिकल स्टोर संचालक व डॉक्टर के बीच हुई मारपीट

**महमूदाबाद।** महमूदाबाद नगर स्थित सीएचसी में गुरुवार रात इमरजेंसी वार्ड के अंदर डॉक्टर और मेडिकल स्टोर संचालक के बीच मारपीट हो गई। चिकित्सक के पद पर तैनात नंदलाल गुप्ता ने पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए मेडिकल स्टोर संचालक पर आरोप लगाया है कि आरोपी अंशुल जायसवाल के द्वारा इमरजेंसी वार्ड के भीतर घुसकर चिकित्सक को मारा पीटा गया है। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ मेडिकल स्टोर संचालक अंशुल जायसवाल ने भी पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें आरोप लगाया है कि मोटे कमीशन के चलते उनकी दुकान से दवा लेकर जाने वाले मरीज से तीन बार दवा वापस कराई गई। इंस्पेक्टर महमूदाबाद अनिल सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## सार-संक्षेप

### पंचमी पर कालीपीठ स्थित मां धूमावती के आज होंगे दर्शन

**सीतापुर,अमृत विचार।** देवी भक्तों को इस बार चैत्र नवरात्र की पंचमी को मां धूमावती के दर्शन-पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। मां धूमावती के दर्शन नवरात्र के शनिवार को ही होते हैं। मान्यता है कि नवरात्र के शनिवार के अलावा अन्य दिनों में मां धूमावती का दर्शन व पूजन नहीं किया जाता है। जिले में नैमिषारण स्थित कालीपीठ में मां धूमावती का दरबार स्थापित है। आज मां घूमावती के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगेगा।



नैमिषारण्य स्थित मां धूमावती। अमृत विचार

कालीपीठ मंदिर के पीठाधीश्वर एवं ललिता देवी मंदिर के प्रधान पुजारी गोपाल शास्त्री ने बताया कि भक्तों के लिए कालीपीठ और मां धूमावती का दरबार शनिवार 13 अप्रैल को खुला रहेगा। माता का श्रंगार, दर्शन, पूजन, आरती, हवन आदि परंपरानुसार होंगे। उन्होंने बताया कि इस दिन की प्रतीक्षा सभी श्रद्धालुओं को रहती है। उन्होंने बताया कि दस महाविद्या उग्र देवी धूमावती देवी का स्वरूप विधवा का है। कौवा इनका वाहन है, वह श्वेत वस्त्र धारण किए हुए हैं। खुले केश उनके रूप को और भी भयंकर बना देते हैं। संभवतरू इसी कारण से इनका प्रतिदिन दर्शन करने की परंपरा नहीं है। उन्होंने बताया कि मां का स्वरूप कितना ही उग्र क्यों न हो संतान के लिये वह हमेशा ही कल्याणकारी होता है। मां धूमावती के दर्शन-पूजन से अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है। नवरात्र के शनिवार को काले कपडे में काले तिल मां के चरणों में भेंट कर उनसे मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए आराधना की जाती है।

पीठाधीश्वर गोपाल शास्त्री ने बताया कि परंपरा है कि सुहागिनें मां धूमावती की मूर्ति का स्पर्श नहीं करती हैं। वह केवल दूर से ही मां के दर्शन कर सकती हैं। मां धूमावती के दर्शन से सुहागिनों का सुहाग अमर हो जाता है। पुत्र और पति की रक्षा के लिए इनके दर्शन अवश्य करने चाहिए। उन्होंने बताया कि मां धूमावती का ये स्वरूप श्री पीतांबरा पीठ दतिया ( मध्य प्रदेश) या फिर नैमिषारण्य के कालीपीठ संस्थान में ही है। कालीपीठ मंदिर के संचालक और महन्त पुजारी भाष्कर शास्त्री ने बताया कि प्रसिद्ध दक्षिण मुखी कालीपीठ मंदिर में इस बार चैत्र नवरात्रि के अवसर पर विशेष पूजन एवं अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि के दौरान मां काली की विशेष आराधना, कलश स्थापना के साथ ही रामचरित मानस पाठ व दुर्गाशप्तसती के पाठ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उन्होंनें बताया कि इस बार अयोध्या में राम लला का भव्य मंदिर में जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। इसलिए श्रीरामचरित मानस का विशेष पाठ भी किया जायेगा। वैसे प्रत्येक नवरात्रि में यहां मानस पाठ समेत विभिन्न देवी अनुष्ठान आयोजित किये जाते हैं।

# गन्ना भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली खाई में पलटने से युवक की मौत

**महोली, अमृत विचार।** कोतवाली इलाके में खेत से ट्रैक्टर ट्रॉली में गन्ना भरकर गुड़बेल पर बेचने आ रहे एक युवक की सड़क पर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से मौत हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर महोली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कस्बे के महसुनिया गंज वार्ड निवासी मोहित सिंह (22) पुत्र तारा सिंह कुसैला-मिश्रिख मार्ग पर बसे कुतुलूपुर गांव स्थित अपने खेत से ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ना भरकर कुसैला की गुड़बेल पर बेचने आ रहा था। बताया जा रहा है कि पीछे आ रहे वाहन को साइड देने के चक्कर में गन्ना भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। इस दौरान मोहित सिंह की मौत हो गई। आनन-फानन में परिजन मोहित को लेकर कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां चिकित्सीय परीक्षण के बाद डाक्टर ने मोहित को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सड़क हादसे में मोहित की मौत के बाद घर में चीख-पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि इससे पहले मोहित दिल्ली में काम करता था, लेकिन होली पर घर आने के बाद खेती-किसानी के कामों में पिता की मदद करता था। इंस्पेक्टर उमाकांत शुक्ल ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।


मोहित सिंह (फाइल फोटो)

# कूड़े के ढेर में मिला नवजात का शव

**सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली नगर इलाके में एक नवजात शिशु का शव झाड़ियों में मिलने से हड़कंप मच गया। कपड़े में लिपटे हुए शिशु से दुर्गंध आने पर पर स्थानीय लोगो ने देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

नगर क्षेत्र के मोहल्ला सिविल लाइन स्थित कूड़ा अपशिष्ट केंद्र के समीप झाड़ियों में गुरुवार शाम दुर्गंध आने पर स्थानीय लोगो ने झाड़ियों में देखा तो उसके होश फाख्ता हो गये। झाड़ियों में नवजात का शव कपड़े में लिपटा हुआ पड़ा था। स्थानीय सभासद ने मामले की सूचना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि कूड़े के ढेर में नवजात का शव मिला था। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। स्थानीय सभासद राकेश कुमार का कहना है कि आस-पास के निजी हॉस्पिटल की वजह से ऐसी घटनाएं आम होती जा रही है। इन अस्पतालों की जांच होनी चाहिए।


शव मिलने के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोग। अमृत विचार

**डीटीडी कूड़ा कलेक्शन** एक सप्ताह से दुकानों के सामने लगे थे कीचड़ के ढ़ेर, गुरुवार को हटाया

# आईना देखने के बाद ईओ ने सड़क से हटवाया कीचड़

**खबर का असर**

**महोली/सीतापुर, अमृत विचार।** नगर पंचायत में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन योजना चलाकर स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने का दावा करने वाले नगर पंचायत के जिम्मेदारों ने आईना देखने के बाद दुकानों के सामने लगे कीचड़ के ढ़ेर को हटवाया। ईओ सहित जिम्मेदारों को यह आईना 'अमृत विचार' ने गुरूवार को प्रकाशित अंक में दिखाया था।


दुकानों के सामने लगे कूड़े को हटाते नगर पंचायत के कर्मी।



गुरुवार को प्रकाशित खबर। अमृत विचार

बताते चलें कि गुरुवार के अंक में अमृत विचार ने श्दुकानों के आगे भरा कीचड़, दुकानदार परेशानश् शीर्षक से खबर प्रकाशित कर नगर पंचायत प्रशासन के स्वच्छता अभियान के दावों की जमीनी हकीकत की पोल खोल कर रख दी थी। दुकानदारों का कहना था कि मुख्य बाजार में मिल गेट के पास दुकानों के आगे करीब एक सप्ताह से कूड़े के ढ़ेर लगे थे, शिकायत के बावजूद नगर पंचायत के कर्मचारी उसे हटाने नहीं आ रहे थे। इससे दुकानदार परेशान थे। अमृत विचार ने दुकानदारों का दर्द उकेरते हुए उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराने का प्रयास किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद नगर पंचायत प्रशासन हरकत में आया। गुरूवार की सुबह प्रभारी ईओ सर्वेश मिश्र के निर्देश के बाद नगर पंचायत के सफाई कर्मियों की टीम कूड़ा वाहन लेकर कस्बे के मुख्य बाजार पहुंची। यहां टीम ने दुकानों के सामने लगे कीचड़ के ढेर को वाहन में भरा और कूड़ाघर में डंप किया। कर्मचारियों ने झाड़ू लगाकर मुख्य बाजार की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया। व्यापार मंडल ने 'अमृत विचार' को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# सुरक्षा बलों ने संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च कर लिया जायजा

रामपुर मथुरा/सीतापुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए जाने को लेकर रामपुर मथुरा थाना इलाके में पुलिस ने पीएसी बल के जवानों के साथ कस्बे व संवेदनशील मतदान केंद्रों वाले गांवों का पैदल रूट मार्च कर भ्रमण किया।

पुलिस एवं पीएसी बल के साथ पैदल रूट मार्च में थाना प्रभारी महेश चंद्र पांडे, वरिष्ठ उप निरीक्षक फूलचंद सरोज, उपनिरीक्षक अशोक सोनकर, चैकी इंचार्ज उमाकांत सविता,सहित सभी आरक्षी मौजूद रहे। क्षेत्रीय पुलिस और एक बस एक ट्रक व पीएसी फोर्स द्वारा रामपुर मथुरा क्षेत्र के बहादुरगंज,रामपुर मथुरा, भगौतीपुर, बांसुरा, चंदापुर आदि प्रमुख कस्बों में भ्रमण कर मतदाताओं को संदेश देते हुए कहा कि मतदान वाले दिन निर्भीक और निडर होकर बिना किसी लालच जोर दबाव के आप लोग मतदान करें। आपकी सुरक्षा के लिए पैरामिलिट्री फोर्स तैनात रहेगी।


पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च करते थानाध्यक्ष। अमृत विचार

# सुसाइड नोट में दरोगा ने थानाध्यक्ष पर लगाए आरोप

## सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ सुसाइड नोट, आरक्षी से दरोगा बनने का तय किया था सफर



चौकी के बाहर पूछताछ करते एसपी चक्रेश मिश्रा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** मछरेहटा थाना इलाके में तैनात दरोगा ने शुक्रवार की सुबह सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर ली। थाना परिसर में गोली की आवाज सुनकर घटनास्थल की तरफ दौड़े पुलिसकर्मियों आनन-फानन में दरोगा को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की जानकारी परिजनों को देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दरोगा ने मौत से पहले थानाध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए एक सुसाइड नोट छोड़ा है। पुलिस सुसाइड नोट को संज्ञान में लेकर मामलेकीछानबीनकररहीहै।

जानकारी के अनुसार अक्टूबर माह में कोतवाली देहात से मछरेहटा थाने में तैनाती पाये दरोगा मनोज कुमार निवासी ग्राम जलाला थाना कल्याणपुर जनपद फतेहपुर ने सुबह सरकारी आवास से निकलकर फ़ोन पर किसी व्यक्ति से बातचीत की।

बताया जाता है कि कुछ समय बाद दरोगा मनोज कुमार थाना परिसर में सर्विस रिवाल्वर से गोली मार ली। गोली लगने से खून से लथपथ दरोगा को पुलिसकर्मी सीएचसी से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने दरोगा को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने दरोगा के परिजनों को सूचना देकर घटना की जानकारी पुलिसकर्मियों से ली। दरोगा की मौत के कुछ घंटे बाद सोशल मीडिया पर एक सुसाइड नोट प्रसारितहुआ। जिसमे दरोगा की मौत की वजह कुछ हद तक साफ़ कर दी है। लेकिन जिम्मेदार अफसर सुसाइड नोट के बाद ममाले की जांच पड़ताल की बात कह रहे है। दरोगा की मौत के बाद सीतापुर पहुंचे परिजनों ने दरोगा पर काम का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की गहनता से जाँचकर रही है। इनसेट

### आरक्षी से दरोगा बने मनोज कुमार

बताया जाता है कि मृतक मनोज कुमार वर्ष 1990 में पुलिस विभाग में आरक्षी के पद पर भर्ती हुए थे। परिजनों ने बताया कि वह 2023 में प्रमोशन पाकर वह दरोगा बन गए थे। सीतापुर कोतवाली देहात में तैनाती के बाद उन्हें 31 अक्टूबर 2023 को थाना मछरेहटा में ट्रांसफर कर दिया गया था। मछरेहटा थाने में दरोगा मनोज कुमार पिछले 5 महीने से वह हलका नंबर-4 में तैनात थे। बताया जाता है कि वारदात से कुछ समय पहले दरोगा ने फोन पर किसी से बात की और फिर सर्विस रिवाल्वर से गोली मार ली।

### भाई-बहनों में बड़े थे दरोगा मनोज

रोगा मनोज कुमार गरीब परिवार में जन्मे थे। पिता रामऔतार गौड़ ने मेहनत-मजदूरी कर 10 बच्चों का पालन पोषण किया। 8 बहनों और दो भाइयों में दरोगा मनोज कुमार सबसे बड़े थे। पैतृक निवास फतेहपुर के अलावा लखनऊ के बिजनौर इलाके में भी उनका घर था। जहां उनकी पत्नी गीता देवी और तीन बच्चे ऋतिक उर्फ आकाश, आंचल और शिवेंद्र उर्फ सिब्बू के साथ रहते थे। मार्च में वह 5 दिनों की छुट्टी में अपने घर भी आए थे।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ सुसाइड नोट

दरोगा मनोज कुमार की मौत के बाद एक सुसाइड नोट सोशल मीडिया पर प्रसारित होने से हड़कंप मच गया। पुलिसकर्मी पहले तो सुसाइड नोट मिलने की बात से इंकार करते रहे। दरोगा ने सुसाइड नोट में मछरेहटा थाने के राज बहादुर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दरोगा में लेटर में लिखा है कि - कार्रवाई हेतु, श्रीमान जी आप सभी जनमानस को हम जानकारी देते हैं कि जो भी कर्मी निष्ठावान तरीके से जितना भी काम कर्म और ड्यूटी करे, अगर वह अपने अधिकारियों को हर महीने चढ़ावा न चढ़ाए तो सब बेकार है। कार्यालय के लोगों को समझना पड़ता है।

### थानाध्यक्ष सहित 5 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर करने का भेजा प्रस्ताव

पुलिस मीडिया सेल पर जारी प्रेस नोट के अनुसार दरोगा की मौत मामले में सुसाइड नोट मिलने के बाद थानाध्यक्ष सहित 5 पुलिसकर्मियों को एसपी ने लाइन हाजिर करने का प्रस्ताव चुनाव आयोग को भेजा है। जिसमे प्रभारी निरीक्षक श्री राजबहादुर, मुख्य आरक्षी रंजीत कुमार यादव, मुख्य आरक्षी अबू हादी, आरक्षी सुनील कुमार, आरक्षी शाने आलम शामिल है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि मृतक उप निरीक्षक मनोज कुमार के शव के पोस्टमार्टम की कार्यवाही के उपरान्त उनका शव उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। जिनके द्वारा पारम्परिक रीति-रिवाज के अनुसार उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

> दरोगा ने सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। दरोगा द्वारा परिवार को भेजे गये सुसाइड नोट की जांच कराई जा रही है। सुसाइड नोट में वर्कलोड सहित अन्य चीजों का जिक्र किया गया है। थानाध्यक्ष पर लगाए गये आरोपो की भी जांच कराई जा रही है। परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस हर पहलु की जांच पड़ताल कर रही है।
>
> -राजेश यादव, सीओ मिश्रिख

### थानाध्यक्ष पर लगे गंभीर आरोप

दरोगा से सुसाइड नोट में लिखा था कि थाना मछरेहटा में जब से थानाध्यक्ष राजबहादुर आए हैं तभी से सभी कर्मचारी परेशान हैं। वह सभी विवेचनाओं में रुपये की मांग करते हैं। मांग पूरी नहीं होने पर अभद्र टिप्पणी और अपमानित करते हैं। दरोगा ने आगे भी कुछ अन्य लोगों के नाम लिखे हैं। उन्होंने लेटर में एक लापता किशोरी के बरामद नहीं होने का भी जिक्र किया है। लिखा है कि इस केस में हमारी अकेले ड्यूटी लगाई गई। मैं अकेले ही काम करता रहा। किसी ने मेरा सहयोग नहीं किया। दरोगा के इस लेटर के बाद कई बड़े सवाल खड़े हो गये है।

# मधुमक्खियों को भगाने में लगी आग, 7 घर जले



आग से मौके पर जला सामान और मौके पर मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** थानगांव थानां इलाके में गुरुवार को डेहरी में लगी मधुमक्खियों का शहद निकालते वक्त अचानक आग लग गई। भीषण आग से गांव के करीब 7 घर जलकर खाक हो गये। स्थानीय ग्रामीणों की मदत से दमकल विभाग ने बेकाबू आग लपटों पर काबू पाया। तहसीलदार बिसवां के निर्देशन में मौके पर पहुंचे लेखपाल, कानूनगो ने आग से नुकसान का आंकलन किया है।

क्षेत्र के ग्राम प्रधान औतार सिंह ने बताया कि महेशपुर के मजरा टपरा गाँव में राजाराम के झोपड़ी के अंदर रखी मिट्टी की डेहरी में मधुमखियों ने अपना आशियाना बना रखा था। घर पर बच्चे ही थे। गुरुवार की दोपहर राजाराम ने शहद निकालने के चक्कर में माचिस कबाड़ में आग लगा दी। आग हवा के चलते झोपड़ी तक पहुंच गई और बेकाबू होकर लपटों में तब्दील हो गई। इस आग से परिवार के ही पड़ोसी घर बद्री, राम मिलन, मैकू, जगदीश, ढोढे, विशम्भर, आदि लोगो के घरों को भी आग ने आगोश में ले लिया। ग्राम प्रधान के बताया कि 7 घरों के जलने से लगभग नगदी समेत ढाई से तीन लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। सौरभ श्रीवास्तव राजस्व कर्मचारी ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन किया।

- **तीन लाख से अधिक संपत्ति जलकर खाक**
- **राजस्व कर्मियों ने किया नुकसान का आंकलन**

तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि अग्नि लगने का कारण पता किया जा रहा। लेखपाल भेजकर पीड़ितों को कम्बल तिरपाल दिलाये गये है। अन्य नुकसान की भी बहुत जल्द सहायता प्रदान कराई जाएगी।

# धौरहरा में जनता मांग रही बदलाव : आनंद

**सीतापुर, अमृत विचार।** धौरहरा संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने अपने चुनाव प्रचार अभियान को गति देते हुए शुक्रवार को मितौली क्षेत्र में ताबड़तोड़ जनसभाएं कर मतदाताओं से मतदान करने की अपील की है।

सपा प्रत्याशी ने मितौली कस्बा सहित क्षेत्र के परसेहरा, जमौरा, भीखमपुर, डोकरपुर, अवधपुर, सैतापुर, महमदपुर आदि गांवों में नुक्कड़ सभाएं की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। बीते दस सालों से केंद्र में एक ही पार्टी की सरकार है। धौरहरा से उसी पार्टी की सांसद भी है। लेकिन धौरहरा में विकास के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ है। सपा प्रत्याशी ने धौरहरा क्षेत्र के विकास के लिए लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस बार जनता बदलाव मांग रही है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग किसानों पर थार चढ़ाने का काम किया, उन्हें मोदी सरकार ने सम्मान देने का काम किया है। सपा नाम बदलने में नहीं बल्कि काम करने में विश्वास रखती है। भाजपा के लोगों ने भ्रष्टाचार बढ़ाने का काम कर रहे हैं। इलेक्टोरल बांड के जरिए वसूली जा रही है।



जनसभा को सम्बोधित करते सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया व मौजूद जनता।

### यह लोग रहे मौजूद

जन सभाओं को पूर्व विधायक सुनील लाला, कस्ता विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा, बेहजम ब्लॉक प्रमुख राम जीवन यादव, जिला पंचायत सदस्य उमा शंकर वर्मा, सपा के जोनल प्रभारी धर्मपाल सिंह, महोली विधान सभा के अध्यक्ष रमेश शुक्ला ने भी संबोधित किया। इन मौकों पर सेक्टर प्रभारी राहुल सिंह, राम खिलावन बाजपेयी, सर्वेश सिंह कनौजिया, सुधीर सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# कथित बाबा के कब्जे से 'किंग कोबरा' बरामद

**महोली।** कोतवाली पुलिस ने गेरुवाधारी एक कथित बाबा को प्रतिबंधित प्रजाति के सांप के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बाबा के पास से बरामद प्रतिबंधित सांप को वन विभाग के सुपुर्द किया है।

प्रभारी निरीक्षक उमाकांत शुक्ल ने बताया कि गुरुवार की दोपहर राष्ट्रीय राजमार्ग - 30 के किनारे बसे उरदौली गांव में गेरुवाधारी कथित बाबा भटक रहा था। उसके पास पिटारी में एक सांप भी था। इस सांप के प्रदर्शन से वह लोगों से रुपये मांग रहा था। शिकायत मिलने पर पाताबोझ चैकी प्रभारी रजनीश वर्मा सिपाही अंकित कुमार व विकास कुमार को लेकर मौके पर पहुंचे और उससे पूछताछ की। उसके द्वारा आपत्ति जताने पर पुलिस उसे कोतवाली ले आई। पुलिस की पूछताछ में बाबा ने अपना नाम बबलू नाथ (40) निवासी डेरा जोगी पोस्ट व थाना विशुनगढ़, तहसील छबरामऊ जिला कन्नौज बताया।

# रामलला के माथे पर सूर्य तिलक का वीडियो वायरल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला के मस्तक पर सूर्य की किरणें शुशोभित होने का शुक्रवार को वीडियो वायरल होने के बाद आस्था की लहरें और भी हिलोरे मारने लगी हैं। यह वीडियो सीबीआरआई रुड़की के वैज्ञानिकों के द्वारा परीक्षण करते समय का है। कई किश्तों में वीडियो सामने आए हैं। हालांकि इस वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

प्राण प्रतिष्ठा की तरह चैत्र रामनवमी उत्सव को भी दिव्य और भव्य बनाने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने तैयारी कर ली है। नौ अप्रैल से प्रारंभ हुए इस उत्सव को लेकर ट्रस्ट नित्य रामलला की भव्य तस्वीर सोशल मीडिया के माध्यम से जारी किया जा रहा है। जिसके माध्यम से राम मंदिर में चल रहे उत्सव के दौरान रामलला को हर दिन अलग अलग प्रकार से श्रृंगार कराया जा रहा है। जिसे देखकर भक्त धार्मिक रूप से प्रफुल्लित हो रहे हैं।



रामलला के मस्तक पर सूर्य की किरण का किया गया ट्रॉयल।

### रामनवमी का उत्सव घर या गुरु स्थान में मनाएं

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट आने वाली श्रद्धालुओं से अपील भी कर रहा है कि रामनवमी का उत्सव लोग अपने घर या फिर गुरु स्थान पर पहुंचकर मनाएं। ट्रस्ट ने कहा कि 17 अप्रैल को रामनवमी के दिन भगवान के जन्मोत्सव को भी सोशल मीडिया दूरदर्शन और प्रसार भारती के माध्यम से लाइव प्रसारण किया जाएगा।

## सार-संक्षेप



ड्रोन से की जा रही निगरानी का अवलोकन करते नगर आयुक्त संतोष शर्मा।

### ड्रोन से हो रही सफाई व्यवस्था की निगरानी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला के जन्मोत्सव से पहले अयोध्या धाम में सफाई व्यवस्था की नकगरानी ड्रोन के जरिए की जा रही है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने शुक्रवार को ड्रोन के माध्यम से मेला क्षेत्र में निगम द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं और सफाई व्यवस्था देखी। समस्याओं के तत्काल निराकरण के निर्देश भी दिए। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा श्रद्धालुओं के सुविधाओं को देखते हुए पेयजल, शौचालय की व्यवस्था और विशेष व्यवस्थाओं में शू-रैक की स्थापना व दर्शन के मार्ग पर कॉरपेट बिछाए जाने की कार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### नव नियुक्त प्रदेश सचिव का किया गया स्वागत



नवनियुक्त प्रदेश सचिव का स्वागत करते रालोद के पदाधिकारी।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र के शांतिपुर गांव में शुक्रवार को संगठन सचिव रामशंकर वर्मा के आवास पर राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त प्रदेश सचिव सुरजीत वर्मा का स्वागत किया गया। प्रदेश सचिव सुरजीत वर्मा ने कहा चौधरी चरण सिंह की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता होगी। जिला महासचिव संगठन रामशंकर वर्मा ने बताया कि 16 अप्रैल को दोपहर 12 बजे बाबा साहब की जयंती शिव उदय सेवा संस्थान शान्तीपुर के सभागार में मनाई जाएगी। एससी एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष बेचूलाल ज्ञान, अवध जोन सचिव नेतराम वर्मा, युवा रालोद जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा, करियाराम वर्मा आदि मौजूद रहे।

### संकट में फंसे शिक्षक, आधार कार्ड बना लक्ष्य में रोड़ा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नए शिक्षा सत्र में आए एक आदेश ने शिक्षकों के सामने संकट खड़ा कर दिया है। शासन की ओर से बिना आधार प्रवेश पर रोक लगाई गई है। शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बीएसए को शैक्षिक सत्र 2024-25 में छात्र- छात्राओं के नामांकन के संबंध में आदेश जारी किया है। इसके अंतर्गत निशुल्क एवं बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत छह से 14 वर्ष आयु वर्ग के शत- प्रतिशत बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जानी है। कक्षा एक में ऐसे छात्रों का नामांकन होना है, जिनकी आयु एक अप्रैल 2024 को छह वर्ष पूर्ण हो चुकी हो, छह वर्ष से कम आयु के बच्चों का नामांकन किसी भी दशा में न किया जाए। ऐसे बच्चों का नामांकन बाल वाटिका में कराया जाए। नामांकन के समय बच्चों का आधार भी अंकित किया जाए, बच्चे का आधार न होने की दशा में उसके माता-पिता का आधार नंबर अंकित किया जाना है। यदि माता-पिता का भी नहीं है तो नामांकन के दो सप्ताह के अंदर आधार कार्ड अवश्य बना लिया जाए। नए आदेश के बाद प्रधानाध्यापक परेशान हैं।

### मतदान कार्मिकों की चुनाव में लगी ड्यूटी



विकास भवन सभागार में लोकसभा चुनाव की ड्यूटी वितरित करते कर्मी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मतदान में लगाए जाने वाले मतदानकार्मिकों को शुक्रवार को विकास भवन के सभागार में काउंटर लगाकर विभागवार ड्यूटी कार्ड का वितरण किया गया। 10 अप्रैल को कर्मचारियों को मतदान कार्मिक के रूप में तैनाती के लिए चयन किया गया था। डीएम नितीश कुमार सहित अन्य अफसर चयन के समय मौजूद रहे। इनमें पीठासीन अधिकारी के साथ अन्य कार्मिकों को चयन किया गया। डीडीओ उपेंद्र प्रसाद पाल ने बताया कि चुनाव के मतदान में लगाए जाने वाले कार्मिकों को ड्यूटी कार्ड का वितरण किया गया है। मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण 22 अप्रैल से शुरू कराया जाएगा।

# ईद की बधाई देने इकबाल के घर पहुंचे रामलला के पुजारी



इकबाल अंसारी के घर पहुंचे सत्येंद्र दास का किया गया स्वागत। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या से हमेशा ही हिंदू मुस्लिम एकता का संदेश जाता रहा है। ईद पर भी यही हुआ। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने गुरुवार को बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी के घर पहुंचकर उन्हें मुबारकबाद दी। उनके परिजनों ने माला पहनाकर सत्येंद्र दास का स्वगात किया। आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि मैं ईद की बधाई देने आया हूं। अयोध्या में हम सब मिलजुल कर पर्व और त्योहार मनाते हैं। जिस तरह से अयोध्या में हम हिंदू-मुस्लिम मिलकर सभी त्योहार और पर्व को मानते हैं। इसी तरह से पूरे देश में हिंदू-मुसलमान को मिलजुल कर मनाना चाहिए। इकबाल अंसारी ने कहा अयोध्या धर्म की नगरी है। यहां भाईचारा, अदब और तहजीब और साधुओं का सम्मान भी है।

# मारपीट में 12 लोग घायल, केस दर्ज

**रुदौली, अयोध्या।** थाना मवई के ग्राम मवई में बकरी भगाने पर हुई कहा सुनी मारपीट में बदल गई। इसमें दोनों ओर से कुल 12 लोग घायल हो गए। थाना मवई के सिराज कि पत्नी ने शुक्रवार को सुबह दरवाजे पर आई गांव के अफसरी की बकरी को भगा दिया। इससे नाराज अफसरी, शबान, सलमान, अरमान, वसीम भग्गू सलीम ने घर घेर लिया। ईंट, गुम्मा लाठी से मारने लगे। बचाने आई राशिदा, मेराज, जीशान को चोट आई। मारपीट में दूसरे पक्ष के रियाज, सिरताज, शबनम, अफसरी, वसीम अहमद, रिजवाना को चोट आई। थाना प्रभारी आशा शुक्ला ने बताया कि दोनों पक्षों के घायलों को सीएचसी मवई भेजा गया है। दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

# ऐतिहासिक-आध्यात्मिक स्थल है अयोध्या

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या ऐतिहासिक आध्यात्मिक स्थल है। भगवान श्रीराम देश के आदर्श हैं। अयोध्या का समग्र विकास हो रहा है। ये बातें गोवा के राज्यपाल श्रीधरन पिल्लई ने शुक्रवार को कहीं। वो रामलला के दर्शन के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। कहा कि पहली बार यहां आया हूं। कहा क़ि उत्तर प्रदेश सरकार और नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए विकास कार्य की मैं सराहना करता हूं। परिवार के साथ अयोध्या आए राज्यपाल ने सरयू का दर्शन-पूजन कर स्नान किया। नौका विहार का भी आनंद लिया। इसके बाद रामलला का दर्शन पूजन किया।



सरयू दर्शन के बाद जाते गोवा के राज्यपाल श्रीधरन पिल्लई। अमृत विचार

- **बोले-गोवा के राज्यपाल, परिवार के साथ किए रामलला के दर्शन**
- **प. बंगाल के राज्यपाल ने भी देश व पश्चिम बंगाल के लिए रामलला से मांगा आशीर्वाद**

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस भी शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने देश के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के लिए भी राम लला से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि राम का मंदिर बनने के बाद अयोध्या काफी बदल गई है। इससे पहले सर्किट हाउस में दोनों राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

हालात | अभिभावक बोले-1200 रुपये में क्या-क्या खरीद लें, सारा सामान तो हो गया महंगा

# बीएसए साहब आप ही दिला दीजिए, 174 में बैग, 125 में जूते-मोजे

कमर अब्बास, अयोध्या

**अमृत विचार :** नए शिक्षा सत्र में ड्रेस से लेकर कॉपी-किताब के दामों में 15 से 20 प्रतिशत तक उछाल आने के बाद परिषदीय विद्यालयों के अभिभावक परेशान हैं। जूते-मोजे और बैग आदि के दाम बढ़ने से बच्चों को डीबीटी के माध्यम से दी जाने वाली 12 सौ की धनराशि उनके लिए नाकाफी साबित हो रही है। उनक कहना है कि विभाग धनराशि देने के बजाए पाठ्य पुस्तकों की तरह ही अन्य सामान भी खरीद कर सामान उपलब्ध करा दे।

जिले में 1792 परिषदीय विद्यालयों में सवा तीन लाख से अधिक छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। इनके अभिभावकों को शासन की ओर से डीबीटी योजना के तहत प्रति वर्ष 1200 रुपये की धनराशि शिक्षण सामाग्री के लिए दी जाती है। इस योजना से कक्षा एक से आठ तक के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक के बच्चों के साथ-साथ सहायता प्राप्त स्कूलों के बच्चों को लाभान्वित किया जाता है। योजना के तहत कुल 1200 रुपये मिलते हैं। जिसमें दो जोड़ी यूनिफॉर्म के लिए 600 रुपये, स्कूल बैग के लिए 175 रुपये, जूते-मोजे के लिए 125 रुपये, स्वेटर के लिए 200 और स्टेशनरी के लिए 100 रुपये दिए जाते हैं।

- **जिले के 1792 परिषदीय विद्यालयों में डीबीटी योजना से मिलने वाली धनराशि नाकाफी**

अभिभावकों का कहना है कि इतनी कम धनराशि में सब चीजें नहीं मिल पा रही है। सामान्य रूप से बाजार में दो ड्रेस की कीमत 900 से 1100 रुपये है। स्कूल बैग अति सामान्य दर्जे का 350 से 500 रुपये के बीच है। वहीं जूते और मोजे बाजार में वर्तमान में 450 से 650 वह भी सामान्य श्रेणी के मिल रहे हैं। शासन 200 रुपये स्वेटर के लिए दे रहा है। बाजार में 600 से नीचे को स्वेटर नहीं है। ऐसे भी अभिभावकों को एक हजार से 1500 रुपये खुद लगाना पड़ रहा है।

### बोले अभिभावक- विभाग न दे पैसे, खुद खरीद कर तो देखे



धिराऊ प्रसाद

पूराबाजार के प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर कक्षा चार में पढ़ने वाले अंश के पिता धिराऊ प्रसाद बोले कि ड्रेस व जूते बहुत महंगे हैं। जितना पैसा सरकार से मिलता है वो नाकाफी है। समझ में नहीं आता 1200 में क्या-क्या खरीद लें। सरकार सारा सामान खरीद कर बच्चों को क्यों नहीं देती।



धर्मेंद्र कुमार

प्राथमिक विद्यालय सराय चैमल में कक्षा पांच के छात्र के पिता धर्मेंद्र का कहना है कि जितना पैसा सरकार से ड्रेस, जूता-मोजा और बैग के लिए मिलता है। सरकार जैसे कॉपी-किताब की व्यवस्था करती है। वैसे ही हमें रुपये देने की जगह अन्य सारे सामान की भी व्यवस्था कर दे।



कुसुम पांडेय

नरायनपुर के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच में पढ़ने वाली माधवी की माता कुसुम पांडे ने कहा कि सरकार से 1200 रुपये मिलते हैं। इस महंगाई के दौर में यह पैसा पर्याप्त नहीं है। अब खुद 1000-1500 रुपये लगाए तो सामान लाएं।



कंचन देवी

कक्षा चार की छात्रा आयुषी की मां कंचन ने कहा कि सरकार से मिलने वाले पैसे से बच्चों का ड्रेस, जूता-मोजा, बैग व स्वेटर खरीदना कतई संभव नहीं रहता। सरकार या विभाग ये सारा सामान एक बार खरीद कर देखे, महंगाई का अंदाजा लग जाएगा।

> 95 प्रतिशत अभिभावकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेज दी गई है। निश्चित रूप से मंहगाई है। प्रयास किया जा रहा है कि गांवों में स्वयं सहायता समूहों से इसे कराया जाए। -**संतोष कुमार राय, बीएसए।**

## एक नजर

### वैसाखी आज, गुरुद्वारे में होगा कीर्तन-अरदास

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** खालसा साजना दिवस वैसाखी पर शनिवार को पंजाबी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा गुरु तेगबहादुर साहिब में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। गुरुद्वारा की ओर से रंजीत सिंह ने बताया कि शुक्रवार से अखंड पाठ साहिब का आरंभ किया गया, जिसका समापन शनिवार को सुबह नौ बजे होगा। पश्चात विशेष कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। अरदास के बाद अटूट लंगर के साथ दोपहर एक बजे कार्यक्रमों का समापन होगा।

### सम्राट अशोक की जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** जिला मौर्य परिषद चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती पर शोभा यात्रा निकालेगी। कार्यक्रम आयोजक जिला मौर्य परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि 16 अप्रैल को नगर की कृष्णा वाटिका में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मंचीय कार्यक्रम होंगे। दोपहर 12 बजे के बाद ढोल नगाड़े, डीजे के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा का समापन पुनः कृष्णा वाटिका में हीं होगा। समापन पर सावित्रीबाई फुले के नाम से भंडारा कराया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### धूमधाम से मनेगी अम्बेडकर जयंती

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** भारत रत्न डॉ बीआर अम्बेडकर की 133 वीं जयंती समारोह 14 अप्रैल को सुबह आठ बजे से धूमधाम से मनायी जाएगी। संस्थान के रामकुमार गौतम ने बताया कि बुद्ध प्रार्थना सुबह आठ बजे, प्रभातफेरी साढ़े आठ बजे और सार्वजनिक सभा साढ़े 10 बजे से होगी। उन्होंने लोगों से जयंती समारोह के सभी कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है।

# बसपा की चौथी सूची में श्याम किशोर धौरहरा से प्रत्याशी घोषित

**लोकसभा चुनाव**

▸▸ होली से पहले ही क्षेत्र में शुरू कर दिया था जनसंपर्क

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



**अमृत विचार :** भाजपा छोड़ बसपा का दामन थामने वाले मोहम्मदी निवासी श्याम किशोर अवस्थी को बहुजन समाज पार्टी ने शुक्रवार को चौथी सूची में धौरहरा सीट से प्रत्याशी घोषित कर दिया है। बसपा ने इस तरह भाजपा के कोर वोट बैंक पर वार किया है। हालांकि श्याम किशोर अवस्थी ने बसपा ज्वाइन करने के बाद से ही धौरहरा लोकसभा क्षेत्र में अपने चुनावी कार्यालय खोलने के साथ ही जनसंपर्क तेज कर दिया था। उनके चुनाव प्रचार से सियासी हल्के में हलचल थी, लेकिन बसपा की सूची में नाम न आने से तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे। जिन पर अब विराम लग गया है।

धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से बसपा से श्याम किशोर अवस्थी के चुनाव मैदान में कूदने से ही सियासी हल्के में हलचल तेज हो गई थी। होली से पहले ही उन्होंने क्षेत्र में जनसंपर्क तेज कर दिया था। चुनाव कार्यालय भी जोर-शोर से खोल दिए, लेकिन बसपा हाईकमान की पहली, दूसरी और तीसरी सूची में भी जब उनका नाम नहीं आया तो उनके टिकट कटने की आशंकाएं व्यक्त की जाने लगीं।

हालांकि बसपा के जोनल कोऑर्डिनेटर जयवीर गौतम और जिलाध्यक्ष हेमराज वर्मा उनके प्रत्याशी होने की पुष्टि कर रहे थे। शुक्रवार को चौथी सूची में बसपा के राष्ट्रीय महासचिव द्वारा जारी नौ प्रत्याशियों की सूची में श्याम किशोर अवस्थी की धौरहरा से घोषणा होते ही कार्यकर्ता उत्साहित हो गए।

**धौरहरा संसदीय सीट पर जातीय आंकड़ों का हाल**

| | |
|---|---|
| ब्राह्मण मतदाता | 3,25,000 |
| मुस्लिम मतदाता | 2,50,000 |
| कुर्मी मतदाता | 1,60,000 |
| पासी, जाटव आदि एससी | 3,10,000 |
| यादव, कुशवाहा, मौर्य आदि | 2,75,000 |
| क्षत्रिय मतदाता | 1,30,000 |
| वैश्य मतदाता | 95,000 |
| अन्य | 1,68,900 |
| कुल | 17,13,900 |
| | (आंकड़े अनुमानित) |

**भाजपा के कोर वोट बैंक पर किया वार**

बसपा का फार्मूला है सोशल इंजीनियरिंग। इसके तहत जिस क्षेत्र में जिस जाति की संख्या ज्यादा होती है, उसी से प्रत्याशी बनाकर सीट पर विजय हासिल करना। जिले की इस सीट पर गौर करें तो खीरी जिले की दूसरी लोकसभा सीट धौरहरा 2009 के चुनाव में अस्तित्व में आई। इसके बाद हर चुनाव में बसपा दूसरे स्थान पर रही। 2009 के चुनाव में बसपा के राजेश वर्मा 27.24 फीसदी वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे। वर्ष 2014 के चुनाव में बसपा प्रत्याशी दाउद अहमद 22.13 फीसदी वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे। वहीं 2019 के चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन के तहत बसपा से अरशद इलियास प्रत्याशी थे, जिन्हें 3,52,294 वोट मिले थे, जबकि भाजपा की रेखा वर्मा को 5,12,905 वोट मिले थे। ऐसे में यहां पर सपा और बसपा गठबंधन भी कोई जादू नहीं दिखा सका था। कांग्रेस के जितिन प्रसाद को यहां पर 1,62,856 वोट मिले थे। सियासी रणनीतिकार मानते हैं कि पिछले चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन से नाराज होकर बसपा के कोर वोटरों ने मुंह मोड़ लिया था। यही वजह है कि बसपा ने अब फिर सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को अपनाकर टिकट घोषित किए हैं। श्याम किशोर अवस्थी जहां धौरहरा सांसद के करीबी थे, वहीं बिरादरी पर पकड़ के कारण बसपा ने उन्हें चुनाव मैदान में उतार दिया है। इससे बसपा ने भाजपा के कोर वोट बैंक पर वार किया है।

> धौरहरा सीट से बसपा ने श्याम किशोर अवस्थी को प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी इस बार पहले सभी चुनावों से बेहतर प्रदर्शन कर रही है। पार्टी के हर कार्यकर्ता ने कमर कस ली है। इस बार जिले की दोनों सीटों पर बसपा का परचम लहराएगा।
>
> **हेमराज वर्मा,** जिलाध्यक्ष, बसपा।

# खेत में छिपे बाघ ने मजदूर पर किया हमला

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार :** मोहम्मदी रेंज थाना हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बनबघेल के निकट खेत पर काम कर रहे मजदूर पर गन्ने में छिपे बाघ ने हमला कर गंभीर घायल कर दिया। साथी मजदूरों के शोर मचाने पर बाघ फिर गन्ने में भाग गया। घायल मजदूर को तत्काल सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मोहम्मदी महेशपुर रेंज के गांव हरेंया निवासी रामू (45) पुत्र तौलेराम अपने भाई श्यामू और अन्य कई मजदूरों के साथ मजदूरी पर गन्ना छीलने का काम करते हैं। वह शुक्रवार को अन्य साथियों के साथ बनबघेल में गन्ना छील रहे थे। बताया जाता है कि इसी बीच गन्ने के खेत से निकल कर बाघ ने रामू पर हमला कर गंभीर घायल कर दिया। साथ में गन्ना छील रहे मजदूर जान बचाकर भागे और शोर मचाकर आग जलाई, तब बाघ पुनः गन्ने में ही चला गया। रामू की हालत देख लोगों ने तत्काल उन्हें सीएचसी भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार में हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस बाबत रेंजर नरेश पाल सिंह ने बताया कि बाघ के हमले की सूचना मिली है। वनकर्मियों को मौके पर भेजा गया है। ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

# डीएम ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

## फ्लाइंग स्क्वॉयड एवं वीडियो निगरानी टीमों की लोकेशन की ली जानकारी

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट परिसर स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाएं देखीं और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीएम सिंह ने फील्ड में विधानसभावार फ्लाइंग स्क्वॉयड एवं वीडियो निगरानी टीमों की लोकेशन की जानकारी ली। साथ ही एफएसटी टीमों की लोकेशन स्क्रीन पर देखकर सी विजिल एप पर आई शिकायतों के निस्तारण के बारे में जानकारी ली। डीएम ने एमसीसी का उल्लंघन न होने की चेतावनी दी। उन्होंने टीम को अलर्ट रहकर आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत पालन कराने की हिदायत दी।



कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते डीएम महेंद्र बहादुर सिंह। अमृत विचार

**ईवीएम-वीवीपैट का फर्स्ट रैंडमाइजेशन आज**

शनिवार को ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन होगा। इसके लिए शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन की तैयारी का जायजा लेकर संबंधित लोगों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। शनिवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में ऑनलाइन प्रथम रेंडमाइजेशन होगा। इसके बाद लोकसभा चुनाव के लिए बीयू, सीयू एवं वीवीपैट विधानसभा वार आवंटित होगी।

# सहायता प्राप्त मदरसा शिक्षकों को राहत

**वेतन बहाल**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड को असंवैधानिक करार दिए जाने के हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। इस पर सहायता प्राप्त मदरसों के शिक्षक एवं कर्मचारियों का मानदेय भी बहाल हो गया है। इससे मदरसों के शिक्षक व कर्मचारियों में खुशी है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 22 मार्च को उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड को असंवैधानिक करार दिया था। इसके बाद बाद सहायत प्राप्त मदरसों के शिक्षक व कर्मचारियों के वेतन पर भी रोक लग गई थी। मगर, पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने से स्टाफ ने खुशी जताई है। इससे जिले के सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों के 29 शिक्षक एवं कर्मचारियों को राहत मिली है। दोनो मदरसों में 1400 के करीब छात्र पंजीकृत हैं।

**ये हैं आंकड़े**

▸▸ सहायता प्राप्त मदरसे- दो। ▸▸ इनमें शिक्षक व कर्मचारी तैनात- 29। ▸▸ पंजीकृत छात्र- 1400। ▸▸ मान्यता प्राप्त मदरसों की संख्या- 254। ▸▸ इनमें पंजीकृत छात्रों की संख्या- 22000। ▸▸ बिना मान्यता अवैध रूप से संचालित मदरसे -245। ▸▸ नेपाल बार्डर पर अवैध रूप से संचालित मदरसे- 60।

> हाईकोर्ट का आदेश आने के बाद सहायत प्राप्त मदरसों के शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया था। मगर, सुप्रीम कोर्ट के हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा देने से शिक्षकों का वेतन बहाल कर दिया गया है।
>
> **-रोहित कुमार सिंह,** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

शासन ने मदरसों को बंद करने का फरमान सुनाया था। इससे जिले में संचालित 256 मदरसों के 23 हजार बच्चों की चिंता बढ़ गई थी। अब सोमवार से नवीन शैक्षिक सत्र प्रारंभ हो रहा है और अब तक इनमें छात्रों के समायोजन का आदेश तक जारी नहीं हुआ है। विभागीय अधिकारी भी शासनादेश का इंतजार कर रहे हैं।

# पूर्व विधायक के घर चोरी में एक और गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**नया खुलासा**

▸▸ कारबाइन नहीं, रस्सी से कंधे से लटका रखी थी लोहे की रॉड

▸▸ दावा: पूर्व विधायक के भाई के घर भी घुसने की कबूली बात

**अमृत विचार:** धौरहरा के पूर्व भाजपा विधायक बाला प्रसाद अवस्थी के घर लाखों की चोरी के मामले में ईसानगर पुलिस ने शुक्रवार को एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार आरोपी व उसके साथी पूर्व विधायक के भाई के फार्म हाउस में भी घुसे थे, लेकिन सीसीटीवी कैमरे लगे होने के कारण लौट आए थे। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी में एक बदमाश के कंधे पर कारबाइन जैसी चीज लटकी दिख रही थी। वह कारबाइन नहीं थी, बल्कि पूर्व में गिरफ्तार एक बदमाश ने लोहे की रॉड को कंधे से लटका रखा था। यह बात भी इसी बदमाश ने कबूल की है।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि पूर्व विधायक बाला प्रसाद अवस्थी के बेल्तुआ स्थित फार्म हाउस में बीती 14 मार्च की रात चोर घुसकर नगदी और जेवर चोरी कर ले गए थे। 24 मार्च को पुलिस ने घटना का खुलासा किया था। सीतापुर के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया था जबकि किशोरी चौहान (सीतापुर) फरार था। उसे शुक्रवार को दुर्गापुर पड़री मोड से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए बदमाश ने बताया कि वह जेल भेजे जा चुके अपने अन्य साथियों के साथ 10 मार्च की रात पूर्व विधायक बाला प्रसाद अवस्थी के भाई आनंद कुमार अवस्थी के फार्म हाउस पर पहुंचे। तीन लोगों ने मुंह पर कपडा बांध रखा था। साथी बदमाश शर्मा चौहान रस्सी में बांध कर लोहे की रॉड को कंधे में लटका रखा था। वह बाहर खड़ा रहा। उसके अन्य तीनों साथियों ने दीवार पर चढ कर सीसीटीवी कैमरा के तार काटे थे, लेकिन कई कैमरा लगे थे। इस वजह से वहां छोडकर राहुल के घर चोरी की थी। दोबारा 14 मार्च की रात भाजपा पूर्व विधायक बाला प्रसाद अवस्थी के घर घुस कर सोने, चांदी के गहने व करीब सात लाख रुपये चोरी ले गए थे। पुलिस ने विधायक के घर से चोरी गई दो अंगूठी, छह बिछिया, 46,450 रुपये और राहुल के घर से चोरी हुए जेवरों में से एक जोड़ी पायल व 6 बिछिया बरामद की हैं।

**राहुल ने खुलासे पर उठाए सवाल, कहा- वह संतुष्ट नहीं**

पूर्व विधायक बाला प्रसाद अवस्थी के साथ ही राहुल के घर हुई चोरी का खुलासा पुलिस ने कर दिया है, लेकिन राहुल संतुष्ट नहीं है। उसका कहना है कि चोर उसके घर से सोने की मोहर समेत करीब ढाई लाख के जेवर और करीब 40 हजार रुपये ले गए थे। चोरी का जब पुलिस ने खुलासा किया, उसी दिन दरोगा ने फोन किया था कि उसका माल बरामद हुआ है। उसे माल की पहचान को थाने बुलाया जाएगा, लेकिन उसे नहीं बुलाया गया।

# कल समाप्त होगा खरमास शुरू होगा बैंड बाजा बारात

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कल से बैंड बाजा बारात शुरू हो जाएंगे, क्योंकि आज रात 11:19 बजे सूर्य मेष राशि में प्रवेश करेंगे। इसी के साथ एक माह से चल रहा खरमास खत्म हो जाएगा और 14 अप्रैल से शादी ब्याह का सीजन शुरू हो जाएगा। हालांकि नवरात्र के दिनों में पड़ने वाली शुभ लग्नों में लोग शादी करने से बच रहे हैं। इसकी वजह अधिकतर लोगों का व्रत रहना बताया जाता है।

श्रीमती चंद्रकला आश्रम एवं संस्कृत विद्यापीठ के महंत प्रमोद दीक्षित ने बताया कि अप्रैल में विवाह के लिए शुभ मुहूर्त 18, 19, 20, 21, 22, 23, 26 व 28 अप्रैल को मिल रहे हैं। शादी के लिए गुरु और शुक्र का उदय होना जरूरी है। 29 अप्रैल को शुक्र अस्त हो जाएंगे। इसके बाद छह मई को गुरू भी अस्त हो जाएंगे। इन दोनो महत्वपूर्ण ग्रहों के अस्त होने से एक बार फिर मांगलिक कार्यों पर ग्रहण लग जाएगा।

**नवरात्र भी डालेगा असर**

13 अप्रैल की रात में खरमास के समाप्त होने से अगले दिन से मुहूर्त शुरू हो जाएंगे। 17 अप्रैल तक नवरात्र हैं। योगेश जोशी ने बताया कि नवरात्र में लोग व्रत रखते हैं। इसलिए 18 के बाद शुभ मुहूर्त को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### मंदिर में दाना चुगकर चिड़िया मस्जिद में पानी पीती है




अधिवक्ताओं को संबोधित करते वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध कुमार पांडेय।

**निघासन, अमृत विचार :** तहसील अधिवक्ता संघ कार्यालय पर शुक्रवार को ईद मिलन समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता अध्यक्ष रूपेश कुमार ने की। अधिवक्ताओं ने इस मौके पर काव्य पाठ भी किया। शुक्रवार को अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ वकील ब्रह्मप्रकाश श्रीवास्तव व मोहम्मद लतीफ खान ने कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें रामफल जायसवाल ने रमजान माह को सबसे पवित्र माह बताया। आरपी रुहेला, कमलेश राना, शैलेंद्र श्रीवास्तव ने हिंदू मुस्लिम एकता के संदेश पर एकता में पिरो देने वाला गीत सुनाया। मोहम्मद लतीफ ने हिंदुस्तान जिंदाबाद तो राकेश वैश्य ने मंदिर में दाना चुगकर चिड़िया मस्जिद में पानी पीती है, मैने सुना है राधा की चुनरी कोई सलमा सीती है सुना कर श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। मुख्य अतिथि सुबोध पांडेय, मोहम्मद अमीन, रमेश शर्मा आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव, उमाकांत जायसवाल, बच्चा लाल कश्यप, बच्चा लाल तिवारी, सर्वेश मिश्रा, योगेश सिंह यादव, बशीर अहमद, अरुण गुप्ता, महताब खान, इजहार, रामकुमार वर्मा, बांके बिहारी, रवि श्रीवास्तव, दिनेश आदि वकील मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध कुमार पांडेय ने किया।

### जंगल से भटककर घर में घुसा बारहसिंघा, मचा हड़कंप

**सिंगाही, अमृत विचार :** दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन की बथुआ जंगल से भटक कर एक बारहसिंघा पड़ोस के गांव करदहिया पहुंच गया। उसे कुत्तों ने नोचने की कोशिश की तो वह आरिफ के घर घुस गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने उसे पकड़कर फिर जंगल में छोड़ दिया है। थाना सिंगाही क्षेत्र का गांव करदहिया दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन से सटा हुआ है। शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे एक बारहसिंघा जंगल से भटककर आबादी की तरफ पहुंच गया, जिससे कुत्तों ने दौड़ा लिया। जान बचाकर वह गांव के ही आरिफ के घर घुस गया। बारहसिंघा के घर में होने की सूचना पर तमाम लोग उसे देखने मौके पर पहुंच गए। इससे वहां लोगों की भीड़ जुट गई। मकान मालिक आरिफ ने मामले की सूचना पुलिस और वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने उसे पकड़कर जंगल में छोड़ दिया है।



कमरे के अंदर खड़ा बारहसिंघा।

### मानकों की अनदेखी कर किया जा रहा सड़क निर्माण

**रजागंज, अमृत विचार :** विकास खंड सदर के गांव रहमतनगर-मुर्तिहा संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य अधोमानक सामग्री से कराया जा रहा है, जिसकी शिकायत अधिकारियों से की गई है। लोक निर्माण विभाग से स्वीकृत डामर सड़क पेंटिंग का कार्य मुर्तिहा से रहमतनगर तक पूरा होते ही सड़क टूटकर गिट्टी एक जगह इकट्ठा होने लगी है। सड़क बनाने के एक सप्ताह बाद ही उखड़ने लगी है। वर्तमान में शेष सड़क का निर्माण मुर्तिहा गांव के बीच इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण हो रहा है, जिसमें पीली ईंटें 15:1 का मसाला और पेंडेंट सड़क की बिना ऊपरी सतह डामर को हटाए घटिया सामग्री लगाकर मानक के विपरीत कराया जा रहा है। इस पर ग्रामीण भड़क गए और विरोध कर काम बंद करा दिया। मौके पर मौजूद काम करा रहे ठेकेदार विजेंदर पटेल ने बताया कि उन्होंने रामनिवास की फर्म से काम लिया है, जो सामग्री उन्हें दी जा रही है, उसे ही लगवाया जा रहा है। ग्रामीण ओमकार सिंह, शिवपूजन, विजय कुमार, गोपाल सिंह, जानकी प्रसाद, नरेश कुमार, शिवपाल गौतम बीडीसी, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, विनोद कुमार आदि ग्रामीणों ने गुणवत्ता परक सामग्री न लगाने वाले ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।



सड़क के किनारे लगीं पीला ईंटें।

# नहीं शुरू हुआ एमडीएम बनना

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सदर ब्लॉक के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय करनपुर में पिछले तीन माह से अधिक समय से मिड डे मील नहीं बन रहा है। इस पर बीएसए ने एक बार फिर वेतन रोकने की कार्रवाई की है। मगर, एमडीएम बनने की शुरुआत आज तक नहीं हो सकी है। जिले में मिड डे मील योजना में किस तरह पलीता लगाया जा रहा है। इसकी गवाही करनपुर का प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय दे रहे हैं। जनवरी से न तो रसोई घर का ताला खुला है और न ही राशन रखे कमरे का। एक बार फिर मामला तूल पकड़ने पर बीएसए ने एमडीएम बनवाने की बजाय स्टाफ का वेतन रोकने का फरमान जारी कर दिया है।




रसोईघर में लगा ताला।

> विद्यालय में एमडीएम न बनने पर स्कूल स्टाफ का वेतन रोक दिया है। अब एमडीएम बन रहा है या नहीं, इसकी जानकारी करने के लिए शनिवार को बीईओ को विद्यालय भेजा जाएगा।
>
> **-प्रवीण कुमार तिवारी,** बीएसए

**एमडीएम न बनने की दे दी है सूचना**

सदर ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुभाष वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को भी विद्यालय में एमडीएम नहीं बना। इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवगत करा दिया है। उन्होंने बताया कि मिड डे मील न बनने की शिकायत पर पहले भी स्टाफ का वेतन रोका जा चुका है। इसके बावजूद अब तक मध्याह्न भोजन बनने की शुरुआत नहीं हो सकी। एमडीएम तभी बन सकेगा, जब कोई शिक्षक चार्ज लेगा।

**जिम्मेदार नहीं बता पा रहे कब से बनेगा एमडीएम**

करनपुर के सरकारी स्कूलों में एमडीएम कब से बनेगा, यह सवाल यक्ष प्रश्न बना हुआ है। जिम्मेदार बताते हैं कि सीनियर शिक्षिका इंचार्ज पद की जिम्मेदारी नहीं ले रही हैं। जूनियर शिक्षिका ने भी चार्ज लेने से मना कर दिया।

# 13 मैजिक पर कार्रवाई, पांच सीज

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर से गोला गोकर्णनाथ को सवारियां भरकर अवैध रूप से संचालित हो रही मैजिकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। इससे मैजिक चालकों में हड़कंप मच गया। तमाम मैजिक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर खिसक गए। पुलिस ने पांच मैजिक को सीज किया है। वहीं आठ मैजिक का चालान कर 1,58,500 रुपये जुर्माना किया है।

शहर के देवकली रोड पर अवैध ढंग से टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहा है। इस स्टैंड से गोला के साथ ही देवकली मार्ग पर भी मैजिक और टेंपो का संचालन होता है। टीएसआई हरमीत सिंह ने बताया कि शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस ने लखीमपुर से गोला रोड पर चलने वाली अवैध मैजिक के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत कुल 13 मैजिक पर कार्रवाई की गई। कागज पूरे न होने और निर्धारित संख्या से अधिक सवारियां बैठाने पर आठ मैजिक का चालान कर उन पर 1,58,500 रुपये जुर्माना अधिरोपित किया गया है। इसके अलावा पांच मैजिक को सीज किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी वाहन चालकों व उनके स्वामियों को हिदायत दी गई है कि जिले के किसी भी रूट पर अनधिकृत रूप से अनुपयुक्त वाहनों का संचालन कतई न करें। चालकों को यातायात नियमों का पालन करने व तेज रफ्तार वाहन न चलाने की भी चेतावनी दी गई है। ट्रैफिक पुलिस की इस चेकिंग से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।



गोला रोड पर मैजिक रोककर जांच-पड़ताल करती ट्रैफिक पुलिस। अमृत विचार

**निजी स्कूलों की मनमानी** 50 से 60 फीसदी कमीशन प्राइवेट पब्लिकेशन से कमा रहे निजी स्कूल और पुस्तक विक्रेता

# बच्चों को स्कूल में पढ़ाना है तो बताए गए बुक डीलर से कॉपी-किताबें खरीदिए

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** निजी स्कूलों में एडमिशन व फीस जमा करने के साथ ही अभिभावक किताब-कॉपी के लिए मोटी रकम खर्च कर रहे हैं। हर स्कूल के लिए अलग-अलग प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबें तय हैं। नया शैक्षिक सत्र शुरू होते ही स्कूल संचालकों ने फिर कोर्स बदल दिया है। इससे अभिभावकों को किताबें खरीदने में मोटी रकम खर्च करनी पड़ रही है।

ज्यादातर मामलों में स्कूल की ओर से थमाई गई लिस्ट किसी खास पब्लिकेशन की होगी और वह शहर के चुनिंदा दुकानों पर ही मिलेगी। इस खेल में मोटी रकम के वारे-न्यारे हो रहे हैं। बताया जाता है कि किसी खास प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबें बेचने के लिए निजी स्कूल व पुस्तक विक्रेता 50 से 60 फीसद रकम कमीशन के रूप में वसूलते हैं। वर्तमान सत्र में स्कूल की ओर से दी गई नर्सरी कक्षा की लिस्ट की कॉपी-किताबों के लिए अभिभावक को 2500 रुपये से ज्यादा खर्च करने पड़ रहे हैं। बारहवीं तक आते-आते कीमत आठ से दस हजार तक पहुंच जाती है। हालांकि दस हजार रुपये तक का कोर्स कुछ चुनिंदा विद्यालयों के ही हैं। आलम यह है कि सुबह से लेकर शाम तक अभिभावक कॉपी किताब, बैग आदि खरीदने की जद्दोजहद कर रहे हैं। एलआरपी स्थित एक नामचीन स्कूल में कक्षा छह में पढ़ रहे बेटे का कोर्स लेने के लिए अभिभावक को 10 हजार रुपये खर्च करने पड़े। अभिभावक बताते हैं कि हर स्कूल की ओर से एक दुकान निर्धारित की गई है। स्कूल संचालकों ने जिन पब्लिकेशनों की पुस्तकें लगाई हैं, वह शहर की अन्य किसी दुकान पर नहीं मिलतीं। बच्चों की पढ़ाई का मामला है कि इसलिए कुछ कह नहीं सकते। अभिभावक साथ भी नहीं देते इसलिए अकेले आवाज उठाना मुमकिन नहीं है। एक नामचीन स्कूल के अभिभावक ने बताया कि एक बेटा कक्षा छह और दूसरा आठवीं का छात्र है। कक्षा छह का कोर्स साढ़े सात हजार और कक्षा आठ का कोर्स आठ हजार का लिया है।

**कॉपी-किताबों के सेट का दाम (रुपये में)**

| | |
|---|---|
| नर्सरी | 2500 से 4000 |
| एलकेजी | 3000 से 4500 |
| पहली कक्षा | 3000 से 5500 |
| दूसरी कक्षा | 3000 से 6000 |
| तीसरी कक्षा | 3500 से 6000 |
| चौथी कक्षा | 3500 से 7000 |
| पांचवीं कक्षा | 4000 से 7000 |
| छठवीं कक्षा | 4000 से 7500 |
| सातवीं कक्षा | 4500 से 8000 |
| आठवीं कक्षा | 5000 से 10000 |
| नवीं कक्षा | 3500 से 7000 |

**बोले अभिभावक- आखिर कब बंद होगी शिक्षा के नाम पर लूट**

**केस 1** शहर की नहर पटरी निवासी नीरज वर्मा ने बताया कि निजी स्कूलों में शिक्षा के नाम पर खुली लूट हो रही है। कोर्स से लेकर ड्रेस, टाई, बेल्ट, डायरी के नाम पर धन उगाही हो रही है। फीस में भी अच्छी खासी बढ़ोतरी कर दी गई है। शिक्षा के नाम पर लुटने के लिए अभिभावक मजबूर हैं।

**केस 2** बहादुर नगर निवासी विजय कुमार बताते हैं कि सबसे महंगी शिक्षा है। स्कूल हर साल मनमानी कर कोर्स बदल रहे हैं। शासन को इस पर पाबंदी लगानी चाहिए। कोर्स पांच साल बाद बदलना चाहिए, जिससे जिनके बच्चे आगे-पीछे की कक्षाओं में हैं, उन पर ज्यादा बोझ न पड़े।

**बड़े भाई की किताब इस्तेमाल नहीं कर पाएगा छोटा**

हर वर्ष पाठ्यक्रम बदल जाता है। वहीं कुछ किताबों में दी गई एक्सरसाइज जैसे कि प्रश्न-उत्तर, खाली स्थान भरिए, सही व गलत का चयन कीजिए, रंग भरिए आदि आदि कराया जा रहा है और विषय अध्यापक की ओर से इसे लाल कलम से चेक भी किया जा रहा है। ऐसे में छोटा भाई बड़े की पुस्तक का इस्तेमाल नहीं कर सकता। अभिभावकों का कहना है कि पहले किताबें अगली कक्षा के विद्यार्थियों के प्रयोग में आ जाती थीं, लेकिन अब हर वर्ष नई पुस्तकें खरीदना मजबूरी है।




## ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे ने शुरू किया प्रचार

**शिवपुरी।** गुना संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन सिंधिया भी चुनावी समर में उतर गए हैं। पिता की जीत सुनिश्चित करने के लिए वे लगातार प्रचार कर रहे हैं। युवाओं के बीच संवाद के साथ ही घर- घर जाकर मतदाताओं से मिल रहे हैं और पिता के लिए वोट मांग रहे हैं। वे जनसंपर्क के दौरान अपने दादा माधव राव सिंधिया और दादी राजमाता विजय राजे सिंधिया का नाम लेना नहीं भूलते। खास बात यह है कि महाआर्यमन सिंधिया हर किसी को पीएम मोदी की गारंटी को अच्छी तरीके से समझा रहे हैं और वे अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव के बारे में भी बताने से नहीं चूकते। पिता ज्योतिरादित्य सिंधिया से अलग वे पूरी तरह युवाओं के साथ प्रचार में रात दिन लगे हुए हैं। कॉलेजों के बाहर छात्र- छात्राओं से मिल रहे हैं और मोदी सरकार की उपलब्धियां बता कर पिता के लिए वोट मांग रहे हैं।



## भोजपुरी स्टार पवन सिंह पर टिकी निगाहें

**पटना :** बिहार की काराकाट लोकसभा सीट से भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह के चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दल के नेता सकते में हैं। काराकाट सीट से राजग नेता उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। भाजपा को उम्मीद है कि पवन सिंह मान जाएंगे और चुनाव नहीं लड़ेंगे। अगर पवन सिंह चुनाव लड़ते हैं तो इसका नुकसान उपेंद्र कुशवाहा को हो सकता है। भाजपा ने पहले पवन को पश्चिम बंगाल की आसानसोल लोकसभा सीट से टिकट दिया था। हालांकि पवन ने वहां से लड़ने से इन्कार कर दिया और काराकाट से समर में उतरने की घोषणा की। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की जीत सुनिश्चित करने के लिए न सिर्फ मुख्यमंत्री नितिश कुमार वहां सभा करेंगे बल्कि राजग के अन्य बड़े चेहरे भी यहां प्रचार करेंगे। पवन सिंह को अंदरखाने मनाने की तैयारी चल रही है। भाजपा के बिहार से जुड़े कई नेताओं ने बात की है और चुनाव न लड़ने का आग्रह किया है। यह बात भाजपा को भी पता है कि पवन के चुनाव लड़ने का सीधा लाभ इंडिया गठबंधन को होगा।



## कंगना के सामने विक्रमादित्य हो सकते कांग्रेस का चेहरा

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहीं फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा नेता कंगना रनौत के विरुद्ध कांग्रेस से हिमाचल सरकार में विक्रमादित्य सिंह के मैदान में आने की उम्मीद है। भाजपा नेताओं की निगाह कांग्रेस आलाकमान के निर्णय पर टिकी हुई है, क्योंकि अभी तक उनकी उम्मीदवारी का एलान अभी तक कांग्रेस ने नहीं किया है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह यदि मैदान में आते हैं तो यहां मुकाबला रोचक होगा ऐसा माना जा रहा है।

### लब खामोश हैं, पर आंखों ने लगा रखा है

# मंजिल पर निशाना

**मुस्लिम वोट बैंक**

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली।

**अमृत विचारः** इस बार यह पहला मौका रहा जब देश में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं और रमजान का महीना निकल गया, ईद भी हो गई। लेकिन शाही इमाम से लेकर मौलवियों तक की मुस्लिम वोट बैंक पर चुप्पी नहीं टूटी। इस खामोशी के पीछे सोची समझी रणनीति बताई जा रही है।

देश में लगभग 100 संसदीय क्षेत्र हैं, जिनमें मुस्लिम मतदाता निर्णायक स्थिति में है। इनमें भी 65 सीटें ऐसी हैं, जिसमें मुस्लिम मत संख्या 35 फीसद से ज्यादा है। मुस्लिम बाहुल्य सर्वाधिक 14 सीटें उत्तर प्रदेश में हैं। पश्चिम बंगाल में 13, केरल में 8, असम में 7, जम्मू कश्मीर में 5, बिहार में 4 और मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, गोवा, महाराष्ट्र व तेलंगाना सहित कुछ राज्यों में दो-दो सीटें मुस्लिम बाहुल्य गिनी जाती हैं। जनगणना के हिसाब से देश की कुल आबादी में 14.2 फीसद हिस्सा मुसलमानों का है। इसके बावजूद मुस्लिम वोट बैंक को लेकर जामा मस्जिद के शाही इमाम से लेकर आम मौलवी तक और विभिन्न मुस्लिम संगठनों के नेता अभी पूरी तरह खामोश हैं।

**100**
लोकसभा सीटों पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक स्थिति में

**35%**
तक 65 सीटों पर तो मुस्लिम मतदाता

**मुस्लिम वोट बैंक काफी संजीदा**
राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इस बार मुस्लिम वोट बैंक काफी संजीदा स्थिति में है, यदि इसको लेकर कोई भी फतवा, हिदायत आदि जारी की जाती है, तो वोटों का ध्रुवीकरण हो सकता है जिसका फायदा भाजपा को मिलेगा।



### मुस्लिम मतदाताओं की बड़ी पसंद नहीं बन पायी भाजपा

- जम्मू कश्मीर में धारा 370 समाप्त करने या उत्तर प्रदेश में अतीक अहमद से लेकर मुख्तार अंसारी की मृत्यु के बाद यह किसी से छिपा नहीं है कि आम मुसलमान भाजपा से नाराज हैं। कोई फतवा दिया जाए या न दिया जाए, यह वोट बैंक उसी दल में गिरेगा जिसका उम्मीदवार बीजेपी को पराजित करने की स्थिति में होगा। यदि चुनाव पूर्व शाही इमाम या मुस्लिम संगठनों द्वारा बीजेपी के खिलाफ फतवा जारी किया गया तो गैर मुस्लिम वोटो का ध्रुवीकरण होगा और बीजेपी को उसका लाभ मिलेगा। उदाहरण के लिए पश्चिम बंगाल में करीब 27 फीसद मुसलमान है वहां की 42 में 13 सीटों पर उनकी मजबूत पकड़ है। यह जानने के बावजूद यदि मुस्लिम वोटों के लिए उनके संगठनों द्वारा कोई दिशा निर्देश दिए गए तो गैर मुस्लिम वोट बैंक एकजुट हो सकता है। यही स्थिति उत्तर प्रदेश में है जहां पर करीब 20 फीसद मुसलमान है, इनमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आधा दर्जन सीटों पर उनकी संख्या 40 फीसद से ज्यादा है।

### शाही इमाम ने नहीं जारी किया कोई फतवा

- गुरुवार को ईद के मौके पर नमाज के लिए दिल्ली की जामा मस्जिद एवं फतेहपुरी मस्जिद में एकत्र हुए हजारों मुसलमान को उम्मीद थी कि शायद लोकसभा चुनाव को लेकर शाही इमाम कोई ऐलान, फतवा, हिदायत या राय देंगे, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इसी तरह जमीयत उलमा ए हिंद या ऑल इंडिया मजलिस ए मुशावरत जैसे कई संगठनों के पदाधिकारी भी कुछ नहीं बोल रहे हैं। जबकि पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को है।

गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट पर इस बार दो डॉक्टरों की लड़ाई में बसपा ने ठाकुर बिरादरी का प्रत्याशी उतारकर मुकाबला रोचक और दिलचस्प बना दिया है। भाजपा से पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखना चाहते हैं। वह ब्राह्मण हैं और खासतौर पर नोएडा में मजबूत पकड़ रखते हैं। उनके मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन ने पेशे से डॉक्टर महेंद्र नागर को उतारा है। डॉ. नागर गुर्जर समाज से हैं। बसपा ने ठाकुर बिरादरी के राजेंद्र सोलंकी पर दांव लगाया है। लोकसभा क्षेत्र में ठाकुर वोट ही सर्वाधिक माने जाते हैं। ईद के मौके पर तीनों प्रत्याशी परंपरागत जातीय आधार सहेजने के साथ मुस्लिम समाज को साधने में जोर लगाते नजर आए।

# दो डॉक्टरों की लड़ाई में क्या बसपा मार पाएगी मैदान ?

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचारः** गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने मौजूदा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा पर फिर एक बार भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले सपा और कांग्रेस गठबंधन से उम्मीदवार डॉ. महेंद्र नागर हैं, जबकि बसपा ने सिकंदराबाद के पूर्व विधायक ठाकुर राजेंद्र सिंह सोलंकी को मौका दिया है। यह सीट कांग्रेस के साथ गठबंधन में सपा के खाते में गई थी। सपा ने पहले डॉ. महेंद्र नागर को टिकट दिया तो नेताओं और कार्यकर्ताओं में असंतोष फैल गया, इसका कारण यह था कि डॉ. महेंद्र नागर दो साल पहले ही कांग्रेस छोड़कर सपा में आए थे। इस पर सपा ने प्रत्याशी बदलकर युवा नेता राहुल अवाना पर दांव लगाया, लेकिन उनका भी विरोध हो गया, ऐसे में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फिर से डॉ. महेंद्र नागर को उम्मीदवार बना दिया। पिछले चुनाव में सपा और बसपा के संयुक्त प्रत्याशी को 4,93,890 वोट मिले थे, तब भाजपा के डॉ. महेश शर्मा ने तीन लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी। इस बार सपा का कांग्रेस से गठबंधन है और बसपा अलग लड़ रही है। ऐसे में मुस्लिम और दलित मतदाताओं पर सभी की नजर है। पूरा जोर इन्हीं के वोट प्राप्त करने के गुणा-भाग पर लगाया जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा तीन तलाक कानून से मुस्लिम महिलाओं को मिले फायदे और केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ गिनाकर दोनों समुदायों के बीच जा रहे हैं। भाजपा संगठन के रणनीतिकार उनके लिए अलग से काम कर रहे हैं। इसके मुकाबले सपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नागर मुस्लिम मतों को गठबंधन का परंपरागत वोट बैंक मानकर दलित और पिछड़े वर्ग को रिझाने की कोशिश में जुटे हैं। उनका पूरा फोकस सबसे पहले गुर्जर बिरादरी में अपने नागर गोत्र के मतदाताओं को साधने में है, जबकि बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी दलित मतदाताओं में मजबूत पैठ मानकर मुस्लिम मतों को अपनी तरफ मोड़ने में लगे हैं, तो मुस्लिम मतों को बसपा की तरफ जाने से रोकने के लिए सपा-कांग्रेस नेता पूरा जोर लगा रहे हैं।




1 डॉ महेश शर्मा। **भाजपा**



2 ठा. राजेन्द्र सिंह सोलंकी **बसपा**



3 डॉ. महेंद्र नागर **सपा-कांग्रेस गठबंधन**




- गौतम बुद्ध नगर में भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा को जीत की हैट्रिक से रोकने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन ने ढाई दशक से राजनीति में सक्रिय डॉक्टर को उतारा मैदान में
- बसपा ने लोकसभा क्षेत्र में ठाकुर मतदाताओं की बड़ी संख्या देखते हुए सिंकदराबाद के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सोलंकी पर दांव लगाकर मुकाबल बनाया रोचक और दिलचस्प

**प्रमुख मुद्दे**

- विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के साथ किसानों की समस्या, बहन-बेटियों की सुरक्षा, सोसायटी क्षेत्र में बिल्डरों की मनमानी और भूमि अधिग्रहण मुआवजा।

**2009 चुनाव परिणाम**

| | |
|---|---|
| बसपा | 33.24% |
| भाजपा | 31.08% |
| सपा | 16.05 % |
| कांग्रेस | 15.73 % |

बसपा भाजपा सपा कांग्रेस

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| बसपा | सुरेंद्र सिंह नागर | 2,45,613 |
| भाजपा | डॉ. महेश शर्मा | 2,29,709 |
| सपा | नरेंद्र सिंह भाटी | 1,18,584 |
| कांग्रेस | रमेश चंद्र तोमर | 1,16,230 |

### सोसायटी निवासी बाहरी मतदाताओं का झुकाव भाजपा की तरफ नजर आता

- नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 250 से अधिक सोसायटी हैं। इनमें अधिकतर बाहरी लोग रहते हैं। इनकी संख्या करीब पांच लाख तक हैं। इनके अपने मुद्दे हैं, जिनमें विकास सर्वोपरि हैं। लेकिन इन मतदाताओं पर जातीय समीकरण का कोई प्रभाव नहीं दिखता है। इन मतदाताओं का झुकाव भाजपा की ओर ज्यादा नजर आता है। हालांकि कई सोसायटी में रजिस्ट्री का मुद्दा गर्म है। लोगों का कहना है कि पूरा पैसा जमा करने के बाद भी उनके फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। इस मुद्दे पर नेताओं के प्रति गुस्सा जताने के लिए रजिस्ट्री नहीं तो वोट नहीं, के बैनर भी टांगे गए हैं।

**2024**
में डॉ .महेश शर्मा हैट्रिक लगाने को कर रहे मेहनत

**2019**
में दूसरे नंबर पर थे बसपा के उम्मीदवार

**2019 लोकसभा जनादेश**

| भाजपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 59.80% | 35.70 % | 03.40 % |
| 828164 मत | 493421 मत | 41960 मत |
| डॉ. महेश शर्मा | सतवीर | डॉ. अरविंद सिंह |

### 26 लाख से ज्यादा मतदाताओं में लगभग आधी संख्या ठाकुर, ब्राह्मण व गुर्जर की

इस सीट का गठन 2009 में किया गया था। सामान्य घोषित इस सीट में परिसीमन के बाद खुर्जा विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। गौतम बुद्ध नगर में 26 अप्रैल को चुनाव होंगे। इस लोकसभा सीट पर 26,75,148 मतदाता अगले सांसद का चुनाव करेंगे। इनमें 14 लाख से अधिक पुरुष और 12 लाख से ज्यादा महिला वोटर हैं। सबसे ज्यादा मतदाता नोएडा यानी गौतम बुद्ध नगर विधानसभा क्षेत्र में है। यहां 7,82,872 मतदाता हैं। दादरी विधानसभा में 7,29,481 मतदाता हैं। तीसरे नंबर पर जेवर में 3,69,824 मतदाता हैं। सिकंदराबाद विधानसभा में 3,99,091 मतदाता हैं। खुर्जा में 3,93,880 मतदाता हैं। लोकसभा क्षेत्र में ठाकुर मतदाताओं की संख्या 4 .30 लाख है। ब्राह्मण और गुर्जर मतदाता करीब 4-4 लाख हैं। मुस्लिम मतदाता 3 .6 लाख तक हैं, जबकि दलित मतदाताओं की संख्या 3 .80 लाख है।

### विकास के साथ जातीय समीकरणों का घालमेल प्रचार को बना रहा दिलचस्प

लोकसभा क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट, फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क, लाजिस्टिक हब, पं. दीन दयाल उपाध्याय पुरातन संस्थान एवं संस्कृति संग्रहालय, ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिक्रेटेड फ्रेट कॉरिडोर, आईटी और बीपीओ कंपनियां, मास्टर प्लान-2041 और दो लाख करोड़ का औद्योगिक पूंजी निवेश जहां विकास की नई इबारत और इमारत जैसा नजर आता है, वहीं नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दादरी और जेवर के मुकाबले सिकंदराबाद और खुर्जा में उतना विकास नहीं नजर आता है। ऐसे में भाजपा को घेरने के लिए गठबंधन और बसपा प्रत्याशियों की ओर से विकास के मुद्दे पर नए सिरे से रणनीति बनाई जा रही है। इसी तरह चुनाव प्रचार और जनसंपर्क में जातीय समीकरणों का असर साफ नजर आता है। खास तौर पर सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा के प्रत्याशी जातीय बहुलता के हिसाब से रणनीति बनाकर प्रचार कर रहे हैं। बड़े नेताओं की जनसभाएं भी जातीय समीकरणों के हिसाब से कराने की तैयारी की जा रही है।

### प्रचार में पीछे दिख रहे गठबंधन और बसपा प्रत्याशी, अभी कोई बड़ा नेता तक नहीं आया

भाजपा उम्मीदवार डॉक्टर महेश शर्मा के समर्थन में भाजपा के दिग्गज नेता मैदान में उतर आए हैं। कुछ दिन पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा में प्रबुद्ध सम्मेलन कर गए हैं। 13 अप्रैल को गृह मंत्री अमित शाह डॉ शर्मा के लिए बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। जल्द ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ नोएडा आकर जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। दूसरी तरफ सपा, कांग्रेस और आम आदमी गठबंधन के प्रत्याशी डॉ महेंद्र नागर अपना चुनाव प्रचार अकेले ही करते नजर आ रहे हैं। उनके समर्थन में अभी तक गठबंधन का कोई बड़ा नेता नोएडा नहीं आया है। बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी पार्टी सुप्रीमो मायावती की सभा कराना चाहते हैं पर कार्यक्रम नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि गौतमबुद्ध नगर में भाजपा के सामने सभी दल नंबर दो पर आने की लड़ाई लड़ रहे हैं। यहां ज्यादातर लोग अन्य जिलों और राज्यों से आकर बसे हैं। गौतमबुद्ध नगर में वीआईपी मतदाताओं की भी बड़ी संख्या है, जिनमें पूर्व गवर्नर, सांसद, विधायक, सिविल सर्वेंट शामिल हैं।




**जीत के लिए जोश** राजस्थान के बाड़मेर में पीएम मोदी की रैली के दौरान पार्टी के युवा कार्यकर्ता जोश में नजर आए। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवाद से जुड़े पोस्टर लहराए।

**तैयारी पुख्ता** पहले चरण में 102 सीटों पर होगा मतदान, अरुणाचल एवं सिक्किम विधानसभा का चुनाव भी उसी दिन

# 19 अप्रैल को मतदान के लिए निर्वाचन आयोग तैयार

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचारः** पहले चरण के अंतर्गत लोकसभा की 102 सीटों के लिए निर्वाचन आयोग ने मतदान पूर्व समीक्षा बैठक की और 367 पर्यवेक्षकों एवं 21 राज्यों के मुख्य सचिवों को दिशा निर्देश दिए। आयोग ने जम्मू कश्मीर के प्रवासी नागरिकों के लिए मतदान प्रक्रिया को सरल बनाने का भी निर्देश दिया है।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने की जिसमें निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं डॉक्टर सुखबीर सिंह संधू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। उक्त सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। उसी दिन अरुणाचल प्रदेश एवं सिक्किम विधानसभा का भी मतदान होगा।




- जम्मू कश्मीर के प्रवासियों की मतदान प्रक्रिया सरल

**केंद्रीय पर्यवेक्षकों का विवरण**

1272 सामान्य पर्यवेक्षक
67 पुलिस पर्यवेक्षक
167 व्यय पर्यवेक्षक

बैठक में तय किया गया है कि मतदान के दौरान उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं से किसी भी तरह के धनबल या प्रलोभन के बरताव पर विशेष नजर रखी जाएं। कानून व्यवस्था के लिए समीक्षा की गई और संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात करने के लिए कहा गया है। निष्पक्ष और ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए आयोग ने पर्यवेक्षको को तीन स्तर पर विभाजित किया है। कानून व्यवस्था और संवेदनशील मतदान केंटो की पहचान करने के लिए पुलिस केंद्र द्वारा तैनात पुलिस पर्यवेक्षकों से कहा गया है कि अतिरिक्त पुलिस बल की मांग राज्य के पुलिस महानिदेशक को चेक करें और यदि राज्य पुलिस के पास पर्याप्त बल नहीं है तो आयोग को तत्काल सूचित करें ताकि केंद्रीय पुलिस बल को भेजा जा सके।

मतदान के दौरान किसी भी तरह के धन बल, शराब वितरण या प्रलोभन पर निगरानी रखने के लिए 167 व्यय पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है।

मतदाताओं को मत पर्चियां उनके घरों में स्थानीय प्रशासन द्वारा अनिवार्य रूप से भेजी गई है या नहीं यह भी सामान्य पर्यवेक्षक नहीं करेंगे और इसकी सूचना राज्य एवं दिल्ली में बनाए गए निर्वाचन कंट्रोल रूम को देंगे। मतदाताओं को गर्मी से राहत देने के लिए सभी मतदान केदो पर टेंट एवं शीतल पेयजल का इंतजाम किया जाएगा और बुजुर्ग मतदाताओं को घर में ही मतदान की सुविधा दी जाएगी।

जम्मू कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा 9 अप्रैल को प्राप्त रिपोर्ट पर आयोग की बैठक में विचार विमर्श किया गया और देशभर में रहने वाले प्रवासी नागरिकों के लिए मतदान की प्रक्रिया को सरल बनाने का फैसला लिया गया है। ऐसे नागरिकों को फार्म एम के साथ मांगी जाने वाली तमाम जानकारी को सरल बना दिया गया है। अब उन्हें अपने फॉर्म को किसी भी राजपत्रित अधिकारी से सत्यापन नहीं करना पड़ेगा। बल्कि स्व सत्यापन के तहत उन्हें मतदाता माना जाएगा और उन्हें मतदान की सुविधा दी जाएगी। जम्मू कश्मीर में इस तरह के मतदाताओं की संख्या करीब सवा लाख है।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्णः सुखं चानन्त्यमश्नुते॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# शांतिपूर्ण संबंध महत्वपूर्ण

देश में लोकसभा के चुनाव होने जा रहे हैं और चीन-भारत सीमा विवाद को लेकर विपक्ष सरकार के फैसलों को लेकर आक्रामक है। ऐसे समय में चीन को लेकर दिया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान काफी महत्व रखता है। प्रधानमंत्री ने अमेरिका की एक पत्रिका को दिए साक्षात्कार में कहा था कि भारत के लिए चीन के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं और सीमाओं पर लंबे समय से चली आ रही स्थिति का तत्काल समाधान किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने आशा जताई थी कि राजनयिक और सैन्य स्तरों पर सकारात्मक एवं रचनात्मक द्विपक्षीय बातचीत के माध्यम से दोनों देश अपनी सीमाओं पर शांति और स्थिरता बहाल करने और बनाए रखने में सक्षम होंगे। इस बयान पर चीन की प्रतिक्रिया विस्तार से आई है। शुक्रवार को चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने में सकारात्मक प्रगति हुई है। खास बात है कि पिछले कुछ दिनों में यह दूसरा मौका है जब चीन ने मोदी के साक्षात्कार पर प्रतिक्रिया दी है। पिछली बार प्रधानमंत्री मोदी ने हिरोशिमा में ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के दौरान इस बात पर जोर दिया था कि चीन के साथ भारत की सीमा पर शांति सामान्य संबंधों के लिए आवश्यक है और भारत अपनी संप्रभुता और गरिमा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

गौरतलब है कि भारत के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा होने के कारण भारत और चीन के बीच आए दिन विवाद होता रहता है। हाल ही में उसने अरुणाचल प्रदेश को लेकर अपना अड़ियल रवैया दिखाया था। पैंगोंग त्सो झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा होने के बाद से व्यापार संबंधों को छोड़कर भारत और चीन के बीच संबंधों में गतिरोध बना हुआ है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के साथ सीमा विवाद सुलझाने की जरूरत बताई है, जो कि उनकी परिपक्वता को दर्शाता है। दोनों देश पड़ोसी होने के साथ ही दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। इसलिए किसी भी तरह के टकराव से दोनों का ही नुकसान है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना सही है कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए भारत-चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध अहम हैं। स्थिर एवं शांतिपूर्ण संबंध न केवल दोनों देशों, बल्कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। चीन यदि भारत की इस पहल को स्वीकार कर ले और दोनों के बीच शांतिपूर्ण संबंध बनते हैं तो दोनों देशों की तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

# संक्रामक रोगों की पूर्व सूचना और प्रबंधन का भारतीय तंत्र



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

देश में 34 किस्म के संक्रामक रोगों के बारे में 'पी' और 'एल' फॉर्म में डेटा लिया जाता है। 'पी' फॉर्म डॉक्टर्स द्वारा और 'एल' फॉर्म लैबोरेट्रीज द्वारा भरा जाता है, जो अंत में दिल्ली में प्रोग्राम मुख्यालय में पहुंचकर जमा होता है।

भारत में विषाणु और जीवाणु जनित टायफायड, निमोनिया, हेपेटाइटिस और रोगवाहक कीटों द्वारा फैलाए जाने वाले डेंगू, चिकगुनिया, मलेरिया, जापानी बुखार जैसे संक्रामक रोग का प्रकोप किस हिस्से में और कितने भू-भाग में कब फैल सकता है, इसे जानने के लिए इंटीग्रेटेड डिजीज स्वाय्लेंस प्रोग्राम (आईडीएसपी) नाम से एक निगरानी तंत्र सन 2004 में राष्ट्रीय स्तर पर वर्ल्ड बैंक की मदद से स्थापित किया गया था। यह कार्यक्रम सक्रिय और प्रभावशाली रहा है, खासतौर से कोविड-19 के दौरान। निगरानी को सशक्त रखने के लिए पब्लिक हेल्थ सेंटर्स और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर्स का नेटवर्क इसके लिए काम करता है। इस नेटवर्क में मौजूद स्वास्थ्य सेवा तंत्र के अंतर्गत पीएचसी/सीएचसी, सिविल अस्पताल, मेडिकल स्कूल्स, शोध संस्थानों से जुड़े हुए इंडोर अस्पताल, पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट्स ऑफ़ मेडिकल साइंसेज और 'कैशलेस' इलाज देने वाले अस्पताल शामिल हैं।

देश में 34 किस्म के संक्रामक रोगों के बारे में 'पी' और 'एल' फॉर्म में डेटा लिया जाता है। 'पी' फॉर्म डॉक्टर्स द्वारा और 'एल' फॉर्म लैबोरेट्रीज द्वारा भरा जाता है जो अंत में दिल्ली में प्रोग्राम मुख्यालय में पहुंचकर जमा होता है। यहां इसकी स्टेटिस्टिकल एनालिसिस की जाती है जिससे संक्रामक रोगों के प्रकोप और प्रसार क्षेत्र का अध्ययन करते समय इसकी 'प्रिडिक्टिव वैल्यू' भी देखी जा सके। देश के सभी जिलों के पिछले 15 साल के डेटा के इस्तेमाल से यह मालूम होता है कि कब, कहां, कितनी तीव्रता का कौन से संक्रामक रोग का प्रकोप हुआ और कितने जन इससे प्रभावित हुए। इसकी मैपिंग और ग्राफ़िक्स अनेक विधियों से तैयार करके नीति निर्धारकों को उपलब्ध करवाई जाती है। उक्त फार्मों में मृत्यु का डेटा नहीं भरा जाता क्योंकि यह किसी और प्रोग्राम के अंतर्गत संकलित किया जाता है। संक्रमण और इसके रोगकारकों की सूची में निगरानी के लिए शामिल की गयी 34 बीमारियों की परिभाषा दर्ज है। फिर भी संक्रामकों में कायात्मक और संरचनात्मक रूप से अनदेखे या अनजाने परिवर्तन, जैसे कि विषाणु एवं जीवाणु की आनुवांशिक संरचना के किस एक अंश या रोगवाहक के स्वभाव में परिवर्तन होना, होते हैं जिनकी वजह से संक्रामकता और प्रकोप में फर्क पड़ता है। शोध-संधान से जब यह मालूम होता है तब डिजीज स्वायलेंस प्रोग्राम में इसे शामिल करके 'इंटेलिजेंस अपडेट' लिया जाता है। वर्ल्ड बैंक के साथ समझौते की अवधि सातवीं पंचवर्षीय योजना अर्थात सन 2017 तक थी। इसके बाद यह भारत के स्वास्थ्य तंत्र का स्थायी हिस्सा है जो कि नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के भीतर ही काम करता है।

> भारत में 'डिजीज आउटब्रेक फोरकास्टिंग सिस्टम' आईडीएसपी का ही हिस्सा है, लेकिन इस बात का ध्यान रखा जाता है कि पूर्व सूचना या चेतावनी पेंडेमिक, एपिडेमिक, एंडेमिक प्रकृति की है या आउट-ब्रेक, क्योंकि मोनिटरिंग और कंट्रोल के संसाधनों की मोबिलिटी इसी घोषणा पर आधारित होती है।

भारत में 'डिजीज आउटब्रेक फोरकास्टिंग सिस्टम' आईडीएसपी का ही हिस्सा है। लेकिन इस बात का ध्यान रखा जाता है कि पूर्व सूचना या चेतावनी पेंडेमिक, एपिडेमिक, एंडेमिक प्रकृति की है या आउट-ब्रेक, क्योंकि मोनिटरिंग और कण्ट्रोल के संसाधनों की मोबिलिटी इसी घोषणा पर आधारित होती है। संक्रामक रोगों में एक वायरल हैं जो विषाणुओं से फैलते हैं और दूसरा, बैक्टीरियल हैं जिन्हें जीवाणुओं द्वारा फैलाया जाता है। इन दोनों में भी संक्रमण के कारकों, प्रसार की गति, संक्रमण की अवधि और इलाज की पद्धतियां अलग हैं। एंटी-वायरल या एंटीबायोटिक्स से तभी इलाज किया जाता है जब जीवन बचाने के लिए और इन्फेक्शन को क्लियर करने के लिए ऐसा करना जरूरी समझा जाए। ऐसा करने के क्लिनिकल प्रोटोकॉल बिलकुल स्पष्ट हैं। कुछेक के लिए संक्रमण की प्राथमिक स्थिति के लिए औषधि देने की सिफारिश नहीं है जैसे कि हैज़ा और कोविड-सार्स-2 या कोविड-19 जैसे प्राणलेवा संक्रमण के लिए भी। कॉलरा या हैजा और डायरियल डिजीजेज़ (अतिसार/पेचिश) की ईटियलजि भी अलग है और कारक या एजेंट भी। इस तरफ मेरा ध्यान इसलिए गया कि दक्षिण भारत में इस समय वातावरण में तापमान 39-44 डिग्री सेल्सियस है अर्थात गर्मी का प्रभाव खूब है और बरसात होने के आसार अभी नहीं हैं। एनडीएमए और भारत मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि दक्षिण भारत में औसत से अधिक गर्मी का अचानक प्रकोप होने से सभी लोग अपने साथ ऑरल री-हाइड्रेशन सलूशन (ओआरएस) का पैकेट रखें ताकि निर्जलीकरण अथवा हैज़ा आदि के संक्रमण से बचा जा सके। हैज़ा से किसी व्यक्ति के प्रभावित होने के चांस गर्मी की ऋतु में, मई और जून के महीनों में ही अकसर होते हैं, जैसाकि आईडीएसपी द्वारा तैयार डिजीज मैप्स से मालूम पड़ता है। अकसर ही असावधानीवश प्यासा होने पर संक्रमित पानी पी लिया जाता है। इसमें हैज़ा का जीवाणु -विब्रियो कॉलरी अगर मौजूद है तो 6 से 48 घंटा के भीतर इससे शरीर में क्लिनिकल लक्षण दिखाने शुरू हो जाएंगे।

व्यक्ति, गंभीर रूप अस्वस्थ होकर उल्टी-दस्त करेगा और शरीर की तेज़ी से निर्जलीकरण होगा। संक्रमण जीवाणु के किस विभेद (स्ट्रेन) से हुआ यह मालूम करना बाद का काम है क्योंकि गंभीर रूप से बीमार होने की स्थिति में एंटीबायोटिक्स देने का विचार भी किया जाता है। पानी की अत्यधिक कमी होने और शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस को डांवाडोल स्थिति से निकालने के लिए ओआरएस का घोल पीना पड़ता है। निर्जलीकरण दूर करने लिए ओआरएस जीवन रक्षक समाधान है, खासकर बीमारी या अत्यधिक गर्मी के मौसम में। उचित मार्गदर्शन और उपयोग के लिए एक स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर से हमेशा परामर्श करें। मार्किट में ओआरएस की 71 ब्रांड उपलब्ध हैं। प्रयोगकर्ता भ्रमित न हों, ऐसे में मार्गदर्शन के लिए सैशे पर प्रिंट की गई जरूरी सूचना को पढ़ लेना चाहिए।

डिजीज आउटब्रेक फोरकास्काटिंग का चुनावगर्मी, मनुष्यों की गहमा-गहमी और ऋतुजनित गर्मी से घनिष्ठ सह-संबंध बनता है। ऐसे में सरकारी तंत्र संक्रामक रोगों के पैदा होने की संभावना के बारे में समयानुसार चेतावनी देने और सक्रिय होने का पर्याप्त अवसर देता है। शायद यह मौक़ा है जब आम चुनाव के मौके पर गर्म ऋतु में चेतावनी जारी की गई है। डिजीज आउटब्रेक के बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। अगर ऐसा करेंगे तो 'पैनिक' फ़ैल सकता है। इंतजार रहता है उस प्रथम सूचना रिपोर्ट का जो त्वरित गति से मीडिया माध्यमों में पहले प्रकट होती है।

भारत के डिजीज स्वायलेंस सिस्टम के अंतर्गत इंडियन कौंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च, नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ एपिडेमियोलॉजी, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ कॉलरा एंड एंटैरिक डिजीजेज़, नेशनल सेंटर फॉर वेक्टरबोर्न डिजीजेज़ कण्ट्रोल, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी, और आईसीएमआर के गोरखपुर और भुवनेश्वर स्थित रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर्स आदि सहयोगी संस्थान हैं जिनके वैज्ञानिक देश में संक्रामक बीमारियों -पुरानी, नईं और उभरती हुईं, पर निगाह रखते हैं। इसके लिए ज्योग्राफिकल निगरानी तंत्र भी काम करता है जो उपग्रह प्रणाली से जुड़ा रहता है।

मौसम की शार्ट और लॉंग-टर्म भविष्यवाणी करने के लिए जिस तरह ख़ास पैरामीटर्स का अध्ययन किया जाता है उसी प्रकार से डिजीज सर्वायलैंस सिस्टम अपने लिए अलग पैरामीटर्स इस्तेमाल करता है। ऐतिहासिक डेटा की 'माइनिंग' और ताज़ा आंकड़ों के दृष्टिगत किये गए विश्लेषण से प्राप्त हुए संकेतों के आधार पर डिजीज फोरकास्टिंग की जा सकती है। मकसद, जनता को भयभीत करना नहीं होता बल्कि खुद तैयारी किए जाने के अलावा चौकस रहकर देश में रहने वालों की सेहत और जान के प्रति संवेदनशील रहना है। प्रशंसनीय है कि इस बार गर्मी के मौसम में निर्धारित किए गए चुनावों के लिए प्रचार और जनसभाओं के दौरान निर्जलीकरण से बचने के लिए ओआरएस का प्रबंध करने और इसे सभी को अपने पास रखे जाने की सिफारिश सरकार की ओर से हुई है। उपरोक्त परिदृश्य के संबंध में नीति आयोग द्वारा सन् 2020 में प्रकाशित किया गया दस्तावेज़ 'विज़न 2035: पब्लिक हेल्थ स्वाय्लेंस इन इंडिया' देखने लायक है। इसके अलावा महत्वपूर्ण जानकारी आईडीएसपी के वेबसाइट पर उपलब्ध है जिसे देखकर यह संतोष होता है कि स्वास्थ्य के पहरुए मोर्चे पर तैनात हैं और जागरूक भी।

## प्रसंगवश

# विविधताओं से भरा देश

जैसे हमारा अपना धर्म होता है, उसी तरह देश का भी धर्म होता है। जैसे हमें खुद को समझना चाहिए, अपना गहराई से निरीक्षण करना चाहिए, खुद से मिलना चाहिए, वैसे ही हमें अपने देश को समझना चाहिए, उसके धर्म को समझना चाहिए। जरूरत पर उसकी खोज करनी चाहिए। हमारी श्रेष्ठता की सोच (जाति/धर्म/ लिंग की श्रेष्ठता) ने देश को काफी नुकसान पहुंचाया है।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हमारा देश विविधताओं से भरा है, जाति की, धर्म की, भाषा की, बोली की। हर विविधता को फलने-फूलना का पूरा मौका ही देश को सशक्त बनाता है। सामाजिक समरसता हमारे जैसे देश के आर्थिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। विदेशी निवेश कम हो रहा है? इसके पीछे कहीं सामाजिक समरसता का अभाव तो नहीं है, यह शोध किया और समझा जाना चाहिए। इसी विविधता में पले बढ़े होने के कारण तो गालिब ने कहा- हम को मालूम है जन्नत की हकीकत, लेकिन दिल के खुश रखने को 'गालिब' ये खयाल अच्छा है मुंशी नबी बख़्श हकीर के नाम गालिब ने लिखा था-'रोजा रखता हूं मगर रोजे को बहलाए रहता हूं। कभी पानी पी लिया, कभी हुक्का पी लिया, कभी कोई टुकड़ा रोटी का खा लिया। यहां के लोग अजब फहम और तुरफा रविश (अमीरों की चाल-ढाल) रखते हैं। मैं तो रोजे को बहलाए रहता हूं और ये साहब फरमाते हैं कि तू रोजा नहीं रखता। ये नहीं समझते कि रोजा न रखना और चीज है और रोजा बहलाना और बात है।'

गालिब मानवतावादी थे। उन्होंने लिखा है -'मुझमे मुसलमान के कोई लक्षण नहीं हैं। फिर भी पता नहीं क्यों जब भी मैं दुनिया के किसी कोने में मुसलमानों के अपमान, अपयश की बात सुनता हूं तो मेरे दिल पर अफसोस और मलाल छा जाता है'। हाली का कहना था कि उनका मिजाज इतना 'शोख' (शरारती) था कि कोई 'गर्म' ख़याल आने पर वे उसे बेसाख्ता बोल पड़ते थे, बिना परवाह किए कि ऐसा कहने पर लोग उन्हें काफिर या रिंद या धर्मभ्रष्ट समझ बैठेंगे।

# बस्ते के बोझ से बेहाल बचपन

विद्यालयों में नया सत्र के आरंभ होने के साथ ही बच्चों की नियमित कक्षाएं आरंभ हो चुकी हैं। सवेरे-सवेरे स्कूल जाते बच्चों को भागते-दौड़ते हुए नाजुक कंधों पर वजनदार बस्तों का बोझ ढोते आसानी से देख सकते हैं और अगर उनकी तुलना आप अपने बचपन से करेंगे तो पाएंगे कि पूंजीवाद आधारित विद्यालयों की व्यवस्था में पढ़ाई के बोझ तले बच्चा कुम्हलाता जा रहा है।

आम जनता की तिरछी निगाहें एक और सरकारी स्कूलों की ओर प्रश्नवाचक दृष्टि की होती है तो प्राइवेट स्कूलों में अभिभावक अपनी आय का एक बड़ा प्रतिशत स्कूलों की फीस से लेकर बच्चों की प्राइवेट कोचिंग तक में खर्च कर इनकी मनमानी झेलने को त्रस्त हैं। जहां सरकारी विद्यालयों में बस्ते के बोझ को हल्का करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप मानव संसाधन विकास मंत्रालय के दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाता है, वहीं प्राइवेट स्कूलों द्वारा आय में वृद्धि करने हेतु अपने प्रकाशकों द्वारा छापी जाने वाली एक ही विषय की तीन-तीन पुस्तकें और अनियोजित टाइम टेबल के कारण बच्चों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्देशों के मानकों का दो गुना वजन वहन करने को बाध्य किया जाता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में स्पष्ट कहा गया है कि कक्षा पहली से 12 वीं तक बस्ते का वजन बच्चों के वजन का औसतन 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। मेरा स्वयं का बच्चा आठवीं कक्षा में पढ़ता है और उसके बस्ते का वजन उसके औसत वजन के अनुसार चार किलो से अधिक नहीं होना चाहिए, जबकि पाठ्य पुस्तकों, लंच बॉक्स और पानी की बोतल के साथ यह वजन कई बार 10 किलो का हो जाता है, जो मुझे ही बस स्टॉप तक पहुंचाने में बेहाल कर देता है। ऐसे में बच्चा पहली या दूसरी मंजिल चढ़कर जब अपनी कक्षा में पहुंचता है तो उसकी मांसपेशियों कितना आवश्यक दबाव डाल रहा है, उसे स्वयं भी नहीं पता। उसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव का स्कूल आकलन भी नहीं कर सकता। अपने साथियों से जब मैंने इस विषय पर बात की जिनके बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं तो उन्होंने मुझसे कहा यह आप ही के बच्चों के स्कूल की बात नहीं है, अमूमन यह हर स्कूल की समस्या है।



बीना नयाल
नई दिल्ली

> राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में स्पष्ट कहा गया है कि कक्षा पहली से 12 वीं तक बस्ते का वजन बच्चों के वजन का औसतन 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।

परीक्षा का परिणाम प्रतिशत बढ़ाने की इतनी होड़ है कि बच्चों को मशीन मान लिया गया है जिससे बच्चों का व्यवहारगत अधिगम और सर्वांगीण विकास कहीं खो गया है। होटल, रेस्टोरेंट और ऑनलाइन माध्यम से प्लास्टिक के डब्बे में खुलेआम खाने की पैकेजिंग चल रही है, जो कि पर्यावरण और सेहत दोनों के लिए हानिकारक है। इसलिए स्कूलों में बच्चों को स्टील के लंच बॉक्स और बोतल लाने के लिए प्रेरित किया जाता है। उचित भी है, लेकिन बाजारवाद के इस दौर में इन स्टील के लंच बॉक्स और बोतलों के ऊपर प्लास्टिक की लुभावनी पैकेजिंग से कई बार बस्ते का वजन मानक वजन से दोगुना तक बढ़ जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के निर्देशों में स्पष्ट कहा गया है कि बच्चों को स्कूल में लाकर उपलब्ध कराया जाए और उनके बस्ते का वजन नियमित रूप से मशीनों द्वारा जांचा जाए। साथ ही अभिभावकों का भी कर्तव्य है कि बस्ते का बोझ अधिक होने पर इस संदर्भ में स्कूल प्रशासन से विचार विमर्श करें, लेकिन अधिकतर अभिभावकों को तो छोड़िए, अध्यापक भी दिशा-निर्देशों से अवगत नहीं होते हैं और स्कूल प्रशासन खुले आम नियमों की अनदेखी करता है।

शायद हम भूल जाते हैं कि बच्चों पर बस्ते के बोझ से स्वास्थ्य पर जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, वह भविष्य में उस ऊर्जा से वंचित रह जाता है, जो उसे कैरियर निर्माण के अति महत्वपूर्ण समय पर आवश्यक होती है। स्कूली शिक्षा पर गठित विभिन्न कालों में अलग-अलग समितियों ने शिक्षा को बिना बोझ और सर्वांगीण विकास का माध्यम बनाने के लिए बस्ते का बोझ कम करने के लिए हमेशा से ही संस्तुतियां की हैं। इसमें से 1993 की यशपाल समिति और 2005 राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्पष्ट रूप से दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

अतः स्कूलों के शारीरिक और मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए न केवल स्कूल प्रशासन को वरन अध्यापकों को भी इस दिशा में सजग रहना होगा और स्कूल प्रशासन से नियमित रूप से विचार विमर्श करना होगा जिससे शिक्षा बच्चों की सहज प्रवृत्ति के अनुसार अनुरूप सीखने का माध्यम बन सके न कि बोझ बनकर रह जाए।

## सोशल फोरम

# हंसो मत, हिन्दी है

स्टेशन पर गाड़ी के इंतजार में खड़े-खड़े एनाउंसमेंट सुन पड़ता है। गाड़ी क्रमांक...प्लेटफॉर्म क्रमांक पर लगाई जा रही है। हैरानी हुई कि अच्छा भला प्रचलित शब्द है गाड़ी संख्या, प्लेटफॉर्म संख्या, लेकिन 'हिंदीकरण' की झक में बेचारा 'संख्या' बलि चढ़ गया और उसकी जगह आ बैठा क्रमांक।

अगर प्लेटफॉर्म चल सकता है तो नंबर क्यों नहीं चल सकता? बोलचाल की भाषा से परहेज को ही शुद्ध भाषा का उदाहरण मानने वाले इसी तरह तत्समीकरण करते हैं। हिंदी तो इतनी जबरदस्त है कि शायद सबसे ज्यादा विभिन्नताओं को जज्ब कर लेती है। जब मैं अध्यापक हो गया था तब बहुत से बिहारी लड़के संपर्क में आए। मगही क्षेत्र के लड़के अक्सर एक दिलचस्प प्रयोग करते थे: अमुक जी डेथ कर गए। फलां जी ने पैदा लिया, लेकिन इस पर कभी हंसी नहीं आई।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

हालांकि ये प्रयोग विचित्र थे। हिंदी के स्थानीय रंगत लिए हुए जितने रूप प्रचलन में हैं, वह अपने में शोध का विषय है, जहां तक मुझे मालूम है, इस पर भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से कोई काम नहीं हुआ है। जबकि होना चाहिए ताकि यह दर्ज हो सके कि कलकतिया हिंदी, बंबइया हिंदी, छत्तीसगढ़ी रंगत वाली हिंदी, भोजपुरी असर वाली हिंदी वगैरह कितने रंग हैं इस भाषा के।

यह भाषा की समृद्धि का परिचायक भी है और बोलने वालों को संस्कारित करने का माध्यम भी। क्षेत्रीय रंगों से हिंदी के जो रूप निकलते हैं, उन्हें सुनकर कभी हंसी नहीं आती, लेकिन यह जो 'संख्या' को हटाकर 'क्रमांक' को प्रतिष्ठित करने वाली सरकारी हिंदी है, उसे सुनकर जितनी हंसी आती है, उससे ज्यादा क्रोध आता है। यह बात फिर-फिर याद दिलाने की है कि जनता अपने टकसाल में जिंदा भाषा गढ़ती है, कृत्रिम भाषा नहीं। अंग्रेजी के 'रेल' में हिंदी की 'गाड़ी' जोड़कर रेलगाड़ी शब्द जनता ने बनाया है, सरकारी विद्वानों या अफसरों ने नहीं।

जनता की भाषा निर्माण शक्ति का सबसे अच्छा उदाहरण है 'गिरमिटिया'। एंडेन्चर्ड लेबर के लिए 'अग्रीमेंट' का अपभ्रंश है 'गिरमिटिया', लेकिन जो नई व्यंजना शक्ति गिरमिटिया में आ गई है, वह उसके किसी अंग्रेजी प्रतिरूप या हिंदी अनुवाद में नहीं हो सकती।


-फेसबुक वॉल से

# आजादी की कीमत याद दिलाता है जलियांवाला बाग

भीड़ के स्वर अचानक थम जाते हैं। उस तारीख की यादें लोगों को आज भी विचलित करती लगती हैं। कतार में दाखिल लोगों की गति अनायास ही मंद पड़ती है और मन बोझिल होता जाता है।

वह भी बैसाखी का ही दिन था। बीच में एक सदी से ज्यादा का फासला तो क्या? घाव के गहरे निशान अभी मौजूद हैं। पुरखों को मिली यातना और दर्द की टीसें आज की पीढ़ियों को बेचैन करती हैं। 13 अप्रैल 1919, जलियांवाला बाग के नरसंहार की मनहूस और दिल दहलाने वाली तारीख। वह गुलामी का दौर था। अंग्रेजों की मनमानी और जुल्म ज्यादती का अंधियारा बढ़ता ही जा रहा था, लेकिन उस अंधेरे का सीना चीरने के लिए आजादी के मतवाले जूझ रहे थे। नतीजों और अपने प्राणों की परवाह उन्हें नहीं थी। उजाले की उन्हें तलाश थी।

अपने राज का सूरज न डूबने के गुरुर में अंग्रेज दमन की किसी हद तक जाने की तैयारी में थे। बिना मुकदमा चलाए बंदी बनाए रखने का अधिकार रॉलेट ऐक्ट के जरिए उन्होंने हासिल कर लिया था। इस काले कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए जलियांवाला बाग में नाराज, लेकिन अनुशासित और शांत भीड़ जुटी थी। हंसराज इस भीड़ को संबोधित कर रहे थे। तब तक जनरल डायर की अगुआई में बाग के इकलौते प्रवेश-निकास द्वार को सैनिकों ने घेर लिया। फिर गोलियों की निर्मम बरसात हुई थी। न गोलियों की गिनती थी और न मरने वालों की। जान बचाने की नाकाम कोशिश में तमाम लोग मैदान के एक किनारे स्थित कुएं में कूद गए थे। बहुतों की देह दीवार फांदने की कोशिश में छलनी होकर तड़पते हुए निस्तेज हो गई। उस दिन अनाथालय की ओर से लोगों को पानी पिलाने की ड्यूटी पर लगे अमर शहीद ऊधम सिंह ने निर्दोष देशवासियों के लहू से तर मिट्टी को लेकर प्रतिशोध की कसम खाई थी। अगले इक्कीस साल जागते-सोते और अंग्रेजों से जूझते वे इस कसम को कभी नहीं भूले। उसे पूरा करके ही वे फांसी के फंदे पर झूले और इसी मैदान की मिट्टी सिर्फ 12 साल की उम्र में शहीदे आजम भगत सिंह ने संजो के घर के पूजा स्थल पर रखी थी।



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

> भारत-पाकिस्तान सीमा के अटारी-बाघा बार्डर पर बीच का भारी भरकम लोहे का गेट और पार खड़े पाकिस्तानी रेंजर्स उस हिस्से की याद दिलाते हैं, जो कभी इस महान देश का अंग था और जिसने अलग होने के बाद भी भारत को सिर्फ घाव ही घाव दिए।

**जलियांवाला बाग हत्याकांड की बरसी**

बेशक जुल्मी सत्ता जलियांवाला बाग में निर्दोषों पर भारी पड़ी थी, लेकिन इस नरसंहार ने देशवासियों और खासतौर पर नौजवानों में अंग्रेजी राज को उखाड़ फेंकने का संकल्प भर दिया था। बचपन से ही जलियांवाला बाग कांड के विषय में पढ़ा, जाना और सुना। देश के लिए मर मिटने वालों के विषय में लिखते हुए भी बार-बार जलियांवाला बाग प्रसंग ने बेचैन किया। पहली बार अमृतसर आने का अवसर मिला तो कुर्बान हो जाने वालों को अपने अंदाज में नमन किया। भोर में पवित्र स्वर्ण मंदिर के दर्शन और गुरुग्रंथ साहब के सामने मत्था टेकने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उसके बाद जलियांवाला बाग में एक बार फिर प्रवेश किया। पंजाब सरकार ने आजादी के संघर्ष के इस महान स्मारक को करीने से संजोया-संवारा है। तीन पुरानी दीवारें संरक्षित हैं, जिन पर दर्जनों गोलियों के निशान अभी मौजूद हैं। वह चौड़ा-गहरा कुंआ भी जिसमें कूदकर जान बचाने की कोशिश में सैकड़ों की जानें गईं।

इस कांड की पृष्ठभूमि और पूरे घटनाक्रम को शब्दों, चित्रों और अखबारी कतरनों के जरिए बखूबी परिचित कराया गया है। उस समय जीवित बचे कुछ चश्मदीदों के विचलित करने वाले बयान भी प्रदर्शित हैं। उस अभागी रतन कुमारी का दिल दहलाने वाला बयान भी है, जो इस निर्मम कांड के बाद देर शाम अपने पति की तलाश में वहां पहुंची थी। चारों ओर लाशें बिखरी हुई थीं। किसी की छाती तो किसी की पीठ छलनी थी। उस खौफनाक सन्नाटे बीच रतन कुमारी को सिर्फ जानवरों की रोती आवाजें सुनाई पड़ी थीं। भारत-पाकिस्तान सीमा के अटारी-बाघा बार्डर पर बीच का भारी भरकम लोहे का गेट और पार खड़े पाकिस्तानी रेंजर्स उस हिस्से की याद दिलाते हैं, जो कभी इस महान देश का अंग था और जिसने अलग होने के बाद भी भारत को सिर्फ घाव ही घाव दिए।

# लड़की होने का अफसोस नहीं

कल बरामदे में कुछ बच्चियां दिखीं। इधर से उधर। उधर से इधर आते-जाते। हमने सोचा कोई परिवार आया होगा कुछ दिन के लिए रहने। शाम को पता चला कि ये बच्चियां शहडोल मंडल से यहां राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने आई हैं। रहने का कहीं और इंतजाम न होने के चलते मेस में व्यवस्था की गई। बच्चियों से बात करने पर पता चला कि कुछ बच्चियां हॉकी की खिलाड़ी हैं। कबड्डी की प्रतियोगिता हुई तो कबड्डी खेलने आ गईं। अलग-अलग जगहों से आई हैं। खेली हैं। थकी हैं। कुछ चोट भी लगी है। घुटने, पैर में छिल गया है। दवा लगाई है। दर्द है, लेकिन चलता है। रहने का ठिकाना खाने के ठिकाने से दूर है। रात 9 बजे सब खाने के लिए पैदल जाती हैं। मैं कहता हूं, यहीं खा लो, लेकिन वे वहीं जाती हैं। बोलती हैं वहीं इंतजाम है।



अनूप शुक्ल
कानपुर

सुबह बताती हैं कि रात 11 बजे लौटी। पैदल। रात में किसी से लिफ्ट भी तो नहीं ले सकते। बच्चियां आपस में पटर-पटर बतियाती हैं। उनकी बातें एक-दूसरे पर गिरती-पड़ती सुनाई देती हैं। बस इतना पता चलता है कि खूब सारा बतिया रहीं हैं। आते-जाते हम भी कुछ-कुछ बतियाते हैं बच्चियों से। उनके स्कूल, घर, समाज के बारे में बातें होती हैं। स्कूल 'कोएड' है, लेकिन लड़कों से डर नहीं लगता। लड़के कम हैं। उनको 'चमका' देते हैं, जो लड़के अच्छे से बात, व्यवहार करते हैं वे ठीक लगते हैं। घर में लोग पढ़ने के लिए मना नहीं करते। घर से बाहर निकलना अच्छा लगता है। साइकिल, बाइक चला लेते हैं। लड़की होने का कोई अफसोस नहीं, जो काम लड़के कर सकते हैं वो सब लड़कियां कर सकती हैं, लेकिन जो काम लड़कियां कर सकती हैं वो सब लड़के नहीं कर सकते। लड़कियां ज्यादा समझदार होती हैं। खाना सब बना लेती हैं।

बच्चियां अलग-अलग पृष्ठभूमि से आई हैं। अधिकतर के पास साधारण मोबाइल है। कुछ के पास स्मार्ट फोन। बात करते हुए मोबाइल में झुकी बच्चियां। जबलपुर में किसी के रिश्तेदार हैं। वो पता पूछते हैं। बच्चियां मुझे फोन पकड़ाकर पता बताने को कहती हैं। उनके मौसा जी, चाचा जी मिलने आएंगे। सब एक-दूसरे को जल्दी तैयार होने की हिदायत देती हैं। सुबह की चाय पीते हुए दिखीं बच्चियां। मैंने पूछा-चाय पियोगी। बोलीं चाय-नाश्ता ग्राउंड पर ही करेंगे। फिर कुछ देर बाद-बोलीं अच्छा मंगा दीजिए। सबने 'चक दे इंडिया' कई बार देखी है और मैच भी देखती रहती हैं। बच्चियों को देखकर हमको एक बार फिर से मुकेश तिवारी की यह कविता याद आ जाती है: लड़कियां, अपने आप में एक मुकम्मल जहां होती हैं।

## चुनावी गतिविधियां

● **बसपा उम्मीदवारों पर सबसे ज्यादा आपराधिक मामले :** अपराध मुक्त समाज बनाने का दंभ भरने वाले राजनैतिक दल चुनाव के दौरान टिकट देने के दौरान प्रत्याशी पर दर्ज मुकदमों से परहेज नहीं करते हैं। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में आठ सीटों के प्रत्याशियों की बात करें तो सबसे ज्यादा पांच बसपा के उम्मीदवारो पर अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं, इतना ही नहीं, मुकदमें गंभीर धारा में दर्ज हैं। वहीं सपा और भाजपा भी बहुत पीछे नहीं हैं, दोनों में ही तीन-तीन प्रत्याशियों ने दर्ज मुकदमें घोषित किये।उप्र इलेक्शन वाच और एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार जय समता पार्टी, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), रालोद, कांग्रेस के सभी उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। वहीं बसपा के 50 फीसदी, सपा के 29 फीसदी और बीजेपी के 14 फीसदी उम्मीदवारों ने अपराधिक मामले घोषित किए हैं। सबसे ज्यादा मामले आसपा के नगीना से उम्मीदवार चंद्रशेखर पर सबसे अधिक 36 दर्ज हैं। दूसरे नंबर पर सहारनपुर में कांग्रेस के इमरान मसूद पर आठ और तीसरे नंबर पर रामपुर से एडीपी के उम्मीदवार अरशद वारसी पर आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

# आंबेडकरमय होने की तैयारी में जुटे राजनीतिक दल

### सिर चढ़कर बोल रहा लोकसभा चुनाव का असर, मतदाता भी समझ रहे

### डॉ. आंबेडकर जयंती पर भाजपा में मची है सबसे आगे निकलने की होड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा गठबंधन, इंडी गठबंधन और बसपा समेत कई दलों ने बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर अनुसूचित वर्ग के मतों को साधने की तैयारी की है। इसमें भाजपा का देशव्यापी समरसता दिवस तो तय है ही, इस दिन अनुसूचित जाति-जनजाति बस्तियों में जाकर सपंर्क, गोष्ठी, भोजन आदि के जरिए हर बूथ पर 370 वोट के लिए पूरी भागीदारी पर फोकस है। हालांकि मतदाता नेताओं की मंशा बखूबी समझ रहे हैं, और खामोश रहकर तमाशा देख रहे हैं।



प्रदेश में 21 से 22 फीसदी अनुसूचित वर्ग का वोट बैंक है, जिसपर बीते चुनावों से बहुजन समाज पार्टी की पकड़ धीरे-धीरे कुछ कमजोर होती देख भाजपा, कांग्रेस, सपा में इसे अपने पाले में लाने की होड़ चल रही है। पिछले लोकसभा चुनावों में लगभग 75 प्रतिशत जाटवों ने सपा-बसपा और रालोद गठबंधन को वोट दिया, लेकिन गैर-जाटव दलितों में से लगभग 42 प्रतिशत ने ही उन्हें वोट दिया। 48 फीसदी गैर जाटव दलित भाजपा के साथ थे। यही समीकरण राजनीतिक दलों को अपनी ओर खींच रहा है। इसबार इंडी गठबंधन खुद को बसपा के मुकाबले ताकतवर मान रहा है, ऐसे में भाजपा को हराने के लिए अनुसूचित वर्ग के वोटों पर पकड़ बनाने के लिए डॉ आंबेडकर जंयती से बेहतर उसके पास मौका नहीं है। हालांकि बीते विधानसभा चुनाव में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बकायदा बाबा साहेब वाहिनी बनाने की घोषणा की थी, लेकिन भाजपा के मुकाबले असरदार नहीं रहा।

बसपा में अनुसूचित जाति वर्ग की अन्य जातियों जैसे पासी, कोरी, धोबी, खटिक, बाल्मिकि वगैरह अपनी अहमियत कम मानते हैं, यहीं वजह है कि इन नेताओं का नया ठिकाना भाजपा और कांग्रेस बनी। जैसे कौशल किशोर, स्वामी प्रसाद मौर्य, लालजी निर्मल, जुगल किशोर डॉ. उदित राज, पीएल पुनिया, आरके चौधरी, अशोक दोहरे, राकेश सचान आदि। सपा का इस पॉलिटिक्स में एक तरफ चंद्रशेखर की एंट्री भी है, जो बसपा के कैडर वोट बैंक पर अपना हक जता रहे हैं। वे भी आंबेडकर के बहाने सहेजने की कोशिश मे जुट गए हैं।

### डॉ आंबेडकर जयंती और रामनवमी भाजपा के लिए बेहद खास

भाजपा ने 5 अप्रैल को निषाद राज जयंती से 23 अप्रैल तक सांस्कृतिक पर्व उत्सव के जरिए देशभर में वोटरों को साध रही है। 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती को पार्टी समरसता दिवस के रूप में मनाएगी। साथ ही अनुसूचित जाति मोर्चा हर मंडल पर 50 अनुसूचित जाति के परिवारों को पार्टी से जोड़ा जाएगा। 17 अप्रैल को रामनवमी पर कार्यकर्ता पताका लहरायेंगे, हर मंदिर पांच दीपक जगायेंगे और मंदिर को सजाएंगे। 21 अप्रैल को महावीर जयंती पर पार्टी कार्यकर्ता जैन सम्प्रदाय की शोभायात्रा का विशेष अभिनंदन करेंगे। 23 अप्रैल को श्री हनुमान जयंती पर सारी दिल्ली में भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ पर संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन करेंगे। इस विशेष सांस्कृतिक पर्व उत्सव से हम लोगों को भाजपा से जोड़ेंगे। वहीं, प्रधानमंत्री के विकसित भारत कार्यक्रम की भी चर्चा घर घर ले जाएंगे।

### बसपा प्रमुख मायावती व उत्तराधिकारी आकाश आनंद का भी मेगा प्लान

### आप 'संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ दिवस' मनाएगी

आम आदमी पार्टी ने डॉ आंबेडकर जयंती पर ''संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ दिवस'' मनाने की घोषणा की है। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से शराब नीति घोटाले के सिलसिले में हुई दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी से आप की यह रणनीति मोदी सरकार को घेरने के लिए है। कई राज्यों में आप का अनुसूचित वर्ग के मतों पर खासा प्रभाव भी माना जाता है।

### सात मई को होगा मतदान

## तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए नामांकन शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ।** तीसरे चरण की दस सीटों पर चुनाव के लिए शुक्रवार से नामांकन शुरू हुआ। पहले दिन बदायूं में भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य ने नामांकन किया। इन सीटों पर सात मई को मतदान होगा। इस बीच, पहले व दूसरे चरण के मतदान के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत तृतीय चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस चरण में सम्भल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, ऑवला व बरेली सीटों के लिए चुनाव होना है। इस चरण की कुल सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और दो सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं व बरेली समेत 12 जिलों के अंतर्गत तृतीय चरण के 10 लोकसभा क्षेत्र आते हैं।

# सोशल मीडिया पर भी लोकसभा चुनाव को लेकर तेज चल रहा है द्वंद्व

### एक दूसरे के खिलाफ बना रहे वीडियो तैयार की जा रही सुनियोजित पोस्ट

### भाजपा के मीडिया आईटी सेल से डटकर मुकाबला कर रही कांग्रेस, बसपा व सपा


पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार:** नौ अप्रैल मंगलवार की सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, इसमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप डोनाल्ड ने पत्नी के साथ साल के पहले सूर्य ग्रहण के अवीस्मरणीय नजारे को देख रहे थे, यह वीडियो भारत में बहुत ट्रेंड किया।

वास्तव में यह वीडियो अमेरिका में नहीं, भाजपा के आईटी सेल द्वारा तैयार किया हुआ है, जिसके आखिरी में सूर्य में लिखा था कि आयेगा मोदी ही। यह एक वीडियो उदाहरण है, इस तरह के तमाम वीडियो वायरल हो रहे हैं, जो व्यापारिक व निष्पक्ष कंटेंट पर आधारित होते हैं,अंत में एक लाइन में पार्टी प्रमुख या पार्टी विशेष का संदेश देते हैं। आमजन में आसानी से पहुंचने का माध्यम बने सोशल मीडिया का भरपूर उपयोग लोकसभा चुनाव में राजनैतिक दलों द्वारा किया जा रहा है।



चुनाव प्रचार के इस माध्यम को भाजपा, कांग्रेस,सपा और बसपा आदि सभी राजनैतिक दल भुनाने में लगे हैं। यू ट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और वाट्सअप आदि कई सोशल मीडिया के प्लेटफार्म हैं जिन पर ज्यादा से ज्यादा फालोवर्स पकड़ने और उनमें अपनी पोस्ट के व्यूज बढ़ाने की होड़ लगी है। अपनी-अपनी वीडियो, पोस्ट, रील्स आदि को देश में टॉप 10 में शामिल करने के लिए प्रमुख नेताओं के वैरिफाइड एकाउंट्स हैश टैगिंग किये जा रहे हैं, फेसबुक पेज के फालोवर्स मिलने से व्यूज बढ़ाये जा रहे हैं।



डिजीटल प्लेटफार्म पर भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कांग्रेस दौड़ रही है। इसके लिए कांग्रेस ने बूथ स्तर पर, ब्लॉक, मंडल व जिले स्तर पर सोशल मीडिया प्लेट फार्म स्थापित किये हैं। विधानसभा स्तर पर रूमवार बनाए गए हैं, प्रदेश में करीब दो लाख सभी बूथों पर सोशल मीडिया के प्रतिनिधि के साथ टीम तैनात है, जो कि पार्टी के हर संदेश को जनता तक पहुंचा रहें हैं। इसी प्रकार, समाजवादी पार्टी भी खुद को डिजिटल प्लेटफार्म पर स्थापित किये हुए हैं। अखिलेश यादव समेत पार्टी के वैरिफाइड एकाउंट्स है, जिस पर विभिन्न विषयों पर वीडियो पोस्ट किये जा रहे हैं, कई वीडियो टॉप 10 में भी पहुंचते हैं।



बसपा मायावती के फालोवर्स बहुत हैं, नेशनल कॉडिनेटर आकाश आनन्द ने भी अपना फेसबुक पेज व एक्स पर वैरिफाइड एकाउंट तैयार कर, पार्टी के संदेश को वायरल कर रहे हैं, मगर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म में खुद को अपडेट न करने की वजह से सोशल मीडिया में पुराने ढ़र्रे पर चल रही है।

### क्या है सोशल मीडिया का सच


एक क्लिक में हर मोबाइल तक पहुंचने का माध्यम है सोशल मीडिया। कुछ ही क्षणों में देश-दुनिया तक पहुंचने का माध्यम है। राजनैतिक दलों ने अपने संदेश पहुंचाने और विरोधियों को पटकनी देने का माध्यम बना रखा है। इसके लिए पार्टियां, कंटेंट क्रिएटर, कंटेंट राइटर, रोचक बयान राइटर, विडियो कार्टून फिल्में और चित्रों के साथ कैरिकेचर आदि तैयार किये जा रहे हैं। विभिन्न विषयो पर 10 से 15 सेकेंड की रोचक रील्स पोस्ट की जा रही हैं। यही नहीं, प्रोफेशनल्स में प्री एप्रोच और पोस्ट एप्रोच के क्रिएटर रखे गये हैं। जो कि प्रतिद्वंदी पार्टी के प्रस्तावित रैली, सभा आदि आयोजन से पहले ही विरोध का माहौल तैयार किया जाता है, साथ ही आयोजन संपन्न होने पर चुटीले कंटेंट पोस्ट क्रिएटर तैयार करते हैं।

### सोशल मीडिया पर भाजपा सबसे मजबूत

'पीलीभीत मांगे बीजीपी' स्लोगन बीते मंगलवार को ट्रेंड हुआ, पीलीभीत में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी की रैली, कई मिलियन व्यूवर्स के साथ टॉप फाइव में ट्रेंड की। भाजपा में सोशल मीडिया संचालन की बड़ी टीम सक्रिय है। इसमें भाजपा की कॉडर आधारित आई सेल है, इसके अलावा राज्य की आईटी टीम है, जिसमें विभिन्न जिलों के एक्सपर्ट शामिल हैं। एक संयोजन टीम के अंतर्गत चार सह संयोजक की टीम कार्य करती है। इसके बाद प्रदेश के छह प्रांतों में अलग-अलग कार्य करने वाली क्षेत्रीय टीमें हैं। अंततः जिले स्तर व लोकसभा स्तर पर भी आईटी टीमें कार्य कर रहीं हैं। कैडर बेस्ड आई वर्कर डिजिटल प्लेटफार्म के लिए प्रशिक्षित हैं। चुनाव पूर्व भाजपा द्वारा राजधानी में प्रशिक्षण कार्यक्रम में संपन्न हुआ था, जिसमें मुख्यमंत्री योगी समेत विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया था। भाजपा में सोशल मीडिया की बागडोर संभालने वाले स्टेट हेड अंकित सिंह चंदेल का कहना है कि केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को जनजन तक पहुंचाने का कार्य सोशल मीडिया के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें हम पूर्णतया सफल है यही वजह से पार्टी के प्रति लोगो का विश्वास बढ़ा है।


# आईना : प्रतापगढ़ लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा





| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| संगम लाल गुप्ता | 4,36,291 |
| अशोक कुमार त्रिपाठी | 3,18,539 |
| राजकुमारी रत्ना सिंह | 77,096 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| अपना दल | कुँवर हरिवंश सिंह | 3,75,789 |
| बसपा | आसिफ़ निज़ामुद्दीन | 2,07,567 |
| कांग्रेस | राजकुमारी रत्ना सिंह | 1,38,620 |
| सपा | प्रमोद कुमार सिंह पटेल | 1,20,107 |

प्रतापगढ़ के क्षेत्र





### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | मुनीश्वर दत्त उपाध्याय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | मुनीश्वर दत्त उपाध्याय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | अजीत प्रताप सिंह | भारतीय जनसंघ |
| 1967 | दिनेश सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | दिनेश सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | रूप नाथ सिंह यादव | जनता पार्टी |
| 1980 | अजीत प्रताप सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | दिनेश सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | दिनेश सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 | अभय प्रताप सिंह | जनता दल |
| 1996 | राजकुमारी रत्ना सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1998 | राम विलास वेदांती | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | राजकुमारी रत्ना सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2004 | अक्षय प्रताप सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | राजकुमारी रत्ना सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | हरिवंश सिंह | अपना दल |
| 2019 | संगम लाल गुप्ता | भारतीय जनता पार्टी |

2019 नोटा
12,159
2014 नोटा
9,098

### 2009 चुनाव के आंकड़े




# तीन जिलों के मतदाता चुनते हैं कन्नौज का सांसद

### औरैया व कानपुर देहात की एक-एक विधानसभा सीट भी है लोकसभा क्षेत्र में

### सदर कन्नौज, तिर्वा व छिबरामऊ समेत कुल पांच विस क्षेत्र आते हैं

अजय मिश्र, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र 42-कन्नौज (इत्रनगरी) का सांसद चुनने के लिए तीन जनपदों के मतदाता वोट करते हैं। इस संसदीय सीट का गठन पांच विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर किया गया है। इसमें कन्नौज जनपद के तीन विधानसभा तो औरैया व कानपुर देहात की एक-एक सीट भी शामिल है।

ऐतिहासिक कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों में दो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इसमें कानपुर देहात की रसूलाबाद व कन्नौज सदर सीट शामिल है। अन्य तीन सीटों से कोई भी व्यक्ति विधानसभा क्षेत्र का चुनाव लड़ सकता है। हालांकि कन्नौज संसदीय सीट अनारक्षित ही है। जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदान केंद्र 1049 व मतदेय स्थल (बूथ) 1519 हैं। लोकसभा क्षेत्र की बात की जाए तो मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 1596 हो जाती है। बूथ 2307 हैं। जनपद के तीन विधानसभा क्षेत्रों में 12,87,081 मतदाता हैं। बिधूना व रसूलाबाद को मिलाकर कुल मतदाता 19,82,589 हैं।

जिले में पुरुष मतदाताओं की संख्या 6,85,968 हैं, जिसमें बिधूना एवं रसूलाबाद को मिलाकर कुल 10,61,205 वोटर हैं। जनपद में महिला मतदाताओं की संख्या 6,01,056 है, जिसमें बिधूना एवं रसूलाबाद को मिलाकर कुल 9,21,288 हैं।

### तीन स्थानों पर होती है वोटों की गिनती


लोकसभा क्षेत्र से जब कोई सांसद जीतता है तो उसका परिणाम घोषित करने के लिए तीन जिलों से आंकड़े एकत्र करने पड़ते हैं। कारण, कन्नौज मंडी समिति में जिले की ही तीन विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती होती है। इसके अलावा रसूलाबाद की कानपुर देहात व बिधूना की औरैया में वोट गिने जाते हैं। जानकारों की मानें तो जीत का प्रमाण पत्र देने से पहले निर्वाचन आयोग से भी अनुमति ली जाती है। इन सब वजहों से कन्नौज संसदीय सीट का परिणाम देरी से घोषित होता है। हालांकि प्रमाण पत्र कन्नौज में ही दिया जाता है।

### कभी भरथना हुआ करता था हिस्सा

● कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा इलाके तो कई सालों से जुड़े हैं, हालांकि पूर्व में इटावा जिले की भरथना विधानसभा सीट कन्नौज में जुड़ी रहती थी। भरथना को हटाने के बाद ही कानपुर देहात की विधानसभा रसूलाबाद सीट जोड़ दी गई।

### विधानसभावार मतदात

लोकसभा क्षेत्र 52, कन्नौज




विधानसभावार मतदाता

| विधानसभा | मतदान केंद्र | बूथ |
|---|---|---|
| छिबरामऊ | 346 | 547 |
| तिर्वा | 398 | 487 |
| कन्नौज | 305 | 485 |
| बिधूना | 287 | 404 |
| रसूलाबाद | 260 | 384 |

### वर्ष 1967 में एक साथ हुआ था विधानसभा और लोकसभा का चुनाव

# जनता के पल्ले नहीं पड़ा अंग्रेजी भाषण

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** वर्ष 1967 में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ ही हुए थे। सियासी सरगर्मी परवान पर थी। उस समय अखिल भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. प्रेमनाथ डोगरा थे। कश्मीर के रहने वाले डोगरा चुनावी दौरे मे उत्तर भारत आए। प्रतापगढ़ में उनके अंग्रेजी में दिए गए भाषण को साथ रहे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लोगों को सरल करके समझाया था।

इलाहाबाद (प्रयागराज) में सभा के बाद उन्हें प्रतापगढ़ आना था। शहर के गोपाल मंदिर में शाम चार बजे सभा आयोजित थी। वहां स्थित पुराने पीपल के वृक्ष के नीचे मंच सजा था। उन्हें सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी थी। कार्यकर्ता भी उत्साहित थे। उपस्थित सभी लोग डोगरा जी और अटल जी को सुनने के लिए उत्सुक थे। कार से दोपहर करीब तीन बजे डोगरा जी और अटल जी प्रतापगढ़ पहुंचे। वह पहले लखन लाल के घर गए, फिर वहां से शाम करीब चार बजे गोपाल मंदिर पहुंचे। वरिष्ठ भाजपा नेता रामसेवक त्रिपाठी सभा के संचालक थे। अमृत विचार से बातचीत में वह बताते हैं कि स्वागत भाषण के बाद अटल जी ने डोगरा जी को मंच पर बुलाने का इशारा किया।

देर न करते हुए डोगरा जी को बुलाया गया, लेकिन उनके माइक संभालते ही सभा में सन्नाटा पसर गया। उनकी फर्राटेदार अंग्रेजी का भाषण सभा में आए लोगों के पल्ले नहीं पड़ रही थी। सभी एक-दूसरे की ओर ताकने लगे।

दूरदर्शी अटल ने इसे भांप लिया,इसके बाद दूसरा माइक उन्हें थामना पड़ा। उन्होंने अनुवादक की भूमिका निभाई।

उनके एक-एक वाक्य का हिंदी में अनुवाद कर डोगरा जी के चुनावी संदेश को जनता और कार्यकर्ताओं तक पहुंचाया। सभा समाप्त होने के बाद फिर डोगरा जी अटल बिहारी वाजपेयी के साथ कटरा मार्ग पर स्थित पूर्व विधायक बाबूलाल श्रीवास्तव के घर गए। दूसरे दिन सुबह यहां से प्रस्थान किया।

### गोपाल मंदिर में आये थे अखिल भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. प्रेमनाथ डोगरा व अटल बिहारी वाजपेयी

### आइ एम वेरी ग्लैड टू विजिट प्रतापगढ़...

गोपाल मंदिर में आयोजित सभा के संचालक रामसेवक त्रिपाठी बताते हैं कि दरअसल डोंगरा जी हिंदी टूटी-फूटी ही बोल पाते थे। उन्हें क्षेत्रीय भाषा डोगरी आती थी, लेकिन उसे लोग और भी न समझ पाते। उनके भाषण का इतना अंश याद है..डियर सिटीजन आफ प्रतापगढ़ आइ एम वेरी ग्लैड टू विजिट प्रतापगढ़... **काज आफ नेशन...।**



### 1967 के उम्मीदवार

- राजा दिनेश सिंह : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- ओंकार नाथ द्विवेदी : जनसंघ
- प्रो. वासुदेव सिंह : संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी

## एक नजर

### परिवार सुरक्षा के मुद्दे पर लड़ेंगे चुनाव : आशुतोष

**अमृत विचार, लखनऊः** मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल (मर्द) के राष्ट्रीय महासचिव आशुतोष कुमार पाण्डेय ने कहा कि पुरुष सम्मान एवं परिवार सुरक्षा के मुद्दे पर पार्टी इस चुनावी मैदान में उतरने जा रही है। इसबार खासतौर से परिवार एवं विवाह संस्था को बरबाद करने वाले व्यभिचार एवं लिव-इन जैसी गैर सामाजिक व्यवस्थाओं को मान्यता दिये जाने का विरोध किया जायेगा। परिवार बचाओ संविधान बचाओ विषय को जनता के बीच उठाने के लिए पार्टी का घोषणा पत्र व प्रत्याशियों की प्रथम सूची सार्वजनिक करने के लिए शनिवार को यूपी प्रेस क्लब में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक एक प्रेस-वार्ता आयोजित की गई है।

# अचल संपत्ति खरीदने की नई गाइडलाइन जारी

## मुख्य सचिव ने भूमि की रजिस्ट्री, दान व लीज विलेख तैयार करने का तय किया खाका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव व विभागाध्यक्षों को भेजा गया शासनादेश

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की ओर से रजिस्ट्री, दान लेने और लीज पर भूमि प्राप्त करने को लेकर नई गाइडलाइन जारी की गई है। इसमें सरकार के पक्ष में भूमि खरीद, दान और लीज के रूप में कैसे भूमि विलेख तैयार होगा, इसका पूरा प्रारूप तय किया गया है। अब इसी आधार पर राज्यपाल की ओर से तय अधिकारी और प्राधिकृत अधिकारी अचल संपत्ति का दस्तावेज तैयार कराकर सरकार के पक्ष में रजिस्ट्री कराएंगे।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव व विभागाध्यक्षों को जारी आदेश में कहा गया है कि वर्तमान परिदृश्य में प्रदेश में विभिन्न परियोजनाओं के लिए राज्य द्वारा विलेखों के माध्यम से भूमि/अचल संपत्ति प्राप्त की जा रही है। शासकीय परियोजनाओं के लिए यथा संभव सहमति के आधार पर भूमि सीधे क्रय किया जा रहा है। साथ ही शासन की विभिन्न पहलों से प्रेरित हो कर जनसामान्य के बहुत से निजी पक्षकार भी शासकीय परियोजनाओं व सुविधाओं की स्थापना के लिए शासन के पक्ष में निःशुल्क दान कर रहे हैं। ऐसे में शासन के पक्ष में तैयार होने वाले विलेखों की संख्या बढ़ी है।

इसके मद्दनेजर मुख्य सचिव ने राज्य सरकार के पक्ष में भूमि को प्राप्त करने के लिए सरलीकरण की व्यवस्था तमाम नियमों और पिछले शासनादेशों के परीक्षण और विधीक्षण करवाने के बाद विलेखों के लिए एक मानक प्रपत्र जारी करने की आवश्यकता बताते हुए पूर्व में 2001 व 2016 में जारी शासनादेशों में बदलाव करते हुए नई व्यवस्था जारी की है। इसके मुताबिक राज्यपाल के पक्ष में निष्पादित होने वाले समस्त हस्तांतरण, दान एवं पट्टा विलेख अब नये प्रारूप पर ही निष्पादित किए जाएंगे। यह प्रारूप न्याय विभाग की ओर से भी अनुमोदित है। मानक प्रारूप के प्रयोग के लिए रिक्त स्थानों पर मात्र सूचना (पक्षकारों एवं संपत्ति से संबंधित व अन्य अनुषंगिक सूचना) भरी जाएगी। किसी भी शर्त को बढ़ाया या घटाया नहीं जाएगा।

### राज्यपाल की ओर से रजिस्ट्री का मिला अधिकार

मुख्य सचिव ने जारी गाइडलाइन में निर्देश दिया है कि मानक विलेख की सूचना स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन को भी दे दें, जिससे प्रदेश के निबंधन कार्यालय ऐसे मानक प्रारूप से भिन्न हो सके। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया है कि प्रशासनिक विभाग के सचिव, प्रमुख सचिव, अपर मुख्य सचिव अथवा उनके द्वारा नियमानुसार प्राधिकृत अधिकारी क्रेता/दानग्रहिता के रूप में राज्यपाल की ओर से एवं पद के अधिकार से, विलेख पर हस्ताक्षर करेंगे। प्रशासकीय विभाग द्वारा किसी एक अधिकारी को संबंधित विलेख उपनिबंधक के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए अधिकृत किया जाएगा। साथ ही उपनिबंधक के नाम इस आशय का एक पत्र भेजा जाएगा कि संबंधित विलेख पर राज्यपाल की ओर से एवं पद के अधिकार से हस्ताक्षर किए गए हैं। इसमें निष्पादन अधिकारी के रजिस्ट्री कार्यालय में उपस्थिति से मुक्त करने और लेखपत्र रजिस्ट्री के लिए स्वीकार करने का भी आग्रह होगा।

# दृष्टि दिव्यांगों को मतदान के लिए दी जाएगी डमी बैलेट शीट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ब्रेल लिपि न जानने वाले मतदाताओं को मिलेगी सहायक को साथ ले जाने की सुविधा

**अमृत विचार :** दृष्टि दिव्यांगों को मतदान के लिए ब्रेल लिपि में डमी बैलेट शीट की सुविधा दी जाएगी, जबकि ब्रेल लिपि न जानने वाले मतदाताओं को सहायक को साथ ले जाने की सुविधा मिलेगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि दृष्टिबाधित मतदाताओं को ब्रेल लिपि में डमी बैलेट शीट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। यह शीट प्रत्येक पोलिंग बूथ पर उपलब्ध होगी। ईवीएम में अभ्यर्थियों के ब्रेल में क्रमांक नीले बटन के दाहिनी ओर उकेरे गए हैं। प्रत्याशियों की सूची तैयार होने के बाद यह सूची ब्रेल लिपि में तैयार की जा रही है। ब्रेल लिपि वाली डमी बैलेट शीट में सबसे पहले बैलेट यूनिट का नम्बर, फिर प्रत्याशी का क्रमांक, प्रत्याशी का नाम व दल का नाम मुद्रित किया गया है। 15 से अधिक प्रत्याशियों की संख्या होने पर बैलेट यूनिट-1 व बैलेट यूनिट-2 तैयार की गई हैं। उन्होंने बताया कि पोलिंग बूथ पर दृष्टिबाधित मतदाता की मांग पर ब्रेल लिपि में डमी बैलेट शीट उपलब्ध कराई जाएगी। मतदान के बाद डमी बैलेट शीट पीठासीन अधिकारी के जरिये वापस ले ली जाएगी। पीठासीन अधिकारी को ऐसे मतदाताओं का, जिन्होंने इस सुविधा का उपयोग किया होगा, का रिकार्ड रखना होगा।

# अखिलेश से मिले आप सांसद संजय सिंह

## सुनीता केजरीवाल से अखिलेश की कराई फोन पर बात, किया समर्थन का वादा


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शुक्रवार शाम को समाजवादी पार्टी प्रमुख मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। पिछले दिनों लगभग छह महीने जेल में रहने के बाद बाहर आए संजय सिंह की अखिलेश यादव से यह मुलाकात सपा के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में हुई। इससे पहले अखिलेश यादव के पीलीभीत में चुनावी जनसभा और सीतापुर में एक कार्यक्रम के बाद सीधे लखनऊ लौटे थे। इस दौरान संजय सिंह के साथ उनकी पत्नी अनीता सिंह भी थी।

मुलाकात के बीच ही अखिलेश यादव ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से फोन पर बात की और उनका हालचाल भी जाना। सूत्रों के मुताबिक, आने वाले दिनों में उप्र. में होने वाली इंडिया गठबंधन की चुनावी रैलियों में सुनीता केजरीवाल भी मंच पर होंगी।

पार्टी से साझा की जानकारी के मुताबिक, अखिलेश यादव ने कहा कि जिस तरीके से केजरीवाल और अन्य नेताओं के साथ उत्पीड़न हो रहा है और उन्हें तिहाड़ जेल में रखा गया है, यह उनका मनोबल तोड़ने की कोशिश है, जिसमें भाजपा को सफलता मिलने वाली नहीं है।

वहीं, संजय सिंह ने अपने शब्दों में भरोसा दिलाया कि उप्र. में आप, सपा और इंडिया गठबंधन को लोकतंत्र बचाने और तानाशाही खत्म करने के लिए अपना पूरा समर्थन और सहयोग देगी। अखिलेश ने इस समर्थन के लिए 'आप' को धन्यवाद दिया है।



सपा प्रदेश मुख्यालय में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात के दौरान आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह।

### यूपी में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए करेंगे प्रचार : संजय

अमृत विचार, लखनऊ : अखिलेश यादव और संजय सिंह ने मुलाकात के बाद शुक्रवार को पार्टी प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में पत्रकारों को संबोधित भी किया। यहां, भाजपा पर निशाना साधते हुए संजय सिंह कहा, मणिपुर के मुख्यमंत्री का इस्तीफा नहीं चाहिए लेकिन अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा चाहिए। नैतिकता की बात तो भाजपा को नहीं करनी चाहिए। चुन-चुन कर देश के बड़े भ्रष्टाचारियों को अपने पार्टी में ले रहे हैं। आप सांसद के मुताबिक, हम उप्र. का चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, लेकिन हमारे कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के जिताने के लिए काम करेंगे। वहीं, अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि देश-दुनिया की नजर लोकसभा चुनाव 2024 पर है। चुने हुए राज्य प्रमुख के साथ अन्याय हो रहा है। संस्थाएं कमजोर की जा रही हैं। झूठे मुकदमे लगाकर नेता जेल भेजे जा रहे हैं। झारखण्ड के मुख्यमंत्री को जेल में रखा गया है। पुलिस डराकर भाजपा में शामिल करा रही है।

### इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताएं कार्यकर्ता

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने में जुट जायं। उन्होंने कहा कि गठबंधन में शामिल दलों के कार्यकर्ता आपसी समन्वय बनाए रखें। प्रदेश प्रभारी ने प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में चुनावी दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं को यह निर्देश दिये।

उन्होंने सुबह से शाम तक गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अमरोहा, बिजनौर व सहारनपुर पहुंचकर लोकसभा क्षेत्रों में सम्बन्धित लोकसभा मीडिया कोऑर्डिनेटर, जिला व शहर अध्यक्षों, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों, फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की और चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गठबंधन में शामिल दलों के बीच जो समझौता हुआ है, उसका असर कार्यकर्ताओं तक दिखना जरूरी है। सभी मिल-जुलकर इस निरंकुश सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एकजुटता के साथ कार्य करें।

# 500 करोड़ हुई अधिवक्ता कल्याण निधि, आदेश जारी

## अधिवक्ता की मौत पर आश्रितों को अब मिलेंगे 5 लाख रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अनुदान अब बचत खाते के बजाय एसडीएल में होगा निवेश, 8 फीसदी मिलेगा ब्याज
- प्रदेश सरकार की ओर से बजट में की गई घोषणा को मूर्तरूप देने का शासनादेश जारी

**अमृत विचार :** शासन ने अधिवक्ता कल्याण निधि (कार्पस फंड) को बढ़ाकर 500 करोड़ के जाने का आदेश जारी कर दिया। प्रदेश सरकार ने इसकी घोषणा बजट सत्र में की थी। अब अधिवक्ता की मौत पर आश्रितों को मिलेगा 5 लाख रुपये आर्थिक सहायता मिलेगी, पहले यह मात्र 1.5 लाख रुपये था।

शासन ने अनुदान राशि को बैंक के बचत खाते के बजाय एसडीएल में जमा करने का भी आदेश जारी किया है, ताकि इस पर आठ फीसदी तक ब्याज भी मिलता रहे।

प्रमुख सचिव न्याय एवं विधि परामर्शी विनोद सिंह रावत की ओर से जारी शासनादेश के मुताबिक, प्रदेश के अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए उप्र. अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम 1974 के तहत फंड के लिए स्थापित अधिवक्ता कल्याण निधि कोविड काल में भी अपडेट हुई थी। इसी क्रम में अधिवक्ताओं की मृत्यु की दशा में उनके परिजनों को मिलने वाली सहायता राशि की आयु सीमा 70 वर्ष कर दिया गया। साथ ही मृतक आश्रितों को प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता की राशि 1.50 लाख से बढ़कर 5 लाख कर दी गई। इसके बाद न्यासी समिति के प्रस्ताव पर शासन ने अधिवक्ता कल्याण निधि को बढ़ाकर 500 करोड़ करने का निर्णय हुआ है। सरकार इसमें 100 करोड़ की सीमा तक शासकीय अनुदान तब तक देगी, जबतक निधि 500 करोड़ न हो जाए। शासन ने निर्देश दिया है कि निधि की धनराशि नियमानुसार ही भुगतान होगी।

### भिक्षावृत्ति से जुड़ी महिलाओं के लिए आजीविका सृजन कार्यक्रम की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में भिक्षावृत्ति से जुड़ी महिलाओं के लिए शुक्रवार को कौशल सह आजीविका सृजन कार्यक्रम शुरू हुआ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से इन महिलाओं के लिए ब्यूटी एंड वेलनेस प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं ने भिक्षावृत्ति की सोच छोड़ दी है और इनमें बच्चों और परिवार को आगे बढ़ाने की सोच विकसित हुई है। इस दौरान मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, सूडा के निदेशक अनिल पाठक, सिडबी के महाप्रबंधक मनीष सिन्हा, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, लघु उद्योग भारती के चेयरमैन अरुण भाटिया, उषा अवस्थी, उम्मीद संस्था के संस्थापक बलबीर सिंह मान, संस्था की संयुक्त सचिव आराधना सिंह, क्राइस्ट चर्च स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश क्षत्रिय, बच्चे व महिलाएं उपस्थित रहे।

# राजनीति में दांव आजमाने की जुगत में कई पूर्व डीजीपी

## बृजलाल को मिली सफलता, सुलखान सिंह और विजय कुमार अभी सफर में

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** हर आईपीएस का सपना पुलिस मुखिया बनने का होता है, लेकिन पूरा किसी भाग्यशाली का ही होता है। इस पद और प्रतिष्ठा को पाने के बाद कुछ पुलिस मुखिया सन्नाटे में चले गए, लेकिन कुछ ने नई राहें बनानी शुरू कर दी। शायद कुछ और करने की इच्छाशक्ति उनमें अभी बाकी थी। इसीलिए कई पूर्व पुलिस महानिदेशकों ने राजनीति में भी भाग्य आजमाना शुरू कर दिया।

इस नई राह में कई सफल हो गए तो कई अभी संघर्ष कर रहे हैं। अब देखना यह है कि किसको सफलता मिलती है, किसको निराशा। विगत छह वर्षों में डीजीपी पद पर तैनात रहे तीन पूर्व महानिदेशकों ने सक्रिय राजनीति शुरू की है। लेकिन कुछ पूर्व डीजीपी ऐसे हैं, जो समय-समय पर टेलीविजन पर प्रवक्ता के रूप में दिखते हैं। ऐसे में अफसरों द्वारा यह कयास भी लगाया जाता है कि कहीं वह किसी पार्टी में शामिल होने तो नहीं जा रहे हैं। हालांकि वह अब भी किसी पार्टी के अधिकृत प्रवक्ता नहीं हैं।



**बृजलाल :** बृजलाल वर्तमान में उप्र से राज्यसभा के सांसद हैं। वह उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग के अध्यक्ष भी हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती के शासनकाल में वह प्रदेश के डीजीपी बने। 2015 में वह दूसरी पारी शुरू करते हुए राजनीति में कूद गए। बसपा में उल्लेखनीय सफलता न मिलने पर वह भाजपा में शामिल हुए। वह दूसरी पारी में भी भाग्यशाली निकले। भाजपा ने उन्हें उच्च सदन पहुंचा दिया। आज वह भाजपा के मौलिक नेताओं की तरह फ्रंटफुट पर बीजेपी के लिए प्रचार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि वह चुनाव प्रचार में इस तरह शामिल हैं कि उन्हें फुरसत नहीं है। माफियाओं को लेकर वह लगातार सपा को घेरते हैं और मजबूती से भाजपा सरकार का पक्ष रखते हैं। कहते हैं कि भाजपा की सदस्यता मिलते ही उन्हें पार्टी पदाधिकारियों की ओर से जिम्मेदारी भी दे दी गई है। लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वह जी जान से जुट गए हैं। चुनाव के बाद संभव है कि उन्हें बड़ा पदभार भी दिया जाए।



**विजय कुमार :** 1988 बैच के आइपीएस विजय कुमार इस वर्ष 31 जनवरी को ही डीजीपी पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। वह अधिक समय तक डीजीपी तो नहीं रहे, लेकिन उन भाग्यशाली अफसरों में एक थे, जिन्हें यह पद मिला। हाल ही में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामकर नई यात्रा शुरू की है। कहते हैं कि भाजपा की सदस्यता मिलते ही उन्हें पार्टी पदाधिकारियों की ओर से जिम्मेदारी भी दे दी गई है। लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वह जी जान से जुट गए हैं। चुनाव के बाद संभव है कि उन्हें बड़ा पदभार भी दिया जाए।



**सुलखान सिंह :** 31 सितंबर 2017 को सेवानिवृत्त हुए पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने बाकी अफसरों से इतर अलग राह चुनी। उन्होंने किसी पार्टी में न जाकर स्वयं की पार्टी बना डाली। जिस मुद्दे को लेकर उन्होंने नई पारी शुरू की, वह भी देश-काल-परिस्थिति को देखते हुए समीचीन प्रतीत हो रहा है। बुंदेलखंड के हालात को देखते हुए उन्होंने अलग बुंदेलखंड राज्य के गठन को ही मुद्दा बनाया और उसी को लेकर आगे बढ़े। वह जिस अलग राज्य की मांग कर रहे हैं उससे सिर्फ उप्र. ही नहीं बल्कि मप्र. भी प्रभावित हो रहा है। मप्र. के सात जिले भी उसी एजेंडे में शामिल हैं। संभवत: 2027 के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी इसी मुद्दे को लेकर मैदान में उतरे।

## वर्ग पहेली-38

**बाएं से दाएं**

1. 1. निकालने की क्रिया या भाव 2. निकाले या बेदख़ल किए जाने का दंड, निष्कासन।

3. 1. रुई धुनने का औज़ार, फटका, कठेल, धनुआ, पीजन 2. बच्चों के खेलने का छोटा धनुष।

4. 1. भौचक्का होना, चकित या स्तंभित होना 2. व्यर्थ बोलना, बकना 3. रटना।

7. 1. वायुपरिवहन तथा उसका अभ्यास 2. वायुयान चलाने का विज्ञान, विमानशास्त्र, (एयरनॉटिक्स)।

8. दे. बेशर्मी।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. पलक का झपकना 2. पलक झपकने भर का समय या क्षण, पल।

2. 1. गिनती करने की क्रिया, किसी क्रम विशेष में अंकों का उच्चारण, संख्या जानना 2. हिसाब लगाना, गणना करना 3. किसी को महत्व देना या महत्वपूर्ण समझना।

3. 1. पेट और छाती के मध्य का गहरा भाग 2. हृदय 3. भय या संकोच के कारण हृदय की तेज़ धड़कन, धकधक 4. आशंका, व्याकुलता 5. डर, भय 6. गले में पहना जाने वाला एक आभूषण।

5. 1. जिसका उपचार किया गया हो 2. सेवित, पूजित।

6. 1. प्रदर्शनी, दिखावा, दिखावट, (एग्ज़िबिशन) 2. ठाठ-बाट, तड़क-भड़क 3. अद्भुत वस्तुओं का प्रदर्शन 4. वह स्थान जहां उक्त प्रकार की वस्तुएं लोगों को दिखाने के लिए रखी जाती हैं।




### वर्ग पहेली -37 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 त | क | 2 दी | र | | 3 टो |
| | | | वा | | | ली |
| | 4 प | | ने | | | |
| | दा | | 5 आ | ब | 6 पा | शी |
| 7 अ | नु | का | म | | इ | |
| | रा | | | 8 ब | रे | ठा |
| 9 अँ | ग | ड़ा | ई | | सी | |

## सुडोकू -117

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 2 | 6 | | 4 | | |
| 9 | | | | | | 5 | | |
| | | | 4 | | | | 1 | 7 |
| | 3 | | | | 8 | | | 4 |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | | | 9 | |
| | 4 | | | | 3 | | | 8 |
| | | 2 | | | 4 | | | 6 |
| | | 5 | | 7 | | | 4 | |

### सुडोकू -116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 8 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 3 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 12.04 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष** — आज दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक रहेगी। दोपहर के बाद व्यवसाय से अच्छा धन लाभ हो सकता है। अविवाहित लड़कियों का विवाह तय हो सकता है। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक रूप से हलकापन महसूस करेंगे।

**वृष** — आज जरूरी काम लंबित हो सकते हैं। दूसरों के काम में कमियां न निकालें। निर्णय लेने में थोड़ी बहुत चूक हो सकती है। कुछ असंतोष की स्थितियां बन सकती हैं। पति-पत्नी के बीच संबंधों में कुछ दबाव सा महसूस करेंगे।

**मिथुन** — आज समाज में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। कम समय में उच्चतम गुणवत्ता का काम करने से आपको यश मिलेगा। कारोबारियों के लिए दिन बहुत शुभ है। नौकरीपेशा लोगों को आधिकारिक यात्रा करनी पड़ सकती है।

**कर्क** — आज जल्दबाजी में कोई बड़ा निर्णय न लें। मित्रों के स्वभाव में आया अचानक बदलाव आपको दुखी कर सकता है। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। अत्यधिक काम के कारण आपको आराम नहीं मिलेगा जिसके कारण थकान महसूस हो सकती है।

**सिंह** — आज उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। व्यवसाय में कुछ धीमेपन के बाद अच्छी गति रहेगी। रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप परोपकार के कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं।

**कन्या** — आज राजनीति से जुड़े लोग अपनी कूटनीतिक क्षमता का परिचय देंगे। पैतृक व्यवसाय में तेजी आएगी। पुरानी यादें दोबारा ताजा हो सकती हैं। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। अवसरों का लाभ उठाने में चूक न करें। परिजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आज युवा प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। बनते कार्यों में रुकावटें आने की आशंका है। माता-पिता या गुरुजनों की सलाह अवश्य लें। मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा करने से बचें।

**वृश्चिक** — आज आपका मन कुछ अप्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। अपनी दिनचर्या को संतुलित रखें। गैरकानूनी कार्यों की तरफ रुचि लेना उचित नहीं है। नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें।


**धनु** — आज अपनी रुचि के अनुसार काम करने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यापारिक गतिविधियां उत्तम रहेंगी। घर के सभी सदस्य आपके ऊपर काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। उच्च अधिकारी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

**मकर** — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से बड़ा धन लाभ होगा। घर में निकट संबंधी और रिश्तेदार आ सकते हैं। कुछ महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। परिवार में आपसी प्रेम और स्नेह बढ़ेगा।

**कुंभ** — आज नए व्यवसाय की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वन्दिता के कारण परेशानी हो सकती है। व्यर्थ की गतिविधियों में धन बर्बाद न करें। पढ़ाई में थोड़ी परेशानी होगी। नसों में खिंचाव और दर्द की शिकायत हो सकती है।

**मीन** — आज व्यवसाय में बड़ी डील को लेकर परेशानी हो सकती है। आपका मन नहीं लगेगा। निजी मामलों को लेकर बाहरी लोगों से सलाह न लें। परिवार में कुछ समस्या हो सकती है। शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 14 अप्रैल 12.49 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
मेला — दोपहर : 02.44
जान से प्यारा — रात : 07.00

**&pictures**
अल्लुडु एडर्स — सुबह : 08.43
शिवम — शाम : 04.40

**SONY PIX**
जॉम्बीलैंड — सुबह : 11.21
लाइफ — रात : 07.16

**ZEE CINEMA**
हम साथ साथ हैं — सुबह : 10.10
यमला पगला दीवाना — रात : 07.15

**StarGold SELECT**
वेल डन अब्बा — सुबह : 09.15
हम दो हमारे दो — रात : 09.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 07.15 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक हैंडसम लड़का क्लास में आया तो सारी लड़कियां देखते ही दीवानी हो गई, लेकिन आते ही लड़के ने एक ऐसी बात कही की सब लड़कियां बेहोश हो गई।
सोचो लड़के ने क्या कहा होगा सोचो सोचो ...
लड़के ने कहा थोड़ी जगह देना बहन जी झाड़ू लगाना है।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया। लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...



## लखनऊ मंडी

| अनाज प्रति कुन्तल | |
|---|---|
| गेहूँ (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूँ (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूँग खड़ा | 10000-10500 |
| मूँग दाल | 10500-11000 |
| मूँग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूँगफली का दाना | 11000-12000 |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 |
| तेल सरसों (प्रति 15 ) | 1475-1900 |
| तेल अलसी | 2600-2700 |
| तेल तिल्ली | 2600-2700 |
| तेल मूँगफली रिफाइन्ड | 3400-3500 |
| तेल नारियल | 2700-2800 |
| तेल सोयाबीन | 1650-1700 |
| बावर्ची | 1900 |
| रथ | 1950 |
| चीनी (एम 30) | 4250 |
| चीनी (एस 30) | 4100 |

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक-1005, फ्लैग-1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 900
**रामपुर :** शिवालिक-1000, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 86700 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75150 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 56000-56200 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 75,650 |
| सोना रवा | 75,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 81,600 |
| चांदी (999) | 81,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73700 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 73200 |
| सिल्वर ( पक्की) | 812 (अनुमानित ) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 74,300 |
| चांदी आभूषण | 80,800 |

# मुनाफा वसूली से रिकॉर्ड स्तर से फिसला बाजार

## सेंसेक्स 793 अंक गिरा, निफ्टी के 45 शेयरों में दर्ज की गई गिरावट


मुंबई, एजेंसी

एशियाई बाजारों में कमजोर रुख और घरेलू स्तर पर मुनाफावसूली का जोर रहने से शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 793 अंक से अधिक का गोता लगाया। निफ्टी भी रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 793.25 अंक यानी 1.06 प्रतिशत फिसलकर 74,244.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 848.84 अंक यानी 1.13 प्रतिशत तक लुढ़ककर 74,189.31 अंक पर खिसक गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 234.40 अंक यानी 1.03 प्रतिशत गिरकर 22,519.40 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 में से कुल 45 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा, मारुति सुजुकी, पावर ग्रिड, टाइटन, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट देखी गई। दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और नेस्ले के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। कारोबार बंद होने के बाद टीसीएस ने मार्च तिमाही के अपने नतीजों की घोषणा की। दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी ने बीती तिमाही में शुद्ध लाभ 9.1 प्रतिशत बढ़ कर 12,434 करोड़ रुपये होने की जानकारी दी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका में ब्याज दर में कटौती में देरी और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से तेल की कीमतों में आई तेजी और चौथी तिमाही के कमजोर आय अनुमानों की चिंताओं के बीच भारतीय बाजारों में गिरावट का रुख रहा।

### मॉरीशस से आने वाले निवेश के नियम सख्त होने से हाहाकार

**मुंबई।** मॉरीशस के जरिए भारत में होने वाले निवेश की फिर से जांच किए जाने के संशोधित नियम से घबराए विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में हाहाकार मच गया। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, मॉरीशस रूट से भारत में होने वाले निवेश के नियम को संशोधित किया गया है, जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2017 से पहले हुए निवेश की फिर से जांच की जा सकती है यानी 2017 से पहले के फंडों को प्रमाण देना होगा कि उनका गठन केवल कर में लाभ लेने के लिए नहीं किया गया था। इससे विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बाजार से जमकर पैसे निकाल लिए। इससे बीएसई के सभी 20 समूह दबाव में आ गए।




## सरकार ने कोयला उत्पादन का लक्ष्य 17 करोड़ टन किया तय


**नई दिल्ली।** सरकार ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) के दौरान देश में निजी उपयोग और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक से 17 करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा है। बीते वित्त वर्ष में निजी उपयोग और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक से 14.71 करोड़ टन सूखा कोयले का उत्पादन किया था, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 11.6 करोड़ टन कोयला उत्पादन से 26 प्रतिशत ज्यादा था।

एक अधिकारी ने कहा कि कोयला मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एम नागराजू ने चालू वित्त वर्ष के लिए कोयला उत्पादन लक्ष्य की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में 74 कोयला खानों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। अधिकारी ने कहा, कोयला ब्लॉक आवंटियों को 2024-25 में 17 करोड़ टन उत्पादन लक्ष्य हासिल करने का भरोसा है। अतिरिक्त सचिव ने 2024-25 में नई खानों के संभावित परिचालन की योजनाओं की भी समीक्षा की। बीते वित्त वर्ष के कुल 14.72 करोड़ टन कोयला उत्पादन में बिजली क्षेत्र की निजी उपयोग वाली खानों ने 12.13 करोड़ टन का उत्पादन किया था, गैर-बिजली क्षेत्र की निजी उपयोग वाली खानों में 84 लाख टन कोयला उत्पादन किया। वाणिज्यिक खानों में 1.75 करोड़ टन कोयले का उत्पादन हुआ।

## भारतीय कंपनियों को निवेश के लिए नेपाल का आमंत्रण

**नई दिल्ली।** नेपाल ने भारतीय उद्यमों को वहां निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। काठमांडू में 28-29 को होने वाले नेपाल निवेशक सम्मेलन से पहले भारतीय उद्योगों को उद्यम लगाने के लिए आमंत्रित किया गया है।

भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने कहा कि नेपाल भारतीय कंपनियों के लिए स्वाभाविक रूप से पसंदीदा निवेश स्थल है और नेपाल निवेश शिखर सम्मेलन-2024 एक ऐसा अवसर है जहां निवेश और पुनर्निवेश योजनाओं पर चर्चा की जाएगी और बड़े व्यावसायिक विचारों को जमीनी स्तर पर उतारा जाएगा।




## मालदीव रूफिया में भुगतान पर भारत से चर्चा कर रहा : मंत्री

**माले।** मालदीव अपनी मुद्रा रूफिया में आयात के भुगतान को लेकर भारत के साथ चर्चा कर रहा हैं। एक वरिष्ठ मंत्री ने कहा है। आर्थिक विकास मंत्री मोहम्मद सईद ने कहा कि चीन से माल आयात को लेकर भी यही चर्चा जारी है। मालदीव सालाना भारत और चीन से क्रमशः 78 करोड़ तथा 72 करोड़ अमरीकी डॉलर का सामान आयात करता है।

समाचार पोर्टल एडिशनडॉटएमवी के अनुसार, 21 अप्रैल को संसदीय चुनाव से पहले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की लामू एटोल की यात्रा के दौरान मावा द्वीप पर आयोजित एक कार्यक्रम में सईद ने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि यदि सत्तारूढ़ दल संसद में बहुमत हासिल करता है तो वे करीब दो वर्ष के भीतर डॉलर की दर को आधिकारिक बाजार मूल्यों पर वापस लाने में सक्षम होंगे। सईद ने कहा कि लक्ष्य यह है कि भारत से आयातित माल का भुगतान मालदीव के रूफिया में किया जा सके।

## 15.4 करोड़ तक जा सकता है घरेलू हवाई यात्री यातायात

नई दिल्ली, एजेंसी



घरेलू हवाई यात्री यातायात वित्त वर्ष 2023-24 में 13 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ लगभग 15.4 करोड़ तक पहुंच सकता है। विमानन उद्योग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि इस दौरान घरेलू एयरलाइंस का शुद्ध घाटा कम होकर 3,000 से 4,000 करोड़ रुपये के बीच रहने की संभावना है।

साख तय करने वाली एजेंसी इक्रा ने शुक्रवार को यह भी कहा कि एयरलाइंस की लागत में वृद्धि के मुकाबले राजस्व वृद्धि की क्षमता महत्वपूर्ण है, क्योंकि उससे ही उन्हें मार्जिन बढ़ाने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट के मुताबिक आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियां और इंजन खराब होने से जुड़े मुद्दे निकट भविष्य में प्रतिकूल स्थिति पैदा कर सकते हैं। इक्रा ने कहा कि 2023-24 में घरेलू हवाई यात्री यातायात लगभग 15.4 करोड़ रहने का अनुमान है, जो सालाना आधार पर लगभग 13 प्रतिशत अधिक है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### गठबंधन उम्मीदवारों के समर्थन में 16 को त्रिपुरा में रोड शो करेंगी प्रियंका

**अगरतला।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा 16 अप्रैल को यहां एक रोड शो में हिस्सा लेंगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने शुक्रवार बताया कि त्रिपुरा में दो संसदीय क्षेत्रों त्रिपुरा पश्चिम और त्रिपुरा पूर्व से विपक्षी 'इंडी' गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में रोड शो का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने कहा कि प्रियंका गांधी वाद्रा 16 अप्रैल को अगरतला आने वाली हैं। वह दोनों संसदीय क्षेत्रों में और विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को वोट देने की लोगों से अपील करने के लिए रोड शो में हिस्सा लेंगी। बर्मन ने कहा कि कोई रैली नहीं होगी, लेकिन रोड शो के दौरान वह सूर्य चौमुहानी के पास भाषण देंगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आशीष कुमार साहा पश्चिम त्रिपुरा लोकसभा सीट से 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार हैं, जबकि माकपा के पूर्व विधायक राजेंद्र रियांग पूर्व त्रिपुरा लोकसभा सीट से विपक्षी गठबंधन के प्रत्याशी हैं।

### 21 अप्रैल को रांची में इंडी गठबंधन की न्याय उलगुलान महारैली

**रांची।** झारखंड के रांची में 21 अप्रैल को इंडी गठबंधन द्वारा आयोजित न्याय उलगुलान महारैली राज्य में एक मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने पूरे देश में अराजकता का माहौल पैदा करके रख दिया है। देश की जनता एक अघोषित इमरजेंसी के हालात से गुजर रही है। मोदी- शाह की जोड़ी ने पूरे विपक्ष के नेताओं पर केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग करते हुए जिस प्रकार मुकदमों में फंसा कर जेल भेजने का कार्य किया है,उसे झारखंडी जनमानस नहीं भूल पा रहा है और केंद्र सरकार के इसी अन्याय के विरोध में उलगुलान का नया अध्याय न्याय उलगुलान महारैली के द्वारा लिखा जाएगा।

### कुपवाड़ा के जंगलों से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने तलाश अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बताया कि कुपवाड़ा के गैंगबग वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी के आधार पर बीएसएफ, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया। बीएसएफ ने एक्स पर पोस्ट किया, तलाश अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई हैं। बीएसएफ की विशिष्ट सूचना के आधार पर कुपवाड़ा के गैंगबग बन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद बीएसएफ, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई।

### निर्वाचन आयोग ने लोकसभा की 94 सीटों के लिए जारी की अधिसूचना

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 94 सीटों पर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी। आम चुनाव 2024 के लिए 16 मार्च को जारी कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण में मतदान सात मई को कराए जाएंगे। अधिसूचना के अनुसार तीसरे चरण में 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 94 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों और मध्य प्रदेश में बैतूल संसदीय क्षेत्र के स्थगित चुनाव के लिए 7 मई को मतदान होगा।

### नेशनल कॉन्फ्रेंस के बारामूला से उम्मीदवार अब्दुल्ला का भाजपा पर प्रहार

## कश्मीर में लोस चुनाव लड़ ले भाजपा, जमानत जब्त न हो जाए तो राजनीति छोड़ दूंगा : उमर

श्रीनगर, एजेंसी

नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को भाजपा को कश्मीर घाटी में लोकसभा चुनाव लड़ने की चुनौती देते हुए कहा कि अगर केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारों की जमानत जब्त नहीं हो गई तो वह राजनीति छोड़ देंगे।

अब्दुल्ला ने कहा कि अगर भाजपा को यहां विकास और सामान्य स्थिति होने के उसके दावों पर भरोसा है तो पार्टी को कश्मीर घाटी की तीन लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने चाहिए। पार्टी ने घोषणा की कि बारामूला से अब्दुल्ला पार्टी के उम्मीदवार होंगे, वहीं श्रीनगर से शिया नेता आगा सैयद रुहुल्ला मेहदी किस्मत आजमाएंगे। जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस पर कोई अच्छा काम नहीं करने के भाजपा के आरोप के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मुझे प्रतिक्रिया देने की जरूरत है। लोग यह काम करेंगे।

अगर प्रधानमंत्री जो कहते हैं, उसमें इतना असर है तो वे भाजपा के उम्मीदवार खड़े करें और पार्टी के नाम पर वोट मांगें। भाजपा ने अनुच्छेद 370 पर जो किया, आप विकास या सामान्य स्थिति के बारे में जो दावा करते हैं फिर भाजपा उम्मीदवारों को मैदान में उतारें और देखें कि उन्हें कितने वोट मिलते हैं। जब आप कहते हैं कि आपने इतना काम किया है और हमने जम्मू कश्मीर में कुछ नहीं किया, तो चुनाव में हमारी जमानत जब्त हो जानी चाहिए।



इस दौरान अब्दुल्ला के साथ उनके पिता और पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। भाजपा महासचिव और जम्मू कश्मीर प्रभारी तरुण चुघ और अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी की यहां मुलाकात की खबरों का जिक्र करते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हमें हराने के लिए तरूण चुघ को इन सबको एक मंच पर लाने की क्या जरूरत थी। अगर हमने कुछ नहीं किया तो लोग हमें स्वीकार नहीं करेंगे। अगर लोग हमें स्वीकार नहीं करेंगे तो आप अपने भाषणों में लगातार हमारे नाम क्यों ले रहे हैं? इस स्थिति में आप हमारे खिलाफ आपकी एजेंसियों का इस्तेमाल क्यों कर रहे हैं?

### अभी का अघोषित आपातकाल 1975 से अधिक खतरनाक

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल है और यह 1975 के आपातकाल से भी अधिक खतरे में है। आपातकाल के मुद्दे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की हालिया टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि सामान्य शिकायत है कि इस समय हम जिस दौर से गुजर रहे हैं वो आपातकाल से भी खराब है। अंतर केवल इतना है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल घोषित किया था। आज हालात आपातकाल की तरह हैं, लेकिन इसे आपातकाल कहा नहीं जाता। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र 1975 में आपातकाल के समय से अधिक खतरे में है। आप बताइए कि सच बताने के लिए आपको कितनी आजादी मिली हुई है? आज लोकतंत्र उस समय की तुलना में अधिक खतरे में है। इंदिरा (गांधी) में तब चुनाव कराने का साहस था। उन्होंने चुनाव से पहले किसी को गिरफ्तार नहीं किया था। अब्दुल्ला ने कहा, देखिए आज क्या हो रहा है। जब भी भाजपा को डर लगता है, कुछ एजेंसियों के माध्यम से उम्मीदवारों को गिरफ्तार कर लिया जाता है। अगर यह आपातकाल नहीं है तो विपक्षी नेताओं को रिहा कीजिए और देखिए कि लोग उनका समर्थन करते हैं या नहीं।

## महिला विरोधी है कांग्रेस की दुष्ट मानसिकता : कंगना रनौत

कुल्लू/मनाली, एजेंसी

हिमाचल में मनाली मॉल रोड़ पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ओर से मंडी से पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का स्वागत किया। मनाली मॉल रोड से मनुरंगशाला तक आते हुए माता दुर्गा के मंदिर में माथा टेका।

मनु रंगशाला के मंच से कांग्रेस को ललकारते हुए कंगना ने कहा कि जहां एक ओर नवरात्रों में छोटी छोटी कन्याओं का पूजन किया जा रहा है नारी शक्ति को पूजा जा रहा है वहीं कांग्रेस की दुष्ट सोच मेरे ऊपर कीचड़ उछालने में लगी है। कंगना ने कहा कि एक 'पप्पू' दिल्ली में बैठा है जबकि दूसरा 'पप्पू' हिमाचल में है जो कहता है कि कंगना गऊ मांस का सेवन करती है उसका प्रमाण दिखाए वो। कंगना ने बिना नाम लिए ही कहा कि कांग्रेस का छोटा पप्पू एक नंबर का पलटू है। हिमाचल किसी की जागीर नहीं है जो मुझे यहां से बाहर फेंक दोगे। मैंने बिना अपने मां बाप के नाम का सहारा लिए अपनी जमीन खुद बनाई है।

उन्होंने कहा कि मैं एक गरीब घर की बेटी हूं मैं चुनाव बार बार लडूंगी और बार बार जीतूंगी। कांग्रेस की रुढ़ीवादी सोच से हम बहुत आगे निकल आए हैं अब हमें आगे का सोचना है। आने वाले समय में हमारी बेटियां एक नए समाज का निर्माण करेंगी। उन्होंने फिल्मी जगत का उदाहरण देते हुए कहा कि जो लोग कहते हैं कि मुझे राजनीति का तजुर्बा नहीं है वो मुझे बताएं कि उनके पास राजनीति की कौन सी डिग्री है। जिस तरह एक्टिंग एक कला है उसी तरह राजनीति एक समाजसेवा का जज्बा है।



### मेरी फिल्म का एक डायलॉग बोल दे ठाकुर भारत ही छोड़ दूंगी

**मनाली।** मंडी लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) सुंदर ठाकुर को खुली 'चुनौती' दे डाली है जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। कंगना ने भरी सभा में मंच से कहा कि वह ठाकुर मेरी फिल्म का एक डायलॉग बोल दे तो 'मैं राजनीति क्या भारत छोड़ दूंगी।' असल में हुआ यूं कि श्री सुंदर ठाकुर ने एक बयान में कहा कि कंगना मुंबई से यहां आती है धीन चक ढीन चक कर के चली जाती है वह राजनीति क्या जानें। इस पर कंगना ने सीधा हमला कर खुला 'चैलेंज' दे डाला है। कंगना रनौत ने कांग्रेस पर जमकर तंज कसे और कहा कि मुझे भाजपा का टिकट मिलने के बाद कांग्रेस बार-बार मेरा अपमान कर रही है और मुझे अपमानित करने की कोशिश की जा रही है।

## तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, हेरोइन और हथियार के साथ एक गिरफ्तार

जालंधर, एजेंसी

पंजाब के जालंधर में पुलिस ने मादक पदार्थों के अंतर्राष्ट्रीय तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए कुख्यात तस्कर जयपाल भुल्लर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन किलोग्राम हेरोइन और दो पिस्तौल बरामद किए हैं।

पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि शहर में कुछ गिरोहों की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नाकाबंदी की, जिसके बाद उन्होंने एक कार को वेरका मिल्क प्लांट सर्विस रोड की तरफ से आते देखा। पुलिस के कार रोकने के प्रयास के बावजूद, चालक ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने कार को रोक लिया, चालक की पहचान सारज उर्फ बाऊ पुत्र बूटा सिंह निवासी गांव खिलचियां कदीम, थाना सदर फिरोजपुर के रूप में हुई। वाहन की तलाशी में 200 ग्राम हेरोइन मिली। आरोपी सारज से पूछताछ दौरान हुए खुलासे



- **जयपाल भुल्लर गिरोह के सदस्य से बरामद की तीन किलोग्राम हेरोइन**
- **जबरन वसूली और हत्या का प्रयास जैसे अपराधों में लिप्त है अभियुक्त**

के बाद की जांच में दो .32 बोर पिस्तौल और चार कारतूस के साथ 2.8 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी हुई। साथ ही यह भी पता चला कि सारज पर जबरन वसूली, हत्या का प्रयास, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी सहित कई मामले लंबित थे।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि सारज ने गिरोह के एक अन्य प्रमुख सदस्य चंदू फिरोजपुरिया के साथ संबंध स्थापित किए थे और इस तरह उत्तर भारत में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और नार्को-आतंकवाद में शामिल हो गया।

## फर्जी खबरों पर रोक लगाएं पर्यवेक्षक : निर्वाचन आयोग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए तैनात अपने पर्यवेक्षकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि फर्जी खबरों और झूठी सूचना पर समय रहते रोक लगाई जाए तथा 'सकारात्मक विमर्श' को आगे बढ़ाने के लिए मतदाताओं को तत्परता से तथ्यों से अवगत कराया जाए।

आयोग ने एक बैठक में अपने 127 सामान्य, 67 पुलिस और 167 व्यय पर्यवेक्षकों को निर्वाचन क्षेत्रों में नकदी, शराब, चुनावी तोहफे और मादक पदार्थ एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने एवं उनके वितरण को रोकने के लिए चौबीसों घंटे प्रयास सुनिश्चित करने को कहा। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत, 21 राज्यों में 102 संसदीय सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होना है।

## आरटीआई के तहत तीसरे पक्ष को नहीं दी जा सकती यात्रा संबंधी जानकारी : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि यात्रा से संबंधित जानकारी व्यक्तिगत प्रकृति की होती है और सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत ऐसे विवरण किसी तीसरे पक्ष को तब तक नहीं दिये जा सकते, जब तक कि यह व्यापक जनहित में न हो। अदालत ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है, जिसमें 2006 के मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में मौत की सजा पाए दोषी एहतेशाम कुतुबुद्दीन सिद्दीकी की याचिका खारिज कर दी गयी थी।

सिद्दीकी ने एक जनवरी, 2006 से 30 जून, 2006 के बीच मुंबई हवाई अड्डे से हांगकांग या चीन तक मोहम्मद आलम गुलाम साबिर



कुरैशी की 'विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय' (एफआरआरओ) या आव्रजन कार्यालय में दर्ज यात्रा प्रविष्टियों (प्रस्थान और आगमन) के संबंध में आरटीआई अधिनियम के तहत जानकारी मांगी थी। उन्होंने सीआईसी के जनवरी 2022 के उस आदेश को चुनौती दी थी।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की यात्रा की जानकारी व्यक्तिगत जानकारी है और इस तरह के विवरण किसी तीसरे पक्ष को तब तक नहीं बताए जा सकते जब तक कि यह व्यापक सार्वजनिक हित में न हो। इस अदालत की राय है कि सीआईसी का यह दृष्टिकोण इतना विकृत नहीं है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत हस्तक्षेप की जरूरत पड़े।

याचिकाकर्ता ने आव्रजन ब्यूरो के केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी के समक्ष एक आरटीआई आवेदन दायर किया था, जिसने इस आधार पर याचिका खारिज कर दी थी कि विभाग को आरटीआई अधिनियम की धारा 24(1) और दूसरी अनुसूची के तहत कोई भी जानकारी प्रदान करने से छूट दी गई थी। याचिकाकर्ता ने सीआईसी के समक्ष अपील दायर की लेकिन उसने भी इसे इस आधार पर खारिज कर दिया कि सिद्दीकी तीसरे पक्ष की जानकारी मांग रहा था, जो अधिनियम की धारा 8(1)(जे) के तहत छूट की श्रेणी में है।

## भारतीयों को ईरान और इजराइल न जाने की दी हिदायत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने ईरान और इजराइल की यात्रा को लेकर एडवाइजरी जारी की है। मंत्रालय ने भारतीयों को सलाह दी है कि अगली सूचना तक ईरान और इजराइल की यात्रा न करें। साथ ही उन सभी भारतीयों से भी अनुरोध किया है, जो वर्तमान में ईरान और इजराइल में रह रहे हैं। एडवाइजरी में कहा गया है कि, इन देशों में रह रहे भारतीय तुरंत दूतावास से संपर्क करें और अपना पंजीकरण कराएं।

मंत्रालय ने अनुरोध किया है कि वे अपनी सुरक्षा को लेकर सावधानी बरतें और अपनी गतिविधियों को कम लोगों के साथ ही साझा करें। बता दें, यह फैसला इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध के कारण आया है। आशंका है कि इजराइल हमास के बीच जारी युद्ध में ईरान भी हस्तक्षेप कर सकता है।

## केंद्रीय सूचना आयोग ने ईवीएम पर आयोग से मांगा स्पष्टीकरण

- मुख्य सूचना आयुक्त ने आदेश की अनदेखी पर लगाई फटकार, 30 दिन के भीतर दें संतोषजनक जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने चुनाव आयोग के आरटीआई की एक याचिका का जवाब नहीं देने पर कड़ी आपत्ति जताई है। आरटीआई के तहत चुनाव आयोग से पूछा गया था कि चुनाव के दौरान ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की विश्वसनीयता पर प्रख्यात लोगों की ओर से उठाए गए सवालों के प्रतिनिधित्व के लिए उठाए कदमों पर जवाब मांगा था।

इसे कानून का पूर्ण उल्लंघन बताते हुए सीआईसी ने चुनाव आयोग से 30 दिनों के अंदर लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। मुख्य सूचना आयुक्त हीरालाल सामरिया ने चुनाव आयोग के केंद्रीय जनसूचना अधिकारी के इस संबंध में संतोषजनक जवाब देने में विफल रहने पर फटकार लगाते हुए कहा कि इस मामले में आदेश की अनदेखी करने वाले सभी अफसरों को सीआईसी के फैसले की प्रति सौंपी जाए और वह बिंदुवार अपना स्पष्टीकरण एक महीने में दें।

पूर्व आईएएस अफसर एमजी देवश्याम समेत एक प्रतिनिधिमंडल ने इलेकॉट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), वोटर वैरिफाइएबिल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) और मतगणना की विश्वसनीयता पर उठाए सवालों के प्रतिनिधित्व चुनाव आयोग को 2 मई, 2022 को भेजा था। अब उन्होंने आरटीआई के जरिए पूछा है कि चुनाव आयोग ने इस प्रतिनिधित्व को लेकर क्या कदम उठाए हैं। देवश्याम ने आरटीआई याचिका 22 नवंबर, 2022 को डाली थी।


## अगले हफ्ते भारत आएंगे अमेरिका के एनएसए सुलिवन

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन अगले हफ्ते भारत आएंगे। इस दौरान वह भारत-अमेरिका के रिश्तों को अगले स्तर पर ले जाने के लिए अपने समकक्ष अजीत डोभाल और अन्य से मुलाकात करेंगे। वहीं, हिंद प्रशांत और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के सहयोग पर भी चर्चा होगी।

इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच हुए क्रिटिकल एंड इमर्जिंग तकनीक संबंधी समझौते पर हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बता दें, विदेश सचिव विनय क्वात्रा अमेरिकी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सिलसिलेवार बैठकों और रक्षा एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों के साथ बातचीत के लिए अमेरिका गए हुए हैं।


## टीडीएस से बचने का कौन सा तरीका सही... जानें नियम

*स्रोत पर टैक्स कटने (टीडीएस) से बचने के तीन विकल्प हैं। फॉर्म 15जी या 15 एच जमा करके आप टीडीएस कटने से रोक सकते हैं। धारा 197 के तहत कम टीडीएस का विकल्प भी चुन सकते हैं। जानें कि आपके लिए क्या सही है...*




- फॉर्म 15एच सीनियर सिटीजन और सुपर सीनियर सिटीजन ये फॉर्म जमा कर सकते हैं। वरिष्ठ नागरिकों के लिए छूट की मूल सीमा 5 लाख रुपये है। 60 वर्ष या इससे ज्यादा उम्र का रेसिडेंट सीनियर सिटीजन टीडीएस नहीं काटने के लिए डिक्लेरेशन दे सकता है, बशर्ते धारा 87ए के तहत छूट पर विचार करने के बाद अनुमानित आय पर टैक्स जीरो हो। धारा 87ए के तहत अधिकतम छूट एक वित्त वर्ष में 12,500 रुपये तक 100% होगी। सीनियर सिटीजन को बैंक डिपॉजिट पर ब्याज से आय 50,000 रुपये से ज्यादा हो तो 10% टीडीएस कटेगा।

### 40 हजार से ज्यादा आय पर कटता है टीडीएस



फॉर्म 15जी यह फॉर्म 60 वर्ष से कम उम्र के करदाताओं के लिए है। हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) भी ये फॉर्म इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें घोषणा करनी होती है कि कुल आय कर योग्य सीमा से कम है। कुल आय (ब्याज सहित) सलाना 2.5 लाख रुपये की मूल छूट सीमा से कम होनी चाहिए। सीनियर सिटीजन को छोड़कर यदि व्यक्ति की बैंक डिपॉजिट पर ब्याज से आय 40 हजार रुपये से ज्यादा है तो इस पर 10 फीसदी टीडीएस काटा जाता है।

### क्या कहते हैं कानून के नियम

धारा 197 फॉर्म 15जी या 15 एच जमा करने के बजाय आप आयकर कानून की धारा 197 के तहत आवेदन करके स्रोत पर कम टैक्स कटौती का विकल्प भी चुन सकते हैं। बशर्ते आपकी टैक्सेबल इनकम पर वास्तविक देनदारी भुगतानकर्ता द्वारा काटे जाने वाली टीडीएस राशि से कम हो। इसके लिए आपको लोअर डिडक्शन सर्टिफिकेट (एलडीसी) पाने के लिए मूल्यांकन अधिकारी (एओ) के पास एक आवेदन करना होगा। इसमें कम कटौती का अनुरोध के कारणों का जिक्र जरूरी है।

**ये भी जानें:-** सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश यह सुनिश्चित करने का एक अच्छा तरीका है कि आपके वेतन से टीडीएस कटौती कम हो। इस संबंध में आप अधिकतम कर छूट का दावा 1.5 लाख रुपये प्रति वर्ष कर सकते हैं। यह आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80सी के अंतर्गत आता है। धारा 80 ईई की बदौलत यदि आप अपने जीवन में पहली बार लोन पर घर खरीदते हैं तो आप वेतन पर टीडीएस बचा सकते हैं। इस मामले में आपको अधिकतम कर छूट एक वर्ष में दो लाख रुपये तक ले सकते हैं।

## एक नजर

### चीन और अमेरिका के बीच और उड़ानों को मंजूरी न दें: एयरलाइंस

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच लंबे समय से रिश्ते ठीक नहीं है। इस बीच अमेरिकी एयरलाइंस ने बाइडन प्रशासन को एक राय दी है। एयरलाइंस ने कहा कि प्रशासन से कहा है कि चीन और अमेरिका के बीच और उड़ानों को मंजूरी नहीं दी जानी चाहिए। एयरलाइंस ने कारण बताते हुए कहा कि चीन की मौजूदा नीतियां खतरनाक और प्रतिस्पर्धा विरोधी हैं। उनकी नीतियां अमेरिकी एयरलाइंस और अमेरिकी कर्मचारियों को नुकसान पहुंचाती हैं। दरअसल, अमेरिकी एयरलाइंस ने गुरुवार को अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और परिवहन सचिव पीट बटिगिएग को पत्र लिखा है।



**अनूठी पहल**

चेन्नई से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि स्कूबा डाइवर वोट देने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वीडियो में स्कूबा डाइवर चेन्नई में स्थित समुद्र में जाते हैं, यहां मॉक ईवीएम मशीन ले जाते है और वोट करते हैं। इसको लेकर चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वोट देने के लिए तैयार हैं? एक अनूठी मतदाता जागरूकता पहल में चेन्नई में स्कूबा डाइवर नीलांकरई में साठ फीट समुद्र के नीचे मतदान प्रक्रिया को अंजाम दे रहे हैं

### गाजा में इजराइली हवाई हमले में 29 लोगों की मौत, 12 घायल

**गाजा।** इजराइली सैनिकों ने शुक्रवार को गाजा में एक आवासीय इमारत पर भीषण हवाई हमले किए हैं, जिसमें 29 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हवाई हमले में 29 से अधिक लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं जिनमें कई गंभीर हैं। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने कहा कि वायुसेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान गाजा पट्टी में 60 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए हैं। कई आवासीय इमारतों को निशाना बनाया गया है।

### खुद बदलें अपनी किस्मत: अल्वी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने पाकिस्तान के आवाम को अपना भाग्य बदलने की सलाह दी है। यह भाग्य बदलने का काम रीसेट, अल्ट-डेल और रिस्टार्ट करने से होगा। मतलब यह है कि जो हो चुका उसको भूलकर भविष्य में आगे बढ़ने की बात कही गई है। पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने जोर देकर कहा कि राजनीतिक मतभेदों के कारण इस देश की यह हालत हुई है।

# अमेरिकी संसद में मंदिरों पर हमले व हिंदूफोबिया के विरोध में प्रस्ताव पेश

## कांग्रेसी श्रीथानेदार ने रखा प्रस्ताव, अर्थव्यवस्था में हिंदुओं के योगदान की हुई सराहना

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में हिंदुओं और हिंदू धर्म के योगदान की सराहना करते हुए प्रमुख भारतीय-अमेरिकी सांसद ने प्रतिनिधि सभा में हिंदू-विरोधी कट्टरता, नफरत और मंदिरों पर हमले के विरोध में प्रस्ताव पेश किया।

यह प्रस्ताव कांग्रेसी श्रीथानेदार द्वारा बुधवार को पेश किया गया, जिसे निगरानी और जवाबदेही को लेकर बनी सदन समिति को भेजा गया। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका में सकारात्मक योगदान के बावजूद हिंदू अमेरिकियों को अपनी विरासत और प्रतीकों के बारे में दुष्प्रचार का सामना करना पड़ता है। उन्हें स्कूलों और कॉलेज परिसरों में भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

प्रस्ताव में कहा गया है कि एफबीआइ की घृणा अपराध सांख्यिकी रिपोर्ट के अनुसार, मंदिरों और हिंदुओं को निशाना बनाने वाले घृणा अपराध सालाना बढ़ रहे हैं। प्रस्ताव में दावा किया गया है कि देश को हर तरह से चाहे अर्थव्यवस्था हो या अन्य क्षेत्र हिंदू अमेरिकियों के योगदान से बहुत लाभ हुआ है। लगभग एक पखवाड़े पहले भारतीय-अमेरिकी राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, थानेदार, अमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने न्याय विभाग को पत्र लिखकर घरों में तोड़फोड़ की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि के संबंध में जांच की स्थिति पर जानकारी देने का अनुरोध किया था।

बता दें, बीते दिनों 29 मार्च को भारतीय अमेरिकी मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, थानेदार, एमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने भी न्याय विभाग को पत्र लिखकर हिंदू मंदिरों पर हुए हमलों की घटनाओं की जांच की जानकारी मांगी है। पत्र में कहा गया कि न्यूयॉर्क से कैलिफोर्निया तक मंदिरों पर हमले हुए हैं। जिससे अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय में डर और घबराहट का माहौल है। मंदिरों पर हमले के मामलों में जांच की प्रगति पर भी सांसदों ने नाराजगी जाहिर की और पूछा कि जांच एजेंसियों ऐसे मामलों से निपटने के लिए क्या कर रही हैं।

### प्रस्ताव में क्या कहा गया



प्रस्ताव में कहा गया है कि संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) की घृणा अपराध सांख्यिकीय रिपोर्ट के अनुसार, मंदिरों और व्यक्तियों को निशाना बनाने वाले हिंदू विरोधी घृणा अपराध हर साल बढ़ रहे हैं जबकि इसके साथ ही अमेरिकी समाज में 'हिंदूफोबिया' (हिंदू विरोधी या हिंदुओं के प्रति घृणा की भावना) दुर्भाग्यपूर्ण रूप से बढ़ रहा है। इसके अनुसार, अमेरिका ने 1900 के बाद से दुनिया के सभी हिस्सों से 40 लाख से अधिक हिंदुओं का स्वागत किया है जिसमें विभिन्न नस्ल, भाषा और जातीय पृष्ठभूमि के हिंदू शामिल हैं। प्रस्ताव के अनुसार, अमेरिका की अर्थव्यवस्था के प्रत्येक आयाम और प्रत्येक उद्योग में हिंदू-अमेरिकियों के योगदान से देश को काफी फायदा हुआ है। फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज' के नीति एवं रणनीति प्रमुख खांडेराव कांड ने कहा कि इस साल की पहली तिमाही में श्रद्धालुओं को डराने के लिए अमेरिका में मंदिरों में चोरी के साथ ही तोड़फोड़ की घटनाओं में अचानक वृद्धि हुई है।

## एचआईवी ग्रसित पूर्व सैनिक को मिलेगा 1.54 करोड़ हर्जाना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वायुसेना के एक सेवानिवृत्त अफसर को वायुसेना की ओर से 1.54 करोड़ रुपये का हर्जाना देने का निर्देश देने संबंधी समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया है। पूर्व सैनिक को वर्ष 2002 में जम्मू-कश्मीर के सांबा सेक्टर में तैनाती के दौरान सैन्य अस्पताल में संक्रमित खून चढ़ाए जाने के कारण एचआईवी का संक्रमण हो गया था।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और पीबी वराले की खंडपीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि पिछले साल 26 सितंबर को इस मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले में कोई भी त्रुटि नजर नहीं आती है जिस पर पुनर्विचार किया जा सके। खंडपीठ ने विगत तीन अप्रैल के अपने आदेश में कहा कि हमने समीक्षा याचिका का अवलोकन किया है। कमांडिंग अफसर की समीक्षा याचिका में विचार करने योग्य कोई नया आधार नहीं है। 'ऑपरेशन पराक्रम' के दौरान बीमार अधिकारी को सांबा के सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें एक यूनिट खून चढ़ाया गया। 2014 में पता चला कि वह एड्स से पीड़ित हैं। संक्रमित खून चढ़ाने से वो एचआईवी संक्रमित हुए।

## हिंद प्रशांत क्षेत्र में मिलकर काम करेंगी भारत-अमेरिकी सेनाएं

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- भारतीय सेनाओं की क्षमता बढ़ाने पर अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने दिया जोर



अमेरिका ने भारतीय सेना की क्षमताओं को बढ़ाने पर बात की। रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सांसदों से कहा कि भारतीय सेना की क्षमताओं को बढ़ाकर दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति का अधिक स्थिर संतुलन बनाए रखने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। वहीं अमेरिका और भारत की सेनाएं अभियान गतिविधियों को तेज कर रहीं हैं।

ऑस्टिन ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों को इस हफ्ते रक्षा मंत्रालय के वार्षिक बजट पर सांसदों की सुनवाई के दौरान बताया कि हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए अमेरिका और भारत की सेनाएं अभियान गतिविधियों को तेज कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की ताकत बढ़ाकर दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति का अधिक स्थिर संतुलन बनाए रखने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बजट के इस अनुरोध के साथ हम अपनी प्रमुख रक्षा साझेदारी के तहत अमेरिका-भारत संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं। रक्षा सचिव ने कहा, 'हमारी सेनाएं हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त अभ्यास, सूचना-साझाकरण और अन्य परिचालन गतिविधियों में तेजी ला रही हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि अमेरिका-भारत की बढ़ती साझेदारी हमारे सहयोगियों विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के बीच चतुष्कोणीय सुरक्षा वार्ता का समर्थन करे।

हिंद-प्रशांत पर सांसदों की एक अलग सुनवाई के दौरान अमेरिका हिंद-प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल जॉन सी एक्विलिनो ने सांसदों से कहा कि मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका-भारत के बीच वैश्विक रणनीतिक साझेदारी आवश्यक है।

## पाकिस्तान में डकैती का विरोध करने पर 19 लोगों की हत्या

**कराची।** रमजान के दौरान कराची में अपराध में वृद्धि देखी गई, जिसमें डकैतियों के विरोध के परिणामस्वरूप 19 मौतें हुई और 55 लोग घायल हुए। मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

एक पुलिस अधिकारी ने खुलासा किया कि डकैती की कोशिश के दौरान कराची में 19 नागरिकों की मौत हो गई। वारदात में शामिल लुटेरे हथियार से लैस थे। इस साल शहर में डकैती से संबंधित मौतों में उल्लेखनीय बढ़त देखी गई है, जो कुल मिलाकर 56 हो गई है, जबकि 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इसकी तुलना में पिछले साल इसी अवधि में डकैतियों के खिलाफ प्रतिरोध के कारण 25 मौतें हुईं थी और 110 घायल हुए थे।

**मकान जलमग्न**



**मॉस्को/अस्ताना :** यूरोप की तीसरी सबसे लंबी नदी यूराल के तट टूटने से रूस और कजाकिस्तान के 9 शहरों और कस्बों में बाढ़ आ गई है। इसके कारण अब तक एक लाख से अधिक लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित जगह जाना पड़ा है। मॉस्को से करीब 1,200 किमी पूर्व में स्थित 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहर ओरेनबर्ग में सैकड़ों घर बाढ़ में जलमग्न हैं। यहां से 7,700 लोगों को निकाला जा चुका है। रूस ने कहा कि 37 क्षेत्रों में 10,500 घर बाढ़ में डूब गए हैं, जिनमें से ज्यादातर ऑरेनबर्ग क्षेत्र में हैं। यूराल नदी, रूस के यूराल पर्वत से निकलकर कजाकिस्तान होते हुए कैस्पियन सागर तक बहती है। इस सप्ताह बर्फ के पिघलने से नदी में ऊफान आ गया। कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम जोमार्ट तोकायेव ने बाढ़ को बीते 80 वर्षों की सबसे बड़ी आपदा कहा है। ● एजेंसी

## मणिपुर में दो पक्षों में गोलीबारी, बदमाशों ने आरा मिल में लगाई आग, जलकर राख

**इंफाल, एजेंसी**

मणिपुर में एक बार फिर हिंसक घटनाएं देखने को मिली है। शुक्रवार को ग्रामीण स्वयंसेवक और अज्ञात समूह लोगों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस अज्ञात हमलावारों को खोज रही है।

मामला शुक्रवार सुबह मणिपुर के थौबल जिले के हिरोक गांव का है। हिरोक गांव के पास कुछ अज्ञात लोगों का समूह, जिनके पास बंदूक थीं, उन्होंने गोलीबारी करना शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में सशस्त्र ग्रामीण स्वयंसेवकों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। इस बीच गांव के एक स्वयंसेवक निंगथौजम जेम्स सिंह को गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। इस घटना से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

लोग अपनी-अपनी जान बचाने की कोशिश में लग गए। एक घंटे तक जारी रही इस गोलीबारी के लोग अवाक हैं। घटना के बाद से पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है, बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सब घरों में कैद हैं। पुलिस इलाके के आस-पास छानबीन कर रही है, वहीं स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है। सुबह हुई गोलीबारी की आवाज से स्थानीय लोग भी सदमे में हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह की है, लगभग एक घंटे तक गोलीबारी जारी रही। गोलीबारी की सूचना मिलते ही केंद्रीय और राज्य पुलिस दल को भेजा गया था। एक व्यक्ति घायल हुआ, उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### तलाशी अभियान जारी

कुछ बदमाशों ने शुक्रवार को थौबल जिले के पास स्थित ककचिंग जिले के पल्लेल की आरा मिल में आग लगा दी। पुलिस अधिकारियों बताया है कि, सूचना मिलते ही बचाव दस्ते को भेजा गया, लेकिन तब तक मिल जलकर खाक हो चुकी थी। पुलिस उन बदमाशों को ढूंढने में लगी हुई है।

## म्यांमार में बिगड़ती स्थिति पर हमारी नजर: जायसवाल

**नई दिल्ली।** रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि हम म्यांमार में, खासकर रखाइन में सुरक्षा स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। हमारे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

जायसवाल ने कहा कि हमने सीजीआई (भारत के महावाणिज्य दूतावास) सिटवे में अपने कर्मचारियों को अस्थायी रूप से यांगून में स्थानांतरित कर दिया है। मांडले में हमारा वाणिज्य दूतावास पूरी तरह कार्यात्मक है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले हमने अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक एडवाइजरी जारी की थी ताकि वो म्यांमार यात्रा के लिए उचित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन कर सकें।

## ओलंपिक जाने से रोकना चाहते हैं डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष: विनेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- भारत की दिग्गज महिला पहलवान बोलीं-डोपिंग की साजिश का डर

भारत की दिग्गज महिला पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह पर गंभीर आरोप लगाया है। विनेश का कहना है कि डब्ल्यूएफआई और उनके सहयोगी स्टाफ मान्यता पत्र जारी नहीं करके उन्हें हर हालत में ओलंपिक खेलने से रोकना चाहता है, जबकि महासंघ का दावा है कि समय सीमा खत्म होने के बाद विनेश ने आवेदन किया था।

विनेश ने अपने खिलाफ डोपिंग की साजिश रचे जाने की भी आशंका जताई। बता दें, विनेश अगले सप्ताह किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले एशियाई क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए 50 किलो में ओलंपिक कोटा हासिल करना चाहती हैं। पटियाला में चयन ट्रायल में उन्होंने 53 किलोवर्ग में भी भाग लिया था, लेकिन सेमीफाइनल में हार गई थीं।

### डब्ल्यूएफआई ने आरोपों से किया इनकार

डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी ने कहा कि विनेश के निजी कोच और फिजियो के साथ जाने में उन्हें कोई ऐतराज नहीं है, लेकिन प्रविष्टियां भेजने की समय सीमा निकल जाने के कारण अब उसे यूडब्ल्यूडब्ल्यू से खुद मान्यता पत्र लेना होगा। उन्होंने कहा- उनका ईमेल तदर्थ समिति और टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के सीईओ के ध्यानार्थ है। हालांकि, महासंघ को भी मार्क किया गया है।

**उपलब्धि** घायल जवान को चार घंटे में लद्दाख से पहुंचाया दिल्ली, सेना के रिसर्च रेफरल अस्पताल में की गई सर्जरी

## सैनिक के कटे हाथ को वापस जोड़ने में मिली सफलता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय सेना के एक जवान का हाथ मशीन चलाने के दौरान कट गया, जिसके बाद उन्हें रेस्क्यू कर रात में आईएएफ-सी 130 जे के जरिए लद्दाख से नई दिल्ली के अस्पलात में लाया गया। सेना के रिसर्च रेफरल (आर एंड आर) अस्पताल में उनकी सर्जरी की गई और उनके कटे हुए हाथ को वापस जोड़ दिया गया।

घटना बुधवार की है, उन्हें पहले लेह हवाई अड्डा पहुंचाया गया और फिर वहां से सुपर हर्क्यूल्स ने उन्हें एयरलिफ्ट कर दिल्ली के पालम हवाई अड्डे पर पहुंचाया। लेह से दिल्ली तक पहुंचाने में चार घंटे का समय लगा। भारतीय सेना और वायुसेना के बीच के समन्वय के कारण ही उनका ऑपरेशन सही समय पर हो गया। शुक्रवार को भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस घटना का जिक्र किया।

इसके साथ ही उन्होंने घटना से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी शेयर की। भारतीय वायुसेना ने पोस्ट में कहा, मशीन चलाने के दौरान भारतीय सेना के एक जवान का हाथ कट गया। उसे बचाने के लिए छह से आठ घंटे का समय दिया गया था। आईएएफ-सी 130 जे को एक घंटे के भीतर तैयार किया गया और जवान को सही समय पर दिल्ली के आर एंड आर अस्पताल में भेजा गया। भारतीय वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि रात के समय सेना के जवान को एयरलिफ्ट किया गया। इस दौरान एनवीजी (नाईट विजन गोगल्स) का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने बताया कि घायल जवान को बचाना हमारे लिए बहुत ही कम समय था, लेकिन फिर वायुसेना की टीम ने होषला बनाए रखा और पर दिल्ली पहुंचने में सफलता पाई



दिल्ली के आर एंड आर अस्पताल में घायल जवान के साथ मौजूद चिकित्सकों की टीम।

### चिकित्सकों ने की सर्जरी

वायुसेना ने कहा, रात में एनवीजी पर लद्दाख से अंधेरी रात में एयरलिफ्ट के कारण घायल जवान को सही समय पर उचित चिकित्सा मिली। मेडिकल टीम ने सफलतापूर्वक सर्जरी की। वायुसेना के अधिकारी एक्स पर पोस्ट पर कहा है कि, नाईट विजन गोगल्स का इस्तेमाल किया गया था, इसलिए कम समय में दिल्ली पहुंचे।

## अमेरिका में कानून तोड़ने की सलाह दे रहा एआई चैटबॉट

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- लोगों ने इसे बंद करने की उठाई मांग, प्रशासन ने हटाने से किया इनकार



अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर प्रशासन ने छोटे उद्योगों की मदद के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैटबॉट तैयार किया। इसने व्यापारियों को कानून तोड़ने की सलाह दे डाली। इसके बाद लोगों ने इसे बंद करने की मांग की, लेकिन काउंसिल ने चैटबॉट को ना हटाने का फैसला किया है।

हालांकि मेयर एरिक एडम्स ने माना कि कुछ क्षेत्रों में चैटबॉट ने गलत सलाह दी। ये शहर के 'वन स्टॉप शॉप' सेवा के लिए अक्टूबर 2023 में लगाए गए थे। चैटबॉट ने एक सवाल के जवाब में कहा कि नियोक्ताओं को ऐसे कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का कानूनन हक है, जो यौन शोषण के बारे में शिकायत करते हैं। अपने गर्भवती होने की जानकारी नहीं देते या बाल काटने से इनकार करते हैं। न्यूयॉर्क विवि में 'सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल एआई की निदेशक प्रोफेसर जूलिया स्तोयानोविच कहती हैं, सरकार बिना सोचे-समझे ऐसा सॉफ्टवेयर इस्तेमाल कर रही है, जिसके फायदे साबित नहीं हुए हैं। साफ है कि वे गंभीर नहीं हैं।